# नवबिहार टाइम्स

✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 138 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 13 अक्टूबर 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com


## तृतीय नवदुर्गा : माता चंद्रघंटा



**वन्दे वांछित लाभाय चन्द्रार्धकृत शेखरम्। सिंहारूढा चंद्रघंटा यशस्वनीम्।।**

मां दुर्गा की तृतीय शक्ति का नाम चंद्रघंटा है। नवरात्रि विग्रह के तीसरे दिन इनकी पूजन किया जाता है। मां का यह स्वरूप शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है, इसीलिए इन्हें चंद्रघंटा कहा जाता है। इनका शरीर स्वर्ण के समान उज्ज्वल है। इनके दसों हाथों में खड्ग, बाण आदि शस्त्र सुशोभित रहते हैं। नवरात्र की तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व है।

## पीएम मोदी के 25 साल पूरे होने पर बिहार कैबिनेट ने जताया आभार, सहयोग का किया जिक्र

# बिहार को बाढ़ से मिलेगी मुक्ति, कोसी-गंडक पर बनेगा हाई लेवल डैम : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार को हर साल होने वाली बाढ़ की विभीषिका से पक्की मुक्ति दिलाने के लिए व्यापक योजना पर काम शुरू कर दिया गया है। कोसी, गंडक और राज्य की अन्य नदियों पर हाई लेवल डैम के निर्माण के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जा रही है। केंद्र सरकार के सहयोग से इस महत्वाकांक्षी परियोजना को धरातल पर उतारा जाएगा। यह ऐलान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में की। श्री कुमार ने बताया कि शासन प्रमुख के रूप में 25 वर्षों की निरंतर जनसेवा पूरी करने पर बिहार मंत्रिपरिषद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति धन्यवाद और सम्मान व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शुरू हुई उनकी प्रशासनिक यात्रा को राष्ट्र प्रथम की भावना का प्रतीक बताया गया। राज्य सरकार ने यह संकल्प लिया है कि केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार के बेहतर समन्वय से वर्ष 2047 तक



विकसित बिहार का निर्माण किया जाएगा। इसके तहत बिहार को निवेश, रोजगार, नई तकनीक, नवाचार और बेहतर सुशासन का मुख्य केंद्र बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने पिछले 12 वर्षों में बिहार को केंद्र से मिले सहयोग के आंकड़े सामने रखे। उन्होंने बताया कि बिहार में जन-धन योजना के तहत सात करोड़ पांच लाख से अधिक लोगों के बैंक खाते खोले गए जिससे बैंकिंग प्रणाली मजबूत हुई। वर्ष 2014 से 2026 के बीच राज्य में करीब 55 लाख गरीब परिवारों को पक्के मकान दिए गए हैं। साथ ही वर्ष 2026-27 के लिए सवा 11 लाख अतिरिक्त मकानों का आवंटन किया गया है। स्वच्छ भारत मिशन में 1.5 करोड़ से अधिक शौचालय बने जबकि उज्ज्वला योजना से 1.30 करोड़ परिवारों को गैस कनेक्शन मिले। इसके अलावा आठ करोड़ 57 लाख लोगों को मुफ्त राशन का लाभ मिल रहा है। राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए कई बड़े कदम उठाए गए है। आयुष्मान भारत योजना के जरिए गरीबों का मुफ्त इलाज सुनिश्चित किया जा रहा है और नए मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं। डॉक्टरों की कमी को दूर करने के लिए बिहार में एमबीबीएस सीटों की संख्या 1,310 से बढ़ाकर 4,710 कर दी गई है। इससे राज्य के युवाओं को मेडिकल शिक्षा के नए अवसर मिल रहे हैं और भविष्य में स्वास्थ्य व्यवस्था और ज्यादा मजबूत होगी।

# पहाड़ों के जल स्रोतों से खेतों तक पानी पहुंचाने की बनाएं योजना : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रामगढ़।** दिवंगत शिबू सोरेन की पत्नी और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मां रूपी सोरेन को श्रद्धांजलि देने के लिए वन विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारी सोमवार को रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड स्थित नेमरा गांव पहुंचे। वन विभाग के अधिकारियों ने दिवंगत रूपी सोरेन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान वन विभाग के अधिकारी पीसीसीएफ संजीव कुमार, पीसीसीएफ वाइल्डलाइफ रवि रंजन, पीसीसीएफ एड डॉ. एटी मिश्रा और डीएफओ नीतीश कुमार मौजूद थे। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वन विभाग के अधिकारियों को पहाड़ों और जंगलों से निकलने वाले जल स्रोतों पर कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नेमरा गांव के आसपास चारों ओर पहाड़ मौजूद हैं, जहां कई जल स्रोत भी हैं। बरसात के पानी और जल स्रोतों से निकलने वाले पानी को आसपास के खेतों तक पहुंचाने के लिए योजना बनाने का निर्देश दिया गया। पीसीसीएफ संजीव कुमार ने अपने पूर्व के अनुभवों को भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष साझा किया। उन्होंने पूर्व में कई जंगलों के जल स्रोतों को केंद्रित करके पानी संचय के लिए किये गये कार्यों की जानकारी मुख्यमंत्री को दी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पीसीसीएफ संजीव कुमार को आसपास के जंगलों और पहाड़ों का भी भ्रमण कराया। सभी स्थलों का निरीक्षण करने के बाद कार्ययोजना को शीघ्र धरातल पर उतारने का निर्देश दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### रॉबर्ट ई. हॉल और माइकल वुडफोर्ड को मिला अर्थशास्त्र का नोबेल सम्मान

**नयी दिल्ली(नबिटा ब्यूरो)।** वर्ष 2026 के अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार की आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। इस वर्ष का प्रतिष्ठित 'अल्फ्रेड नोबेल की स्मृति में अर्थशास्त्र में स्वेरिगेस रिस्कबैंक पुरस्कार' अमेरिकी मूल के प्रसिद्ध अर्थशास्त्रियों रॉबर्ट ई. हॉल और माइकल वुडफोर्ड को संयुक्त रूप से प्रदान किया गया है। दोनों वैज्ञानिकों को यह सर्वोच्च सम्मान ऐसे मैक्रोइकोनॉमिक (व्यापक अर्थशास्त्र) मॉडल विकसित करने के लिए दिया गया है, जिन्होंने वैश्विक नीति निर्माताओं को अर्थव्यवस्था को स्थिर करने में अभूतपूर्व मदद की है।

### उपेंद्र कुशवाहा ने एमएलसी प्रत्याशी को किया निलंबित

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से एमएलसी प्रत्याशी रामपुकार सिन्हा को निलंबित कर दिया है। पार्टी ने प्रत्याशी पर अनुशासनहीनता के गंभीर आरोप लगाए हैं। यह निलंबन तत्काल प्रभाव से अगले छह साल तक के लिए लागू किया गया है। पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सह मुख्यालय प्रभारी प्रशांत पंकज ने इससे संबंधित एक आधिकारिक पत्र जारी किया है।

### थाना से हथकड़ी समेत भागा लूट का आरोपित

**आरा(नबिटा ब्यूरो)।** भोजपुर जिले के गीधा थाना से हथकड़ी समेत लूट का आरोपित फरार हो गया। दरअसल गीधा थाना क्षेत्र में ऑटो चालकों से लूटपाट करने वाले बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार आरोपियों में बंधुआ गांव निवासी नीतीश कुमार भी शामिल था। पुलिस सभी आरोपियों को थाने लेकर आई थी। इसी दौरान सोमवार की सुबह में शौचालय जाने के क्रम में नीतीश हथकड़ी समेत फरार हो गया। एसडीपीओ रणजीत कुमार सिंह ने कहा कि मामले में कार्रवाई की जा रही है। जल्द ही फरार आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### 25 अक्टूबर को नहीं होगी बीपीएससी 72वीं पीटी परीक्षा

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 72वीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा एक बार फिर स्थगित कर दी गयी है। आयोग की ओर से जारी सूचना के अनुसार 25 अक्टूबर को आयोजित होने वाली परीक्षा को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। परीक्षा की नयी तिथि की घोषणा बाद में की जायेगी। बीपीएससी की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि 72वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा को अपरिहार्य कारणों से स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। परीक्षा आयोजन की नयी तिथि की जानकारी बाद में दी जायेगी।

# थाना परिसर के अंदर सर्विस रायफल से फायरिंग, होमगार्ड जवान की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** भोजपुर जिले के संदेश थाना परिसर के अंदर देर रात फायरिंग में गोली लगने से 25 वर्षीय होमगार्ड जवान मोनल कुमार राय की मौत हो गई। मृत होमगार्ड जवान सहार थाना क्षेत्र के गुलजारपुर गांव निवासी प्रेम शंकर राय के पुत्र थे। एसबी अवधेश दीक्षित ने बताया कि गोली जवान के सीने में लगी थी। घटना के तुरंत बाद गंभीर रूप से जख्मी जवान को संदेश रेफरल अस्पताल ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे आरा रेफर कर दिया। हालांकि अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में जवान की मृत्यु हो गई। भोजपुर एसपी ने बताया कि संदेश थाना परिसर में जो होमगार्ड का बैरक है, वहां पर मोनल कुमार राय नाम के होमगार्ड जवान को फायरिंग में उनके सीने में गोली लगी है। गोली चलने के बाद संबंधित साथी जवान के फरार होने की बात सामने आई है। थाना परिसर के भीतर हुई इस फायरिंग की घटना से पुलिस महकमे और स्थानीय इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस यह जांच कर रही है ये गोली हादसे के चलते चली है या फिर चलाई गई है। घटना की सूचना मिलते ही एसपी अवधेश दीक्षित समेत होमगार्ड कमांडेंट सुभाष सिंह और नगर थानाध्यक्ष देवराज राय पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए घटनास्थल को सुरक्षित कर दिया है और मामले से जुड़ी राइफल को जब्त कर लिया गया है। साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल की टीम को भी मौके पर बुलाया गया है।

# पटना में बनेगा बिहार का पहला टेक पार्क, पांच हजार युवाओं को मिलेगा रोजगार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में 24 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में राजधानी के गर्दनीबाग में राज्य का पहला टेक पार्क के निर्माण और विकास के लिए मंत्रिपरिषद ने एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड, नई दिल्ली के चयन को नामांकन के आधार पर मंजूरी दी है। साथ ही सूचना प्रावैधिकी विभाग और एनबीसीसी के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने की स्वीकृति भी प्रदान की गई है। टेक पार्क के निर्माण से बिहार में 100 से अधिक कंपनियों के निवेश की संभावना है और 5000 से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे। वहीं वैशाली में पर्यटकों को आधुनिक सुविधाओं के साथ बेहतर आवासन उपलब्ध कराने के लिए पांच सितारा रिसॉर्ट बनाया जाएगा। पर्यटन विभाग ने इसके निर्माण के लिए पहले जारी संकल्प में संशोधन की स्वीकृति दी है। यह परियोजना जन-निजी भागीदारी के माध्यम से पूरी की जाएगी। वहीं दरभंगा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास लॉजिस्टिक पार्क और

**बिहार कैबिनेट की बैठक में दो दर्जन महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मिली मंजूरी**

कार्गो हब बनाने के लिए करीब 226 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि स्वीकृत की गई है। इस परियोजना से मिथिला और उत्तर बिहार के कृषि उत्पादों को हवाई मार्ग से दूसरे राज्यों और बाजारों तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। इससे किसानों को लाभ मिलने के साथ क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियां बढ़ने की उम्मीद है। बैठक में पांच साल की रखरखाव अवधि पूरी कर चुकी ग्रामीण सड़कों की मरम्मत और देखरेख के लिए ग्रामीण सड़क अनुरक्षण एवं प्रबंधन कार्यक्रम लागू करने का निर्णय लिया गया। इसके तहत उन ग्रामीण सड़कों की नियमित मरम्मत, नवीनीकरण और रखरखाव किया जाएगा, जिनकी पांच साल की अनुरक्षण अवधि पूरी हो चुकी है या भविष्य में पूरी होगी। इस व्यवस्था का उद्देश्य ग्रामीण सड़कों को खराब होने से बचाना, उनकी उपयोगिता बनाए रखना और सरकारी राशि का बेहतर इस्तेमाल करना है। इससे गांवों में सड़क संपर्क को लंबे समय तक बेहतर बनाए रखने में मदद मिलेगी। सूचना प्रौद्योगिकी विभाग का जिला और क्षेत्रीय स्तर पर विस्तार किया जाएगा। इसके लिए बिहार सूचना प्रौद्योगिकी अवर सेवा नियमावली के तहत व्यवस्था विकसित की जाएगी। प्रमंडल, जिला और प्रखंड स्तर पर तकनीकी जरूरतों को पूरा करने के साथ सरकारी आईटी परियोजनाओं को लागू करने, उनकी निगरानी और विभागों के बीच समन्वय का काम किया जाएगा। इससे सरकारी सेवाओं के डिजिटलीकरण को गति मिलेगी और स्थानीय स्तर पर तकनीकी समस्याओं का समाधान आसान होगा। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के तहत गुजरात एवं राजस्थान के पूर्व राज्यपाल तथा बिहार सरकार के पूर्व मंत्री स्व. कैलाशपति मिश्र की जयंती प्रत्येक वर्ष 05 अक्टूबर को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद परिसर में तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री, पद्म भूषण स्व. रामविलास पासवान की जयंती प्रत्येक वर्ष 05 जुलाई को राजकीय समारोह के रूप में मनाये जाने की स्वीकृति दी गई।

# पीएमसीएच में मरीजों के उपचार व्यवस्था को करें सुदृढ़ : सीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज पटना चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल (पीएमसीएच) पुनर्विकास योजना (चरण-1) के तहत नवनिर्मित अस्पताल भवन टावर-तीन का उद्घाटन किया। इस उद्घाटन के साथ ही पीएमसीएच में अब एक साथ 2500 बेड पर मरीजों का आधुनिक चिकित्सकीय सुविधाओं के साथ इलाज होगा। मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित भवन का निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं की विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को टावर-3 के भूतल पर ओपीडी मरीजों के पंजीकरण के लिए कियोस्क और काउंटर व्यवस्था से अवगत कराया। उन्होंने अल्पाहार गृह और पुनर्विकास योजना के तहत पूर्ण तथा निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति की जानकारी भी ली। मुख्यमंत्री ने



अस्पताल के विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर मरीजों के उपचार व्यवस्था को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने टावर-3 के पांचवें तल पर पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर यूनिट वार्ड (पीकू) का उद्घाटन किया। उन्होंने स्त्री रोग एवं प्रसूति आईसीयू, नर्स स्टेशन, उपचार कक्ष और प्रसवोत्तर वार्ड का भी निरीक्षण किया। छठे तल पर स्थित मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर (ओटी)-22 और प्रथम तल पर रेडियोलॉजी विभाग की सुविधाओं का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बाल मरीजों के बीच पोषण किट का वितरण भी किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को पीएमसीएच में उपलब्ध सुविधाओं का बेहतर रख-रखाव सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर में मरीजों और उनके परिजनों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। सभी संबंधित अधिकारी नियमित रूप से अस्पताल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर समस्याओं का त्वरित समाधान करें। पुनर्विकास योजना के शेष निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने पर भी जोर दिया गया। स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने कहा कि नई व्यवस्था में महिलाओं के लिए तीन काउंटर निर्धारित किए गए हैं। वहीं बुजुर्गों और दिव्यांग मरीजों के लिए एक अलग काउंटर की व्यवस्था की गई है। पूरा रजिस्ट्रेशन क्षेत्र वातानुकूलित बनाया गया है और मरीजों के बैठने की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने पीएमसीएच अधीक्षक से व्यवस्था की जानकारी भी ली। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी एवं विजेंद्र प्रसाद यादव सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# पटसन लदा ट्रैक्टर पलटने से दो सगे भाइयों की मौत

**सत्येन्दु/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कटिहार।** पटसन की कटाई कर घर लौट रहे मजदूरों के लिए सोमवार का सफर काल बन गया। जिले के पोठिया थाना क्षेत्र के कुसियारी मोड़ इमलीगाछ के समीप पटसन लदा तेज रफ्तार ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर के नीचे दबकर दो सगे भाइयों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि ट्रैक्टर चालक समेत तीन अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार बरारी प्रखंड के हासिमपुर नया टोला वार्ड संख्या तीन निवासी ट्रैक्टर चालक समेत पांच मजदूर फलका प्रखंड क्षेत्र के खेतों से पटसन काटकर ट्रैक्टर पर लादने के बाद सभी पटसन लेकर बरारी लौट रहे थे। इसी दौरान पोठिया-डूमर सड़क पर कुसियारी गांव के समीप मोड़ पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर में अचानक ब्रेक लगाने से चालक का नियंत्रण बिगड़ गया और ट्रैक्टर सड़क पर पलट गया। ट्रैक्टर पर सवार सभी मजदूर इसकी चपेट में आ गए। घटना में अरशद अली के दो पुत्र मोहम्मद सद्दाम (35) और मोहम्मद मनीर (50) ट्रैक्टर के नीचे दब गये जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ट्रैक्टर चालक मोहम्मद तौफीक (32), मनिरुल इस्लाम (32) और मोहम्मद अनवर (22) गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर पोठिया थानाध्यक्ष नवीन कुमार, एसआई चांदनी कुमारी और बिहार पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और दुर्घटना के कारणों की पड़ताल शुरू कर दी। हादसे से जुड़ी अन्य जानकारियां जांच के बाद स्पष्ट होगी।

# सरकार ने बाढ़ प्रभावित परिवारों के खाते में भेजे सात-सात हजार रुपये

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ने राज्य के बाढ़ प्रभावित परिवारों को आर्थिक मदद देना शुरू कर दिया है। सोमवार को मुख्यमंत्री सचिवालय में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने डीबीटी के जरिए 1.60 लाख परिवारों को अनुग्रह अनुदान की राशि भेजी। कुल 112.14 करोड़ रुपये की यह रकम सीधे लोगों के बैंक खातों में पहुंचाई गई है। सरकार का मकसद बाढ़ की मार झेल रहे परिवारों के संकट को तुरंत कम करना है। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर सभी जिलों के डीएम को साफ निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि अगर कोई भी पात्र और प्रभावित परिवार इस योजना से छूट गया है तो उसकी सूची तुरंत तैयार करके भेजी जाए। सरकार का कहना है कि किसी भी पीड़ित परिवार को सहायता राशि से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा



और बचे हुए लोगों के खातों में भी जल्द पैसे भेजे जाएंगे। बाढ़ से फसलों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए भी सरकार ने कदम उठाया है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि 14 तारीख को बाढ़ प्रभावित किसानों के लिए कृषि इनपुट अनुदान की राशि जारी की जाएगी। इसके अलावा दीपावली से पहले बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुए रास्ते, पुल-पुलिया और अन्य बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करने का काम पूरा करने का आदेश दिया गया है ताकि जनजीवन सामान्य हो सके।

# बोधगया समेत पर्यटन स्थलों पर बनेंगे इंपोरियम और ग्रामीण मार्ट : श्रवण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** ग्रामीण विकास और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने बोधगया समेत राज्य के अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों पर इंपोरियम और ग्रामीण मार्ट स्थापित करने का निर्देश दिया है। इसका उद्देश्य जीविका दीदियों के हाथों तैयार गुणवत्तापूर्ण उत्पादों को देश-विदेश के पर्यटकों तक पहुंचाना और ग्रामीण हस्तशिल्प, पारंपरिक कलाकृतियों एवं स्थानीय उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराना है। उन्होंने बोधगया में निर्माणाधीन इंपोरियम का कार्य जल्द पूरा करने पर विशेष जोर दिया। पुराने सचिवालय स्थित अपने सभाकक्ष में सोमवार को आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में मंत्री ने विकसित भारत-जी राम जी, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, जल-जीवन हरियाली अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना और जीविका समेत विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा



की। उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने और पात्र लाभार्थियों तक उनका लाभ पहुंचाने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत आवास प्लस 2.0 की सर्वे सूची की विशेष जांच करने को कहा गया। मंत्री ने निर्देश दिया कि प्रखंड स्तर पर सूची की जांच कराई जाए तथा पात्रता रखने के बावजूद आवास योजना से वंचित लोगों के नाम शामिल किए जाएं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में बकरी पालन का दायरा बढ़ाने और प्रखंड स्तर पर सुधा बिक्री केंद्र स्थापित कर उनका संचालन जीविका दीदियों के माध्यम से कराने पर भी जोर दिया। बैठक में नाबार्ड के अधिकारियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में विपणन संपर्क व्यवस्था विकसित करने, बकरी पालन को प्रोत्साहित करने और ग्रामीण हाटों के निर्माण में सहयोग देने की बात कही। इस पर मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को नाबार्ड के साथ समन्वय बनाकर योजनाओं की रूपरेखा तैयार करने और उनका प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इन पहलों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। मंत्री ने दीदी किचन के निर्माण के लिए जल्द स्थल चयन करने, आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण में तेजी लाने और विभिन्न योजनाओं के तहत काम करने वाले मजदूरों को निर्धारित समय सीमा में मजदूरी का भुगतान करने का निर्देश दिया। बैठक में विकसित भारत-जी राम जी योजना के तहत ग्रामीण हाट-बाजार निर्माण, सक्रिय, कुशल और अर्धकुशल मजदूरों की ई-केवाईसी, पौधरोपण, जीविका दीदियों की सिलाई गतिविधियों तथा विभिन्न कल्याण विभागों से बच्चों की पोशाक के लिए मिले लक्ष्य के अनुरूप आपूर्ति की समीक्षा हुई। इसमें अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग, एकीकृत बाल विकास सेवा विभाग और पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग से संबंधित विषयों पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि मनरेगा के लंबित कार्यों के लिए मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की जा रही है। इस वर्ष 12 से 28 दिसंबर तक गांधी मैदान में विशाल सरस मेले का आयोजन होगा, जिसमें 800 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे। शहरी क्षेत्रों की जीविका दीदियों के उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए भी विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं, जल-जीवन हरियाली योजना के तहत निर्मित चेकडैम के पानी का समुचित उपयोग सुनिश्चित करने के लिए मास्टर बजट तैयार किया गया है। बैठक में ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव एचआर श्रीनिवास, नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक गौतम कुमार सिंह, विकसित भारत-जी राम जी योजना के आयुक्त अंजनी कुमार, जल-जीवन हरियाली मिशन के निदेशक सुमित कुमार, जीविका की अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी अनन्या सिंह और मंत्री के आप्त सचिव सुनील कुमार समेत कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

C M Y K

# वित्तीय समितियों की लंबित कंडिकाओं का करें निष्पादन : प्रेम कुमार

## विधानसभा अध्यक्ष ने की समितियों के कार्यों की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने तीनों वित्तीय समितियों की लंबित कंडिकाओं का निष्पादन मार्च 2027 तक सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए संबंधित विभागों, वित्त विभाग और महालेखाकार कार्यालय के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए तथा नियमित समीक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित हो। विधानसभा अध्यक्ष ने रविवार को अपने कार्यालय कक्ष में लोक लेखा समिति, प्राक्कलन समिति तथा सरकारी उपक्रमों से संबंधित समिति के कार्यों की समीक्षा के लिए संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान तीनों समितियों की लंबित कंडिकाओं और उनके निष्पादन की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली गई। बैठक में पदाधिकारियों ने बताया कि लोक लेखा समिति की 26 कंडिकाओं का निष्पादन किया जा चुका है। पूर्व में दिए गए निर्देश के अनुसार शेष लंबित कंडिकाओं के निष्पादन के लिए महालेखाकार कार्यालय की ओर से 21 विभागों के साथ बैठक की जा चुकी है। इस माह 10 अन्य विभागों के साथ भी बैठक की जा रही है, ताकि लंबित मामलों के निपटारे में तेजी लाई जा सके। सरकारी उपक्रमों से संबंधित समिति की कुल 766 लंबित कंडिकाओं में से 268 का निष्पादन किया जा चुका है। 18वीं बिहार विधानसभा के कार्यकाल में इस समिति की 88 कंडिकाओं का निष्पादन हुआ है। वहीं, प्राक्कलन समिति की ओर से वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के आय-व्यय की समीक्षा की जा रही है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि वित्तीय समितियां सरकारी व्यय की निगरानी करने, वित्तीय जवाबदेही तय करने और प्रशासनिक कार्यप्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी लंबित कंडिकाओं का निष्पादन करने और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश दिया।

## लापरवाही पर ऊर्जा विभाग सख्त, कनीय विद्युत अभियंता निलंबित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** कर्तव्य निर्वहन में लापरवाही, उपभोक्ता सेवाओं में अपेक्षित तत्परता नहीं बरतने तथा कार्यस्थल से अनुपस्थित रहने के मामले में नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के एक कनीय विद्युत अभियंता को निलंबित कर दिया गया है। निलंबित कनीय विद्युत अभियंता कुमारखंड (उत्तरी) में पदस्थापित सुजीत कुमार है। कार्य के प्रति गैर-जिम्मेदाराना रवैये एवं कर्तव्य निर्वहन में लापरवाही के कारण उनके विरुद्ध यह कार्रवाई की गई है। इस संबंध में नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राहुल कुमार (भा.प्र.से.) ने स्पष्ट कहा कि कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही, अनुशासनहीनता तथा उपभोक्ता सेवाओं के प्रति उदासीनता किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपभोक्ताओं को बेहतर एवं समयबद्ध विद्युत सेवाएं उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर ऊर्जा विभाग एवं बिजली कंपनियों द्वारा आयोजित सहयोग शिविरों में प्राप्त शिकायतों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जा रहा है।

# रबी फसलों की 48 लाख हेक्टेयर में खेती का लक्ष्य, लापरवाही पर होगी कार्रवाई : विजय सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार में इस वर्ष रबी फसलों की खेती का लक्ष्य बढ़ाकर 48 लाख हेक्टेयर निर्धारित किया गया है। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप खेती सुनिश्चित करने और किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही, अनियमितता और किसानों को परेशान करने वाले कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई होगी। सोमवार को पटना स्थित बामेती सभागार में आयोजित रबी महाअभियान सह कार्यशाला में मंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष लगभग 42 लाख हेक्टेयर में रबी फसलों की खेती हुई थी। इस बार 24 लाख हेक्टेयर में गेहूं, छह लाख हेक्टेयर में रबी मक्का, पांच लाख हेक्टेयर में दलहन, चार लाख हेक्टेयर में तिलहन तथा नौ लाख हेक्टेयर में आलू, सब्जी, मसाला और अन्य फसलों की खेती का लक्ष्य है। जिलों, प्रखंडों और पंचायतों में नियमित समीक्षा कर लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित की जाएगी। मंत्री ने कहा कि प्रमाणित एवं उन्नत बीज समय पर उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है। बीज की गुणवत्ता में कमी की शिकायत मिलने पर जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। बिहार कृषि मोबाइल ऐप और अन्य डिजिटल माध्यमों से किसानों को बीज की उपलब्धता तथा योजनाओं की जानकारी देने का निर्देश भी दिया गया। कृषि योजनाओं में भ्रष्टाचार के प्रति सरकार की नीति शून्य सहनशीलता की है। उन्होंने मसूर, चना और सरसों की खेती बढ़ाने के साथ प्राकृतिक खेती, जीरो टिलेज, मिट्टी जांच, संतुलित उर्वरक उपयोग, जैविक खाद, हरी खाद और फसल चक्र अपनाने पर जोर दिया। किसानों से पराली नहीं जलाने की अपील करते हुए कहा कि इन उपायों से खेती की लागत घटाने और मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनाए रखने में मदद मिलेगी। विजय कुमार सिन्हा ने कृषि यंत्रों, बीज उत्पादन, मशरूम, नर्सरी, ड्रोन, प्रसंस्करण और विपणन के क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाएं बताईं। महिलाओं को प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और बाजार से जोड़ने तथा एग्रीस्टैक के तहत फार्मर आईडी बनाकर योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से पहुंचाने का निर्देश दिया। महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के बाद भी बिहार के किसान मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं और कृषि विभाग उनकी समस्याओं के समाधान के लिए काम कर रहा है। कार्यशाला में कृषि विभाग के विशेष सचिव डॉ. वीरेंद्र यादव सहित वरिष्ठ अधिकारी और कृषि वैज्ञानिक उपस्थित थे।

# दानापुर मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर अब यात्रियों के लिए लगाए जा रहे हैं चार अलग-अलग रंगों के डस्टबिन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**दानापुर।** चलने वाले स्वच्छता पखवाड़ा एवं 31 अक्तूबर तक चलने वाले विशेष अभियान 6.0 के अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता हेतु दानापुर मंडल में एक साथ कई विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं, ताकि रेल परिसर, ट्रेनों एवं कार्यालयों में स्वच्छता रखने हेतु लोगों को प्रेरित करते हुए उनकी सहभागिता सुनिश्चित की जा सके। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु चलने वाले इन अभियानों के अंतर्गत रंग-कोडित डस्टबिन की स्थापना की जा रही है। दानापुर मंडल में इस अभियान के क्रियान्वयन हेतु निम्नलिखित बिंदुओं पर मुख्य रूप से ध्यान दिया जा रहा है- दानापुर मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर अब यात्रियों के लिए चार अलग-अलग रंगों (हरा, नीला, लाल और काला) के डस्टबिन क्लस्टर में लगाए जा रहे हैं। पटरियों पर कचरा फेंकने से रोकने के लिए स्टेशनों के पब्लिक एड्रेस सिस्टम (माइक) से लगातार उद्घोषणाएं की जा रही हैं और डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड पर 'चार-धारा पृथक्करण' के नियम दिखाए जा रहे हैं। अधिकांश यात्री अभी भी दो तरह के कचरे (गीला/सूखा) के आदी हैं। इसके समाधान के लिए ओबीएचएस स्टाफ (ट्रेनों में) और सफाई मित्रों (प्लेटफॉर्म पर) को शुरुआती दौर में यात्रियों की मदद करने और उन्हें सही डिब्बे में कचरा डालने के लिए प्रेरित करने की जिम्मेदारी दी गई है। स्टेशनों पर स्थित फूड स्टॉल, आईआरसीटीसी के रेस्तरां और जन आहार केंद्रों के लिए यह अनिवार्य कर दिया गया है कि वे अपनी दुकानों से निकलने वाले कचरे को स्रोत पर ही अलग करें।

# ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग पर दिल्ली में कांग्रेस का प्रदर्शन

## राजेश राम के नेतृत्व में बिहार से पहुंचे सांसद, प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस की ओर से सोमवार को दिल्ली में आयोजित सुप्रीम कोर्ट मार्च के तहत धरना-प्रदर्शन में बिहार के कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम के नेतृत्व में पहुंचे कांग्रेसजनों ने लोकतंत्र की रक्षा, चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता और निर्वाचन आयोग की जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग उठाई। प्रदर्शन में सांसद डॉ. अखिलेश सिंह, मनोज राम, डॉ. जावेद, प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव और मीडिया एवं प्रचार विभाग के चेयरमैन डॉ. अजय कुमार पासवान शामिल हुए। इनके अलावा विधायक, प्रदेश पदाधिकारी, विभिन्न जिलों के कांग्रेस अध्यक्ष और बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी प्रदर्शन में हिस्सा लिया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफ़े की मांग दोहराई। उन्होंने चुनावी प्रक्रिया में निष्पक्षता और लोकतांत्रिक संस्थाओं की जवाबदेही सुनिश्चित करने पर जोर दिया। प्रदर्शनकारियों ने जनता के मताधिकार की रक्षा को लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक बताया। बिहार से बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की भागीदारी को पार्टी ने आंदोलन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के रूप में प्रस्तुत किया। कांग्रेसजनों ने एकजुट होकर लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता और जनता के मताधिकार की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया। यह जानकारी बिहार कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के चेयरमैन डॉ. अजय कुमार पासवान ने दी।

# विधान परिषद चुनाव में भाजपा को राष्ट्रीय सहयोग पार्टी का बिना शर्त समर्थन : डॉ. अशोक वर्मा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** राष्ट्रीय सहयोग पार्टी ने आगामी बिहार विधान परिषद चुनाव में एनडीए समर्थित भारतीय जनता पार्टी के सभी प्रत्याशियों को बिना शर्त समर्थन देने की आधिकारिक घोषणा की है। पार्टी ने यह महत्वपूर्ण निर्णय राष्ट्रहित, बिहार के सर्वांगीण विकास तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के महासंकल्प को साकार करने के उद्देश्य से लिया है। इस संबंध में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राजीव रंजन ने एनडीए के सभी प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सहयोग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अशोक वर्मा से समर्थन की पहल की जिसे पार्टी ने सहर्ष स्वीकार किया। इसके पश्चात राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अशोक वर्मा एवं बिहार प्रदेश अध्यक्ष प्रो. अखिलेश कुमार सिंह ने भाजपा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी से व्यक्तिगत मुलाकात कर उन्हें औपचारिक समर्थन पत्र सौंपा। संजय सरावगी ने समर्थन पत्र स्वीकार करते हुए इस पहल का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि विधान परिषद चुनाव में एक-एक वोट अत्यंत महत्वपूर्ण है और बिहार के समग्र विकास के लिए इस प्रकार का आपसी सहयोग आवश्यक है।

# दुर्गापूजा के दौरान निर्बाध एवं सुरक्षित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए तैयार : ऊर्जा मंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** दुर्गापूजा के अवसर पर बिहारवासियों को निर्बाध एवं सुरक्षित विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए ऊर्जा विभाग ने व्यापक तैयारियां की है। नवरात्र के दौरान पूजा पंडालों, मेला क्षेत्रों तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर विद्युत सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी विद्युत सर्किलों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। राज्य के ऊर्जा मंत्री शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विद्युत व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से जर्जर विद्युत तारों को समय रहते बदलने का कार्य किया जा रहा है। भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में 11 केवी की बेयर कंडक्टर लाइनों में आवश्यकतानुसार कवर्ड कंडक्टर एवं गार्ड वायर लगाए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त एलटी के नंगे तारों को एबी केबल में बदलने तथा वितरण ट्रांसफार्मरों की फेंसिंग का कार्य भी प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दुर्गापूजा के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने और किसी भी प्रकार की विद्युत दुर्घटना की आशंका को न्यूनतम करने के लिए मुख्यालय स्तर पर 24 घंटे नियंत्रण कक्ष कार्यरत रहेगा। इसके साथ ही आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए पर्याप्त संख्या में अधिकारियों एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में भी सुरक्षित एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक तैयारियां की गई हैं। किसी स्थान पर ट्रांसफार्मर खराब होने या विद्युत आपूर्ति में व्यवधान उत्पन्न होने की स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्रीय स्तर पर पर्याप्त संख्या में ट्रांसफार्मर, विद्युत सामग्री, उपकरण एवं अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। ऊर्जा विभाग की ओर से सभी विद्युत अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया गया है कि वे दुर्गापूजा के दौरान पूरी तत्परता, सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों को सुरक्षित वातावरण में निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिल सके।

# 72वीं बीपीएससी परीक्षा की नई तिथि तत्काल घोषित करे आयोग : अजय पासवान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** 72वीं बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की परीक्षा दो बार स्थगित होने से हजारों अभ्यर्थियों के सामने अनिश्चितता की स्थिति उत्पन्न हो गई है। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार पासवान ने परीक्षा में बार-बार हो रही देरी पर चिंता जताते हुए आयोग से तत्काल नई परीक्षा तिथि घोषित करने की मांग की है। डॉ. अजय कुमार पासवान ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं के लिए समय का विशेष महत्व होता है। अभ्यर्थी संभावित परीक्षा तिथि के अनुसार अपनी पढ़ाई और तैयारी की रणनीति बनाते हैं, लेकिन बार-बार परीक्षा स्थगित होने से उनकी पूरी योजना प्रभावित होती है। इससे युवाओं में मानसिक तनाव, असमंजस और भविष्य को लेकर चिंता बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि परीक्षा में अनिश्चितता का असर केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं रहता, बल्कि अभ्यर्थियों पर आर्थिक और पारिवारिक दबाव भी बढ़ता है। लंबे समय तक परीक्षा का इंतजार करने से उनकी मेहनत, समय और संसाधनों पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। ऐसे महत्वपूर्ण विषय पर आयोग को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ निर्णय लेना चाहिए। डॉ. पासवान ने कहा कि युवाओं को केवल आश्वासन नहीं, बल्कि स्पष्ट समय-सीमा और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया चाहिए। आयोग को अविलंब नई परीक्षा तिथि घोषित कर पूरी भर्ती प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा करना चाहिए, ताकि अभ्यर्थियों की अनिश्चितता समाप्त हो और वे एकाग्रता के साथ अपनी तैयारी जारी रख सकें।

# 1731 केवाइपी केंद्रों को पूर्ववत संचालित करने के वादे से मुकरने का आरोप, पटना में निकला आक्रोश मार्च

## भाजपा कार्यालय में प्रदर्शन, भाजपा, जदयू और राजद को सौंपा ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार में पूर्व से संचालित 1731 कुशल युवा कार्यक्रम केंद्रों को पुनः पूर्ववत संचालित करने की मांग को लेकर सोमवार को पटना में केवाईपी केंद्र संचालकों एवं युवाओं ने शांतिपूर्ण आक्रोश मार्च निकाला। केवाईपी केंद्र संचालक डॉ. आनंद रंजन झा के नेतृत्व में जारी 'केवाईपी बचाओ महाधरना 2.0' के तहत आयोजित इस मार्च में सरकार पर पूर्व में दिए गए आश्वासन को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया गया। आंदोलनकारियों ने नियोजन भवन, पटना में बिहार कौशल विकास मिशन के निदेशक के साथ वार्ता की जिसमें डॉ. आनंद रंजन झा, अरुण कुमार सिंह, नीतीश मोहन, रविन्द्र द्विवेदी, अमरनाथ मिश्रा, राहुल कुमार, राकेश कुमार सिन्हा उपस्थित थे, लेकिन वार्ता में कोई सकारात्मक परिणाम नहीं निकल सका। इसके बाद प्रदर्शनकारी भाजपा कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। काफी मशक्कत के बाद भाजपा कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गया। इसके पश्चात जदयू कार्यालय और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) को भी ज्ञापन सौंपकर बिहार के युवाओं के हितों की रक्षा करने की अपील की गई। आंदोलनकारियों का कहना है कि सभी 1731 पूर्व संचालित केवाईपी केंद्रों को पुनः शुरू करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन वर्तमान में केवल 871 केंद्रों के लिए नई केवाईपी डिजिटल मित्र योजना की प्रक्रिया आगे बढ़ने से शेष केंद्र संचालकों के भविष्य पर सवाल खड़े हो गए हैं। उनका आरोप है कि इस स्थिति से केंद्र संचालकों के निवेश, रोजगार और युवाओं के कौशल प्रशिक्षण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। आंदोलनकारियों ने सभी 1731 पूर्व संचालित केवाइपी केंद्रों को पुनः चालू करने, प्रति तिमाही 120/180 प्रशिक्षुओं की पुरानी प्रशिक्षण क्षमता बहाल करने, 40/60 की नई सीमा वापस लेने, केंद्र बंद रहने की अवधि का उचित मुआवजा देने तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की।

# महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग ने किया पटना साहिब स्टेशन का निरीक्षण




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग द्वारा पटना साहिब स्टेशन का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक द्वारा प्लेटफॉर्म सं. 01 का एक छोर से दूसरी छोर तक निरीक्षण किया गया तथा यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने सर्कुलेटिंग एरिया, फुट ओवर ब्रिज, टिकट काउंटर, पूछताछ काउंटर आदि का निरीक्षण कर यात्री सुविधा, संरक्षा तथा साफ-सफाई आदि का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान दानापुर मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक/इंफ्रा राजीव कुमार उपस्थित थे।

## मंत्री श्रेयसी सिंह एवं सचिव नवीन कुमार ने मेगा लेदर, फुटवियर एवं एसेसरीज पार्क, महवल का किया निरीक्षण

# औद्योगिक सुविधाओं को बेहतर बनाने पर दिया जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार में औद्योगिक विकास को गति देने, निवेशकों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा औद्योगिक क्षेत्रों का सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने मुजफ्फरपुर स्थित मेगा लेदर, फुटवियर एवं एसेसरीज पार्क, महवल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पार्क में चल रहे कार्यों की प्रगति का जायजा लिया तथा औद्योगिक गतिविधियों के प्रभावी संचालन और आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। निरीक्षण के दौरान बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (बियाडा) के प्रबंध निदेशक नवीन कुमार (भा.प्र.से.) तथा उद्योग विभाग के निदेशक मुकुल कुमार गुप्ता भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने औद्योगिक पार्क के विकास, आधारभूत संरचना और संचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की। सड़क, जलापूर्ति और बिजली जैसी आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता एवं व्यवस्था पर विशेष रूप से चर्चा की गई। उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि औद्योगिक इकाइयों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाए, ताकि उद्यमियों को अपना व्यवसाय स्थापित करने और उत्पादन गतिविधियों के संचालन में अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। उन्होंने औद्योगिक पार्क के सुव्यवस्थित विकास तथा सुविधाओं के प्रभावी संचालन के लिए संबंधित कार्यों की नियमित निगरानी पर भी जोर दिया। इस अवसर पर उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा बिहार में औद्योगिक विकास को नई गति देना और निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। औद्योगिक पार्कों में सड़क, बिजली और जलापूर्ति जैसी बुनियादी सुविधाओं की बेहतर उपलब्धता उद्यमियों का विश्वास मजबूत करती है। हमारा प्रयास है कि उद्योगों को आवश्यक सुविधाएं समय पर मिले जिससे निवेश को प्रोत्साहन मिले, उत्पादन गतिविधियों का विस्तार हो और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित हों। औद्योगिक क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं की स्थिति का आकलन करने और औद्योगिक इकाइयों के सुचारु संचालन को सुनिश्चित करने के लिए बियाडा के प्रबंध निदेशक नवीन कुमार (भा.प्र.से.) ने औद्योगिक क्षेत्र, कुमारबाग फेज 1, फेज -2 और फेज -3 का निरीक्षण किया।

# डॉ. लोहिया के आदर्शों पर सामाजिक न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ा सकते हैं : राजद



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में महान समाजवादी नेता एवं चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू की अध्यक्षता में मनायी गयी। इस अवसर पर डॉ. लोहिया के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि डॉ. राम मनोहर लोहिया का नारा था 'संसोपा ने बांधी गांठ, पिछड़ा पावे सौ में साठ'। 'रोको महंगी बांधो दाम नहीं तो होगा चक्का जाम'। डॉ. राम मनोहर लोहिया भारतीय राजनीति के महान योद्धा थे। उन्होंने सामाजिक न्याय की लड़ाई को जमीन पर उतारा। लोहिया जीवन पर्यन्त दलितों, पिछड़ों अकलियतों तथा गरीब-गुरबों के लिए संघर्ष करते रहे। राष्ट्रीय जनता दल डॉ. लोहिया के आदर्शों पर चलकर सामाजिक न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ा रहा है तथा इस लड़ाई को मुकाम तक पहुंचाना ही डॉ. लोहिया के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# डॉ. राममनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर भाजपा ओबीसी मोर्चा ने मनाया समरसता दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी एवं समाजवादी चिंतक डॉ. राममनोहर लोहिया जी की पुण्यतिथि पर भाजपा ओबीसी मोर्चा, बिहार प्रदेश द्वारा प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी की अध्यक्षता में समरसता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. राममनोहर लोहिया के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि डॉ. राममनोहर लोहिया ने स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और आजादी के बाद भी लोकतंत्र की मजबूती, सामाजिक समानता तथा पिछड़े एवं वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष किया। उनका मानना था कि समाज के प्रत्येक वर्ग को समान शिक्षा और समान अवसर मिलने चाहिए। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि डॉ. लोहिया ने समान शिक्षा और सामाजिक समरसता का जो सपना देखा था, उसे आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार स्वच्छता अभियान, हर घर शौचालय तथा शिक्षा के अधिकार जैसे प्रयासों के माध्यम से समाज के गरीब, पिछड़े और वंचित वर्गों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य कर रही है।

# भगवती विन्ध्वासिनी देवी की स्मृति में संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना की ओर से आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अन्तर्गत आयोजित 49 वां भगवती विन्ध्वासिनीदेवी स्मृति दस दिवसीय संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण प्रशिक्षण शिविर अन्तर्जालमाध्यम द्वारा संस्कृत मय वातावरण में प्रारंभ हुआ। इस शिविर की अध्यक्षता विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना के महासचिव एवं आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मुकेश कुमार ओझा, उद्घाटन अभियान के प्रधान संरक्षक एवं पूर्वगृह सचिव डॉ अनिल कुमार सिंह, मुख्य वक्ता अभियान की राष्ट्रीय संयोजिका एवं गंगा देवी महिला महाविद्यालय पटना की संस्कृत विभागाध्यक्षा प्रो. रागिनी वर्मा, मुख्य अतिथि उग्र नारायण झा, विशिष्टातिथि अभियान के संरक्षक डॉ अनिल कुमार चौबे, महंथ केशव संस्कृत महाविद्यालय फतुहा की सहायक आचार्या डॉ नीरा कुमारी, सुंदरवती महिला महाविद्यालय भागलपुर की संस्कृत विभागाध्यक्षा डॉ मधु कुमारी, कार्यक्रम का संस्कृत भाषा में संचालन डॉ लीना चौहान, एम एल टी महाविद्यालय सहरसा की संस्कृत विभागाध्यक्षा डॉ दीप्ति कुमारी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची के संस्कृत विभाग में सहायक आचार्या मनीषा बोदरा, संस्कृत शिक्षक पटना के मुरलीधर शुक्ल, मध्य प्रदेश प्रांत सह संयोजिका तारा विश्वकर्मा, पश्चिम बंगाल प्रांत सह संयोजिका दयानी शारदे, दिल्ली के संस्कृत शोध छात्र शुभम् शर्मा, दिल्ली प्रांत सह संयोजक डॉ देवेश प्रकाश आर्य सहित शिविर के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# जैव विविधता संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए पटना वीमेंस कॉलेज व जैव विविधता पर्षद में करार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** जैव विविधता संरक्षण, शोध और पर्यावरणीय जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए पटना वीमेंस कॉलेज और बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद ने हाथ मिलाया है। इस दिशा में सोमवार को बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद के कार्यालय में दोनों संस्थानों के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। इसके तहत शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के साथ विद्यार्थियों और शिक्षकों को प्रशिक्षण तथा क्षमता विकास के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही जैव विविधता संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए संयुक्त रूप से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। एमओयू पर पटना वीमेंस कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सिस्टर मारिया तनिशा और बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद के सचिव अमित कुमार ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर पर्षद के अध्यक्ष भारत ज्योति, उप निदेशक मिहिर कुमार झा, पटना वीमेंस कॉलेज के राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय सहयोग एवं परामर्श सेवाओं के डीन आलोक जॉन तथा प्राणी विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुमीत रंजन उपस्थित थे।

## प्रभारी डीएम की अध्यक्षता में साप्ताहिक समन्वय बैठक

# पदाधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण कार्य निष्पादन करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** उप विकास आयुक्त सह प्रभारी जिलाधिकारी की अध्यक्षता में स्थानीय डीआरडीए सभागार में साप्ताहिक समन्वय बैठक आहूत की गई। उक्त बैठक में उपस्थित सभी विभाग के पदाधिकारी से क्रमानुसार उनके विभाग में लंबित कार्य के निष्पादनार्थ अंतर्विभागीय सहयोग हेतु चर्चा की गई। जिलाधिकारी के द्वारा उक्त समीक्षा बैठक में सर्वप्रथम विधि शाखा से प्राप्त प्रतिवेदन में लंबित सीडब्लूजेसी/एमजेसी वादों के निष्पादन की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में सर्वाधिक लंबित मामलों में अंचल अधिकारी, सासाराम/कोचस/नोखा/करगहर/शिवसागर/दिनारा/बिक्रमगंज/संझौली, जिला खनिज विकास पदाधिकारी, रोहतास, अनुमंडल पदाधिकारी, सासाराम/बिक्रमगंज, जिला सहकारिता पदाधिकारी रोहतास, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, रोहतास, जिला नीलाम पत्र वाद पदाधिकारी, रोहतास आदि से लंबित उक्त सीडब्लूजेसी/एमजेसी वादों में न्यायालय में प्रतिशपथ दायर करने हेतु निर्देशित किया गया। इस संदर्भ में जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि इस सप्ताह में न्यूनतम 30 मामलों में प्रतिशपथ दायर कर जिला विधि शाखा को सूचित किया जाय। प्रतिवेदित सप्ताह में सीडब्लूजेसी में 15 और एमजेसी में 5 में उच्च न्यायालय में ओथ दायर किया गया है। तदोपरांत प्रभारी जिलाधिकारी के द्वारा सहयोग पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की समीक्षा की गई और सभी पदाधिकारियों को ससमय व गुणवत्तापूर्ण निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। साथ ही एसएलएसपी पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों के ससमय निष्पादन करने और विभाग स्तर से जिन पदाधिकारी को कारण पृच्छा की गई है, उसका जबाब ससमय पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश सभी संबंधित पदाधिकारी को दिया गया। राजस्व संबंधी मामले में समीक्षा के क्रम में सभी अंचल अधिकारियों को भू मापी करने, अभियान बसेरा 2, दाखिल खारिज मामले का निष्पादन, पीएमएवाइ लाभार्थियों को भूमि प्रदान करने और दखल कब्जा दिलाने, विभिन्न विभागों के योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु जमीन उपलब्धता कराने इत्यादि के बारे में जल्द से जल्द लंबित कार्य के निष्पादन का निर्देश दिया गया।

# सोन बराज कॉलोनी में अवैध कब्जाधारियों को 31 अक्टूबर तक खाली करने का अल्टीमेटम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** इंद्रपुरी स्थित सोन बराज कॉलोनी में अनावंटित आवासों पर अवैध कब्जा जमाए लोगों के खिलाफ जल संसाधन विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। विभाग की ओर से सोमवार को सभी अवैध रूप से कब्जाए गए आवासों पर नोटिस चस्पा कर 31 अक्टूबर तक खाली करने का अल्टीमेटम दिया गया है। साथ ही अवैध बिजली कनेक्शन हटाने का भी निर्देश दिया गया है। सोन बराज प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई की जानकारी देते हुए सहायक अभियंता संजय झा ने बताया कि नोटिस चस्पा करने के साथ ध्वनि विस्तारक यंत्र से माइकिंग कराकर लोगों से स्वेच्छा से आवास खाली करने की अपील की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय सीमा तक आवास खाली नहीं करने वालों के विरुद्ध विभागीय निर्देश के आलोक में संबंधित धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि कॉलोनी में बड़ी संख्या में ऐसे आवास हैं जिनका आवंटन किसी कर्मचारी के नाम पर नहीं हुआ है, लेकिन उन पर वर्षों से अवैध कब्जा है। कई जगहों पर अवैध विद्युत संयोजन के जरिए बिजली का उपयोग भी किया जा रहा है। इससे विभाग को राजस्व की क्षति हो रही है, वहीं पात्र कर्मियों को आवास आवंटित करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विभाग की इस सख्ती से कॉलोनी में अवैध रूप से रह रहे लोगों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। अब सबकी निगाहें 31 अक्टूबर की समय सीमा पर टिकी हैं।

# छात्राओं से कथित यौन उत्पीड़न के मामले में भाजपा का प्रदर्शन, कांग्रेस सांसद को बर्खास्त करने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** छात्राओं के साथ कथित यौन उत्पीड़न के मामले को लेकर भाजपा रोहतास ने सोमवार को सासाराम के पोस्ट ऑफिस चौक स्थित समाहरणालय के समक्ष प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष संतोष पटेल के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में कांग्रेस पार्टी और सांसद डॉ. अंगोमचा विमोल अकोईजम के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सांसद को बर्खास्त करने तथा मामले में उचित कार्रवाई की मांग की गई।

प्रदर्शन का संचालन जिला उपाध्यक्ष विजय सिंह ने किया। इस दौरान भाजपा नेताओं ने छात्राओं की सुरक्षा, सम्मान और गरिमा सुनिश्चित करने की मांग उठाई। जिला उपाध्यक्ष आरती गुप्ता ने कहा कि छात्राओं की सुरक्षा और महिलाओं का सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। ऐसे मामलों में निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सके।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस, सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी कर अपना विरोध जताया। मौके पर पूर्व विधायक जवाहर प्रसाद, सुधीर सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष मदन वैश्य, सुशील कुमार, जिला मंत्री सत्यनारायण पासवान, सोशल मीडिया जिला संयोजक संजीव कुमार, जिला प्रवक्ता प्रकाश गोस्वामी, रजनीश कुमार, पंकज सिंह, इंद्रजीत सिंह, अनिल सिंह, संदीप सोनी, राकेश रंजन, ब्रजेश सिंह, विनोद चौबे, राजेश कुमार, सन्नी देवल चंद्रवंशी, ध्रुव सिंह, कपिल देव चौधरी, सुशील सोनी, प्रमोद चंद्रवंशी, विकास कुमार, सुजीत गोंड, कौशल श्रीवास्तव, सन्नी चौरसिया, उमाशंकर सौन्दिक, संजय तिवारी, बबल कश्यप, अशोक रंजन, उमेश तिवारी, रामजी पाठक, भोला पासवान और विनोद पासवान सहित कई भाजपा नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे। महिला कार्यकर्ताओं में आरती गुप्ता, संध्या श्रीवास्तव, अनिता कुमारी, प्रतिभा पल्लवी, रिंकी देवी, बसंती देवी, मंजू देवी, मीना देवी, विनीता देवी, तेतरी देवी और रुक्मिणी देवी सहित अन्य महिलाएं शामिल हुईं।

# गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय में कृषि स्वचालित मौसम निगरानी केंद्र का उद्घाटन

## किसानों को मिलेगी मौसम की जानकारी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित नारायण कृषि विज्ञान संस्थान के सफल प्रयास से भारतीय मौसम विज्ञान, पटना के सहयोग से कृषि स्वचालित मौसम निगरानी केंद्र (एग्रो ऑटोमेटेड वेदर मॉनिटरिंग स्टेशन) की स्थापना विश्वविद्यालय के अंतर्गत की गई। इस केंद्र का औपचारिक उद्घाटन आज विश्वविद्यालय के प्रति - कुलाधिपति गोविंद नारायण सिंह तथा आशीष कुमार, भारत मौसम विज्ञान विभाग के निदेशक एवं वैज्ञानिक-डी मौसम विज्ञान केंद्र, पटना ने संयुक्त रूप से किया। इस मौसम निगरानी केंद्र की स्थापना से कृषि शिक्षा, अनुसंधान एवं किसानों को मौसम संबंधी जानकारी उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी। केंद्र के माध्यम से सापेक्ष आर्द्रता, वर्षा, हवा की गति, तापमान सहित विभिन्न मौसम संबंधी आंकड़े नियमित रूप से प्राप्त किए जा सकेंगे। इन आंकड़ों का उपयोग कृषि एवं मौसम विज्ञान से संबंधित शोध कार्यों, मौसम के विश्लेषण तथा कृषि संबंधी किसान-हितकर जानकारियां तैयार करने में किया जाएगा। यह केंद्र आसपास के क्षेत्रों के किसानों के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगा। मौसम की परिस्थितियों की सटीक जानकारी एवं पूर्वानुमान के आधार पर किसान बुआई, सिंचाई, उर्वरकों के प्रयोग, कीट एवं रोग प्रबंधन तथा फसलों की कटाई से संबंधित निर्णय अधिक प्रभावी ढंग से ले सकेंगे।

# नवरात्र पर नगर परिषद की अनूठी पहल, पूजन सामग्री के लिए चलेगा ‘पूजा स्पेशल’ वाहन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** नवरात्र के बाद फूल-माला और अन्य पूजन सामग्री अब सड़कों या कूड़े के ढेर पर नहीं फेंकी जाएगी। धार्मिक आस्था और शहर की स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए डिहरी-डालमियानगर नगर परिषद ने ‘पूजा स्पेशल’ वाहन चलाने की पहल की है। इसके तहत शहर के सभी 39 वार्डों में घर-घर और दुर्गा पूजा पंडालों से पूजन सामग्री एकत्र की जाएगी। नगर परिषद की ओर से सोमवार को मुख्य पार्षद प्रतिनिधि गुड्डू चंद्रवंशी और स्वच्छता पदाधिकारी प्रणव कुमार ने हरी झंडी दिखाकर पूजा स्पेशल वाहन को रवाना किया। अभियान के लिए छह से अधिक विशेष वाहन लगाए जा रहे हैं जो विभिन्न इलाकों में पहुंचकर पूजन अवशेषों को एकत्र करेंगे। मुख्य पार्षद प्रतिनिधि गुड्डू चंद्रवंशी ने बताया कि नवरात्र के दौरान घरों और पूजा पंडालों में बड़ी मात्रा में फूल-माला, अगरबत्ती और अन्य पूजन सामग्री निकलती है। कई बार लोग इन्हें सड़क किनारे या कूड़े में फेंक देते हैं जिससे गंदगी फैलती है। इसी समस्या के समाधान के लिए नगर परिषद ने विशेष वाहन चलाने का निर्णय लिया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि पूजन सामग्री को इधर-उधर फेंकने के बजाय पूजा स्पेशल वाहनों को सौंपें। इससे धार्मिक आस्था से जुड़ी सामग्री का सम्मान बनाए रखने के साथ शहर को स्वच्छ रखने में भी मदद मिलेगी। नगर परिषद की इस पहल से नवरात्र के दौरान स्वच्छता अभियान को गति मिलने की उम्मीद है। यह अभियान धार्मिक आस्था के साथ नागरिक जिम्मेदारी निभाने का संदेश भी देगा। इस मौके पर वार्ड पार्षद तथा वार्ड पार्षद प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# नहर में डूबी बच्ची का 24 घंटे बाद भी नहीं मिला शव, आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अकोढ़ी गोला (रोहतास)।** नहर में डूबी 12 साल की बच्ची का शव 24 घंटे बाद भी नहीं मिलने से गुस्साए परिजनों ने मुख्य सड़क जाम कर दी।

मामला आयर कोठा थाना क्षेत्र के मनोगी बिगहा गांव का है। रविवार सुबह 11 बजे धर्मेंद्र राम की इकलौती बेटी 12 वर्षीय सरस्वती कुमारी अपनी मां और सहेली बेबी कुमारी के साथ नहर में स्नान और नवरात्र पूजा के लिए कलश में जल लेने गई थी। नहर में तेज बहाव के कारण दोनों बच्चियां डूबने लगीं। महिलाओं ने बेबी को बचा लिया, लेकिन सरस्वती तेज धार में बह गई। रविवार 11 बजे से ही स्थानीय गोताखोर और आयर कोठा थाना पुलिस शव की तलाश कर रही है, लेकिन सोमवार सुबह तक सफलता नहीं मिली। परिजनों का आरोप है कि गुहार के बाद भी नहर का पानी कम नहीं किया गया जिससे तलाशी में बाधा आ रही है। इसी से नाराज ग्रामीणों ने आयर कोठा मुख्य सड़क को सुबह 6 बजे जाम कर दी। सूचना पर आयर कोठा थाने की पुलिस, मझिआंव पंचायत के पूर्व मुखिया हरिद्वार प्रसाद और वर्तमान मुखिया अनिल कुमार मौके पर पहुंचे। करीब एक घंटे तक जाम रहा। थानाध्यक्ष शिवम कुमार ने बताया कि समझा-बुझाकर जाम हटवा दिया गया है। एसडीआरएफ की टीम तलाश कर रही है और पानी कम करने के लिए विभाग को कह दिया गया है। सोमवार की शाम 5:00 बजे डिहरी एसडीएम निलेश कुमार मौके पर पहुंचे एसडीआरएफ की टीम और सिंचाई विभाग के अधिकारियों से बात की। उन्होंने कहा कि लगातार प्रयास जारी है देर रात पानी और कम हो जाएगा।

# एटीएम कार्ड बदलकर 22 हजार की धोखाधड़ी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना क्षेत्र के बाबूगंज स्थित एक्सिस बैंक एटीएम में एक व्यक्ति के साथ एटीएम कार्ड बदलकर 22 हजार रुपये की अवैध निकासी का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार पीड़ित सकील अहमद ग्राम जपला, हुसैनाबाद (झारखंड) के निवासी हैं। उन्होंने प्राथमिकी में कहा है कि उनका पुत्र हैदर अली पैसे निकालने के लिए बाबूगंज स्थित एक्सिस बैंक एटीएम पर गया था। पैसे निकालने के क्रम में उसका एटीएम कार्ड मशीन में फंस गया। इसी दौरान वहां मौजूद दो अज्ञात व्यक्तियों ने कहा कि कार्ड निकल आते हैं। कार्ड निकालने के क्रम में उन दोनों व्यक्तियों ने धोखाधड़ी पूर्वक उसका एटीएम कार्ड बदल दिया और एटीएम से पैसे नहीं निकलने के कारण उनका बेटा घर वापस आ गया। बाद में जब इस घटना का संदेह हुआ तो उन्होंने एसबीआई कस्टमर सपोर्ट से संपर्क किया। जानकारी के अनुसार उनके एसबीआई खाते से कुल 22 हजार रुपये की अनधिकृत निकासी कर ली गई है। रकम तीन बार में निकाली गई।

# डीडीयू मंडल में रेल परिचालन को और अधिक सक्षम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति

## ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग, इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग और कवच प्रणाली का विस्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** पूर्व मध्य रेल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली छमाही के दौरान मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना के मार्गदर्शन में सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग ने रेल परिचालन क्षमता, सिग्नलिंग व्यवस्था की विश्वसनीयता और ट्रेन संरक्षा को और सुदृढ़ करने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कार्य पूरे किए हैं। इनमें ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग और कवच प्रणाली का विस्तार, इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग की स्थापना, आधुनिक ट्रेन डिटेक्शन तकनीक का उपयोग तथा डीडीयू-प्रयागराज तीसरी लाइन परियोजना से संबंधित सिग्नलिंग एवं इंटरलॉकिंग कार्य शामिल हैं। चालू वित्तीय वर्ष की पहली छमाही में भभुआ रोड-सासाराम रेलखंड पर 47.50 रूट किलोमीटर में ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग प्रणाली की कमीशनिंग की गई। इसके साथ डीडीयू-मानपुर ग्रैंड कॉर्ड रेलखंड पर कुल 214 रूट किलोमीटर में से अब तक 164.28 रूट किलोमीटर में यह प्रणाली स्थापित की जा चुकी है। इस प्रणाली के माध्यम से दो ब्लॉक स्टेशनों के बीच ट्रेनों की आवाजाही को अधिक प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सकता है। पारंपरिक एब्सोल्यूट ब्लॉक प्रणाली की तुलना में ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग उपलब्ध रेलखंड पर एक ही दिशा में ट्रेनों के बीच निर्धारित सुरक्षित दूरी बनाए रखते हुए अधिक ट्रेनों के परिचालन की क्षमता बढ़ाती है। इससे उपलब्ध रेल अवसंरचना का बेहतर उपयोग करने और ट्रेन संरक्षा को सुदृढ़ करने में मदद मिलती है। वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में दो स्टेशनों–मुठानी और कुम्हऊ–पर पारंपरिक पैनल इंटरलॉकिंग के स्थान पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली की कमीशनिंग की गई। इसके साथ मंडल में अब तक कुल 41 स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली स्थापित हो चुकी है। इसके साथ ग्रैंड कॉर्ड और बीडी सेक्शन में इस प्रणाली से संबंधित कार्य पूरा किया जा चुका है।

# करंट लगने से किसान की मौत, परिवार में मातम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत कछवां थाना क्षेत्र में रविवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया जहां धान की पटवन करने गए चौहत्तर वर्षीय किसान महंत यादव की करंट लगने से मौत हो गई। यह हादसा कछवां के वार्ड नंबर नौ स्थित खेत में हुआ। घटना के बाद से परिवार में मातम छा गया है और पूरे गांव में शोक का माहौल है। मृतक की पहचान कछवां वार्ड नंबर नौ निवासी महंत यादव के रूप में की गई है। ग्रामीणों के अनुसार महंत यादव रोज की तरह अपने धान के खेत में सिंचाई करने गए थे, इसी दौरान खेत में गिरे या लटक रहे बिजली के तार के संपर्क में आने से उन्हें जोरदार करंट लग गया और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी ग्रामीण कृष्ण बिहारी सिंह ने परिजनों और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कछवां थानाध्यक्ष मनीष कुमार मौके पर पहुंचे और मामले की छानबीन शुरू की। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी मिली है और पुलिस आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज रही है।

# सैलून जाने निकला 18 वर्षीय आदित्य 23 दिनों से लापता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** विक्रम भजन मंडल क्षेत्र अंतर्गत गोडारी नगर का अठारह वर्षीय युवक आदित्य कुमार 19 सितंबर 2026 की सुबह करीब नौ बजे मां से सैलून में बाल कटवाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन इसके बाद वह न तो घर लौटा और न ही उसका कोई सुराग मिल सका। देखते-देखते 23 दिन बीत गए और अब परिवार की बेचैनी और बढ़ गई है। परिजनों को शुरू में लगा था कि वह कुछ देर में लौट आएगा, लेकिन सुबह से शाम हो गई और जब वह नहीं लौटा तो गांव की गलियों, आसपास के इलाकों, बाजार और रिश्तेदारों के यहां तक तलाश की गई, मगर हर जगह निराशा ही हाथ लगी। आदित्य के अचानक लापता होने से परिवार गहरे सदमे में है और मां रीना देवी का रो-रोकर बुरा हाल है और वह दिन-रात उसकी सलामती की दुआ कर रही हैं। परिवार के मन में कई तरह के सवाल उठ रहे हैं कि आखिर घर से निकला युवक कहां चला गया और उसके साथ क्या हुआ, लेकिन इसका जवाब किसी के पास नहीं है। काफी खोजबीन के बाद मां रीना देवी ने काराकाट थाने में गुमशुदगी की प्राथमिकी दर्ज कराई। काराकाट थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर संभावित ठिकानों पर तलाश की जा रही है। हालांकि अब तक पुलिस के हाथ भी खाली हैं। परिवार को अब भी उम्मीद है कि आदित्य सकुशल घर लौट आएगा और उन्होंने आम लोगों से अपील की है कि यदि किसी को आदित्य के बारे में कोई जानकारी मिले तो तुरंत काराकाट थाना पुलिस या परिजनों को सूचित करें ताकि युवक को जल्द से जल्द खोजा जा सके।

# एचआईवी-एड्स के प्रति जागरूकता को निकली बाइक रैली

## डीडीसी डॉ. आकांक्षा आनंद ने हरी झंडी दिखा रैली को किया रवाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** एचआईवी-एड्स के प्रति लोगों को जागरूक करने, संक्रमण से बचाव के उपायों की जानकारी देने और संक्रमित व्यक्तियों के प्रति सामाजिक भेदभाव समाप्त करने के उद्देश्य से सोमवार को सासाराम समाहरणालय परिसर से जागरूकता बाइक रैली निकाली गई। प्रभारी जिलाधिकारी सह उप विकास आयुक्त डॉ. आकांक्षा आनंद ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली के माध्यम से लोगों को एचआईवी संक्रमण के कारणों, बचाव के उपायों और समय पर जांच कराने के महत्व की जानकारी दी गई। साथ ही एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के प्रति संवेदनशीलता और सहयोग का भाव रखने की अपील की गई। इस अवसर पर डॉ. आकांक्षा आनंद ने कहा कि एचआईवी-एड्स के संक्रमण की रोकथाम में सही जानकारी, जागरूकता और समय पर जांच की महत्वपूर्ण भूमिका है। बीमारी को लेकर समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करना जरूरी है, ताकि संक्रमित व्यक्ति भी सम्मान के साथ जीवन जी सकें और बिना किसी भय या भेदभाव के स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकें। जिला प्रशासन ने लोगों से एचआईवी-एड्स के संबंध में प्रमाणिक जानकारी प्राप्त करने, आवश्यकतानुसार समय पर जांच कराने और जागरूकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। रैली में सिविल सर्जन, डीआरडीए निदेशक, एनसीसी के छात्र सहित अन्य लोग शामिल हुए।

# चेन स्नेचिंग मामले में चार महिलाएं गिरफ्तार, सोने की चेन बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास पुलिस ने चेन स्नेचिंग की घटनाओं पर अंकुश लगाने की दिशा में कार्रवाई करते हुए धर्मपुरा थाना कांड संख्या 90/26 में चार महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार महिलाओं के पास से एक सोने की चेन भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार मामले की जांच और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर चारों महिलाओं की कथित संलिप्तता सामने आने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार महिलाओं की पहचान ममता कुमारी, पति करण कुमार, निवासी बघैला, थाना जंगीपुर, संगीता देवी, पति सिकंदर नट, निवासी रसलपुर, ज्योति कुमारी, पति मनजीत नट, निवासी सेमउर परदहा, थाना कोतवाली, जिला मऊ तथा राधिका देवी, पति अरुण राम, निवासी टैनी माहुल, थाना पवई, जिला आजमगढ़ (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि बरामद सोने की चेन को जब्त कर लिया गया है। गिरफ्तार महिलाओं के विरुद्ध आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

**शपथ-पत्र**

मैं तसाम खान, पिता स्व. मोहम्मद खान, ग्राम-महुअरी, पो.-बभनौल, थाना-दावथ जिला-रोहतास का निवासी हूं। शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मैं भारतीय हूं, वो मुस्लिम धर्म को मानता हूं। आधार कार्ड वो पैन कार्ड पर मेरा नाम तसाम खान है जबकि L.I.C. पॉलिसी संख्या 515979290 के बांड पत्र पर मेरा नाम एहतसाम खान दर्ज है।

TASAM KHAN O EHTESHAM KHAN

दोनों नाम से जाना पहचाना वो पुकारा जाता हूं।

भारतीय जीवन बीमा निगम में नमनी का नाम में मेरी पत्नी नूर फातमा का नाम दर्ज है। मेरे इस नाम वो बल्दीयत का दूसरा कोई व्यक्ति मेरे गांव में नहीं है। मुझे अपने दोनों नामों का सत्यापन करवाना है, इसी वास्ते यह शपथ पत्र बना रहा हूं। उपरोक्त सारे कथन मेरी जानकारी वो विश्वास में सही व सत्य है।

मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है।

शपथ पत्र सं. 17940 दिनांक 22.09.26

शपथकर्ता
तसाम खान

# घर से लापता बालक के 14 महीने बाद लौटने पर परिवार में खुशी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुर्गावती (कैमूर)।** कैमूर जिले के दुर्गावती थाना क्षेत्र अंतर्गत मसौढ़ा गांव से करीब 14 महीने पहले लापता हुआ एक बालक आखिरकार अपने घर लौट आया। बालक की वापसी से परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। लंबे समय से अपने बेटे की तलाश कर रहे परिवार को उसके वापस मिलने से बड़ी राहत मिली है। मिली जानकारी के अनुसार मसौढ़ा गांव निवासी मंटू राजभर का करीब 13-14 वर्षीय पुत्र रवि कुमार 4 अगस्त 2025 को लापता हो गया था। बालक के लापता होने के बाद परिजनों ने दुर्गावती थाने में अपहरण का मामला दर्ज कराते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर कांड संख्या 276/25 के तहत मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच शुरू की थी।

# चोरी की चार घटनाओं की शिकायत, पीड़ितों ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

## संबंधित थाना अधिकारियों को जांच कर कार्रवाई का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पतपुरा, सुअरा, दहाउर और नरसिंह बिगहा में चोरी की चार अलग-अलग घटनाओं को लेकर पीड़ितों ने रोहतास के एसपी मिस्टर राज के जनता दरबार में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। फरियादियों की शिकायतें सुनने के बाद एसपी ने संबंधित थाना अधिकारियों को मामलों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। प्राप्त आवेदनों के अनुसार पतपुरा निवासी चंदन कुमार के घर में 11 सितंबर की रात चोरी की घटना हुई जिसमें करीब तीन लाख रुपये के गहने, कपड़े और नकदी चोरी होने की बात कही गई है। वहीं, सुअरा निवासी पवन कुमार सिंह के घर में 20 सितंबर की रात ताला तोड़कर चोरी किए जाने की शिकायत की गई है। इस मामले में पीड़ित ने एक पड़ोसी पर संदेह जताया है जिसकी पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। इसी तरह, दहाउर निवासी विष्णु कुमार के घर में 20 सितंबर को दीवार फांदकर चोरी किए जाने की शिकायत सामने आई है। चौथी घटना नरसिंह बिगहा की है जहां हरिनंदन सिंह ने छह अक्टूबर की रात घर में चोरी होने का आवेदन दिया है। उनके अनुसार घटना के दौरान दंपती को कमरे में बंद कर दिया गया और 1.27 लाख रुपये नकद के साथ सोने-चांदी के आभूषण चोरी हो गए। चोरी गए सामान में परिवार के अन्य सदस्यों के जेवर भी शामिल बताए गए हैं।

चारों घटनाओं को लेकर पीड़ितों ने पुलिस से चोरी गए सामान की बरामदगी और मामले में उचित कार्रवाई की मांग की है। एसपी ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों पर गंभीरता से जांच करने और नियमानुसार आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया है। चोरी की घटनाओं से जुड़े आरोपों और नुकसान के विवरण की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी।

# केएलएस कॉलेज में सजेगा युवा उत्सव का मंच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला स्तरीय युवा उत्सव 2026-27 के सफल आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में युवा उत्सव की तैयारियों, विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन तथा अधिकाधिक युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के संबंध में विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार तथा जिला प्रशासन, नवादा के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय युवा उत्सव 2026-27 का आयोजन 29 एवं 30 अक्टूबर 2026 को के0एल0एस0 कॉलेज, नवादा में किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य जिले के युवाओं की कलात्मक एवं रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए उपयुक्त मंच उपलब्ध कराना है। युवा उत्सव के अंतर्गत चित्रकला, कविता लेखन, वक्तृता, समूह लोकगीत एवं समूह लोकनृत्य सहित विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की आयु 17 अगस्त 2026 को 15 से 29 वर्ष के बीच होनी चाहिए। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है। प्रत्येक प्रतिभागी केवल एक ही विधा में भाग ले सकेगा। इच्छुक प्रतिभागी जिला कला एवं संस्कृति कार्यालय, समाहरणालय, नवादा से ऑफलाइन माध्यम से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 27 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है। जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को युवा उत्सव के सफल आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारियां निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने तथा संबंधित विभागों के बीच समुचित समन्वय स्थापित कर प्रतियोगिताओं का सुव्यवस्थित एवं सफल संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिला प्रशासन, नवादा की ओर से जिले के सभी पात्र युवाओं से अपील की गई है कि वे जिला स्तरीय युवा उत्सव में उत्साहपूर्वक भाग लें तथा अपनी कलात्मक एवं रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करें। बैठक में उप विकास आयुक्त, नवादा, गोपनीय शाखा प्रभारी, प्रभारी सूचना एवं जन-सम्पर्क पदाधिकारी, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, डीपीओ (शिक्षा) सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

**27 अक्टूबर तक ऑफलाइन करें आवेदन**

## रजिस्टर के संधारण व ऑनलाइन डाटा एंट्री की दी गई जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकबरपुर (नवादा)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकबरपुर में स्वास्थ्यकर्मियों को आरसीएच-2 रजिस्टर के संधारण एवं ऑनलाइन डाटा एंट्री को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित आंकड़ों के संधारण में पारदर्शिता लाने, ऑनलाइन रिपोर्टिंग को सटीक बनाने और निर्धारित समय-सीमा के भीतर डाटा अपलोड सुनिश्चित करना था। इस अवसर पर गया प्रमंडल से आए श्रवण कुमार ने स्वास्थ्यकर्मियों को आरसीएच-2 रजिस्टर के सही तरीके से संधारण तथा ऑनलाइन पोर्टल पर लाभार्थियों से संबंधित आंकड़ों की प्रविष्टि करने की जानकारी दी। उन्होंने ऑनलाइन डाटा एंट्री की प्रक्रिया, समय पर डाटा अपलोड करने और संबंधित अभिलेखों को व्यवस्थित रखने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी बनाने में सही आंकड़ों का संधारण और समय पर ऑनलाइन रिपोर्टिंग बेहद महत्वपूर्ण है।

## आमजनों की समस्याओं के समाधान को लेकर जिलाधिकारी ने की जनसुनवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नवादा।** बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान–जीवन आसान का उद्देश्य राज्य के नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाना है। इसी क्रम में 12 अक्टूबर 2026 को जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में जनसुनवाई आयोजित की गई। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजनों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया। जनसुनवाई में कुल 19 परिवाद प्राप्त हुए। जनसुनवाई के दौरान वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के खैरा ग्राम निवासी सीताराम सिंह ने आहर की सफाई एवं पुल निर्माण, नारदीगंज थाना क्षेत्र के इचुआ ग्राम निवासी अनिल कुमार ने नवसृजित स्वास्थ्य उपकेंद्र के भवन निर्माण, धमौल थाना क्षेत्र के तुर्कवन ग्राम निवासी रेणु देवी ने पति की मृत्यु के उपरांत आर्थिक सहायता प्रदान करने तथा थाली थाना क्षेत्र के एकतारा ग्राम निवासी सुरेश पासवान ने अतिक्रमण से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों ने भी अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों से जिला पदाधिकारी को अवगत कराया। जिलाधिकारी ने सभी परिवादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों की नियमानुसार जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को अग्रसारित किया गया। जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जनसुनवाई में प्राप्त सभी परिवादों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करें।

## एक नजर

### आवेदन प्राप्ति काउंटरों का जिला पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

**नवादा।** सोमवार को जिलाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा अभियान बसेरा के तहत पात्र वासभूमिहीन व्यक्तियों से आवेदन प्राप्त करने हेतु हरिश्चन्द्र स्टेडियम परिसर में स्थापित आवेदन प्राप्ति काउंटरों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने काउंटरों पर आवेदन जमा करने आ रहे आवेदकों की सुविधा, भीड़ प्रबंधन एवं विधि-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को काउंटरों पर भीड़ को व्यवस्थित रखने तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती एवं दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिला प्रशासन, नवादा की ओर से अभियान बसेरा के तहत पात्र वासभूमिहीन आवेदकों से अपील की गई है कि वे आवेदन जमा करने के लिए हरिश्चन्द्र स्टेडियम परिसर में स्थापित काउंटरों के अतिरिक्त अपने संबंधित अंचल स्तर पर आयोजित शिविरों में भी आवेदन जमा कर सकते हैं। निरीक्षण के अवसर पर अपर समाहर्ता, नवादा, अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर, गोपनीय शाखा प्रभारी, डीएसपीएलआर, नवादा सदर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### 230 लीटर शराब बरामद, धंधेबाज फरार

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र के लालपुर जंगल में पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब बरामद की है। पुलिस ने मौके से 200 लीटर देशी महुआ शराब एवं 30 लीटर विदेशी अंग्रेजी शराब जब्त की। हालांकि, पुलिस की भनक लगते ही धंधेबाज घने जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गए। इस संबंध में कौआकोल थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया कि एसआई धनु अंसारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने लालपुर जंगल में छापेमारी की। इस दौरान कुल 230 लीटर शराब बरामद की गई। पुलिस की कार्रवाई की भनक लगने पर शराब के धंधे में संलिप्त लोग मौके से भागने में सफल रहे। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में कौआकोल थाना कांड संख्या 521/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस फरार धंधेबाजों की पहचान करने में जुटी है। उनकी गिरफ्तारी के लिए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### अवैध गैस रिफिलिंग का धंधा, हादसे की आशंका

**नवादा।** शहर के मस्तानगंज मोहल्ले में पेट्रोल पंप के समीप कथित तौर पर अवैध रूप से रसोई गैस सिलिंडर में गैस भरकर बेचने का धंधा खुलेआम चलने की शिकायत सामने आई है। पेट्रोल पंप के नजदीक इस तरह की गतिविधियों से किसी बड़े हादसे की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन और संबंधित विभाग ने कार्रवाई नहीं की, तो कभी भी गंभीर दुर्घटना हो सकती है। बताया जाता है कि मस्तानगंज स्थित पेट्रोल पंप के आसपास गैस की अवैध रिफिलिंग और बिक्री का कारोबार जारी है। यदि बिना सुरक्षा मानकों का पालन किए गैस की रिफिलिंग की जा रही है, तो यह आसपास के दुकानदारों, राहगीरों और स्थानीय निवासियों के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। पेट्रोल पंप जैसे संवेदनशील स्थान के समीप इस प्रकार की गतिविधियों पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मामले की जांच कर अवैध गैस रिफिलिंग पर रोक लगाने की मांग की है।

### 18 साल में 60 करोड़ मिले, फिर भी विकास नहीं दिख रहा : डॉ. अनुज सिंह

**नवादा।** पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से जन सुराज पार्टी के प्रत्याशी डॉ. अनुज सिंह ने सोमवार को नवादा जिले के सात प्रखंडों में स्नातक मतदाताओं के साथ जनसंवाद कर समर्थन मांगा। इस दौरान उन्होंने वर्तमान विधान पार्षद नीरज कुमार के 18 वर्षों के कार्यकाल पर सवाल उठाते हुए कहा कि इतने लंबे समय में करीब 60 करोड़ रुपये का फंड मिलने के बावजूद क्षेत्र में विकास कार्य कहीं दिखाई नहीं दे रहा है। उन्होंने सवाल किया कि जब इतने वर्षों में स्नातकों के लिए एक भवन तक नहीं बन सका, तो विकास का आकलन कैसे किया जाए। डॉ. सिंह ने कहा कि स्नातकों के अधिकारों और भविष्य को बेहतर बनाने के लिए शिक्षित वर्ग को एकजुट होना होगा।

## वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजित, नुक्कड़ नाटक से ग्रामीणों को किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** भारतीय रिजर्व बैंक,पटना के वित्तीय समावेशन एवं विकास विभाग के तत्वावधान में सोमवार को ग्राम निर्माण मंडल, सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से किसानों एवं ग्रामीणों को सुरक्षित बैंकिंग, डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव तथा वित्तीय प्रबंधन के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आरबीआई पटना के मोहित मीना उपस्थित रहे। वहीं, लीड जिला प्रबंधक (एलडीएम) संजय कुमार,रीजनल मैनेजर रणधीर कुमार तथा नाबार्ड के डीडीएम सुशांत रौशन ने भी भाग लिया। इस



अवसर पर ग्राम निर्माण मंडल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार, कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. जयवंत कुमार सिंह, विषय वस्तु विशेषज्ञ अंगद कुमार एवं रजत रंजन, फार्म प्रबंधक सुमिताव रंजन, मनोज कुमार सहित संस्थान के कर्मी एवं स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कलाकारों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक रहा। इसके माध्यम से ग्रामीणों को सरल एवं मनोरंजक तरीके से डिजिटल धोखाधड़ी से बचने, सुरक्षित ऑनलाइन लेन-देन करने और बैंकिंग सेवाओं का सही इस्तेमाल करने की जानकारी दी गई। आरबीआई पटना के मोहित मीना ने कहा कि सुरक्षित बैंकिंग के लिए केवाईसी का अद्यतन रहना जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी, एटीएम पिन या बैंक खाते से जुड़ी गोपनीय जानकारी साझा न करें। डिजिटल युग में सतर्कता ही वित्तीय सुरक्षा का सबसे प्रभावी उपाय है।

## डांडिया की धुन पर थिरकीं इनर व्हील क्लब की महिलाएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नवादा।** नवरात्रि के पावन अवसर पर इनर व्हील क्लब, नवादा की महिलाओं ने भक्ति, उल्लास और पारंपरिक संस्कृति के रंगों से सजे डांडिया एवं गरबा उत्सव का आयोजन किया। जैन धर्मशाला के समीप क्लब की सदस्य सावित्री बरनवाल के निवास स्थान पर आयोजित इस कार्यक्रम में क्लब की सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रंग-बिरंगे परिधानों और आकर्षक आभूषणों से सजी महिलाओं ने डांडिया और गरबा की धुन पर जमकर उत्सव मनाया। पूरे आयोजन में उत्साह, उमंग और आपसी सौहार्द का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि सभी सदस्य अपने-अपने घरों से प्रसाद स्वरूप विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाकर लाई थीं। इन व्यंजनों को लेकर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। धार्मिक आस्था के साथ आपसी मेलजोल और पारंपरिक खानपान ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। क्लब की अध्यक्ष रेखा रानी ने कहा कि नवरात्रि में आदिशक्ति मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। इनर व्हील क्लब भी महिलाओं का संगठन है, जहां महिलाएं एकजुट होकर सामाजिक और रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेती हैं। उन्होंने कहा कि आज सभी महिलाएं सज-धजकर रंग-बिरंगे परिधानों और आभूषणों में डांडिया उत्सव मनाने पहुंची हैं।

## विभिन्न विद्यालयों में 'ढाई आखर' पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा डाक मंडल के अंतर्गत 12 अक्टूबर 2026 को विभिन्न विद्यालयों में डाक विभाग द्वारा 'ढाई आखर' पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय"एक चिट्ठी धरती मां के नामः प्रकृति की रक्षा, मेरा वादा"था। इस प्रतियोगिता का आयोजन जीवंत ज्योति पब्लिक



स्कूल, न्यू एरा एकेडमिक स्कूल, गुरुकुल स्कूल, II तियान ऋतेश स्कूल ऑफ साइंटिफिक रिसर्च तथा टॉपर्स पब्लिक स्कूल में किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा पत्रों के माध्यम से प्रकृति संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा एवं धरती माँ के प्रति अपने दायित्वों और संकल्पों को अभिव्यक्त किया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पत्र लेखन के प्रति रुचि विकसित करना। डाक विभाग द्वारा इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने तथा समाज में पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रसारित करने का प्रयास किया जा रहा है। विश्व डाक सप्कताह पर अधीक्षक अरविन्द कुमार के नेत्रित्व में नवादा मंडल के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में ढाई आखर पत्र लेखन का आयोजन किया गया।

# नालंदा

## प्रतिमा विसर्जन घाटों का एसडीओ और एसडीपीओ ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा।** दुर्गापूजा के बाद मां दुर्गा की प्रतिमाओं के सुरक्षित विसर्जन को लेकर अनुमंडल प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शुक्रवार को एसडीओ अमित कुमार पटेल और एसडीपीओ सुनील कुमार सिंह ने मुहाने नदी पुल और सूर्य मंदिर तालाब स्थित विसर्जन घाटों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने घाटों की स्थिति, जलस्तर, ढलान और पहुंच पथ का जायजा लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने गहरे पानी वाले स्थानों



पर मजबूत बांस-बल्ली से बैरिकेडिंग कराने और खतरनाक जगहों पर लाल कपड़े से सुरक्षा घेरा बनाने का निर्देश दिया। सभी चिह्नित विसर्जन घाटों पर स्थानीय कुशल गोताखोरों और एसडीआरएफ की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया, ताकि आपात स्थिति में तत्काल बचाव कार्य किया जा सके। अधिकारियों ने घाटों और वहां तक पहुंचने वाले रास्तों पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। बिजली बाधित होने पर जनरेटर की वैकल्पिक व्यवस्था रखने और पहुंच पथ पर बने गड्ढों को भरकर आवागमन सुगम बनाने को कहा गया। प्रशासन ने विसर्जन के दौरान नदी और तालाबों में नाव परिचालन तथा डीजे के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया। घाटों पर दंडाधिकारी और पुलिस बल तैनात रहेंगे। प्रतिमा विसर्जन पूरा होने और अंतिम श्रद्धालु के सुरक्षित घर लौटने तक सुरक्षा कर्मियों को मुस्तैद रहने को कहा गया है। प्रशासन ने पूजा समितियों से निर्धारित रूट, समय-सारणी और सुरक्षा मानकों का पालन करने की अपील की। मौके पर बीडीओ चंदन कुमार, सीओ कुमारी रूपम शर्मा, कार्यपालक पदाधिकारी रविशंकर कुमार, मुख्य पार्षद धनंजय कुमार समेत अन्य पदाधिकारी और कर्मी मौजूद थे।

## करायपरशुराय के 15 विद्यालयों में फर्जी हाजिरी का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा।** करायपरशुराय प्रखंड में शिक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों और अभिभावकों ने प्रखंड के करीब 15 विद्यालयों में शिक्षकों के समय पर स्कूल नहीं पहुंचने के बावजूद फर्जी तरीके से हाजिरी बनाए जाने का आरोप लगाया है। इस मामले को लेकर क्षेत्र में नाराजगी देखी जा रही है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि विद्यालयों में शिक्षकों की अनियमित उपस्थिति का सिलसिला लंबे समय से जारी है। आरोपों के अनुसार, इस मामले में प्रखंड शिक्षा विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत की भी आशंका जताई जा रही है। हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षकों के समय पर विद्यालय नहीं पहुंचने का सीधा असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। कई बार बच्चे स्कूल पहुंचने के बाद भी पढ़ाई से वंचित रह जाते हैं।

### फसल काटने के विवाद में मारपीट, दो जख्मी

**इस्लामपुर।** खोदागंज थाना क्षेत्र के कटवा रसलपुर गांव में खेत में लगी फसल काटकर फेंकने के विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। घटना में दोनों पक्षों की एक-एक महिला जख्मी हो गई। जख्मी महिलाओं की पहचान विशेश्वर यादव की पत्नी माला देवी और राजेश यादव की पत्नी सोना देवी के रूप में की गई है। दोनों का इलाज खोदागंज बाजार स्थित एक निजी चिकित्सक के क्लीनिक में कराया गया।बताया जाता है कि खेत में फसल काटकर फेंकने को लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले गाली-गलौज हुई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान दोनों महिलाएं जख्मी हो गईं।घटना के बाद दोनों पक्षों की ओर से खोदागंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस के अनुसार, एक पक्ष ने सात लोगों, जबकि दूसरे पक्ष ने चार लोगों को नामजद आरोपित बनाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पलटी, युवक गंभीर रूप से घायल

**बिहारशरीफ।** बिन्द थाना क्षेत्र के एसएच-78 पर बिन्द फोरलेन चैक के समीप तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। इस हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान जैतीपुर गांव निवासी कृष्णनंदन प्रसाद के 41 वर्षीय पुत्र प्रमोद प्रसाद के रूप में की गई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना डायल 112 की पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मॉडल अस्पताल, बिहारशरीफ रेफर कर दिया।इस संबंध में थानाध्यक्ष मुरली मनोहर आजाद ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल युवक को इलाज के लिए बिहारशरीफ रेफर किया गया है। दुर्घटनाग्रस्त बाइक को जब्त कर थाने में सुरक्षित रखा गया है।

### विकसित भारत क्विज में में नालंदा तीसरे स्थान पर



**बिहारशरीफ।** उप विकास आयुक्त सारा अशरफ की अध्यक्षता में सोमवार को मेरा युवा भारत, नालंदा के तत्वावधान में जिला सलाहकार समिति की त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पिछली तिमाही की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई।बैठक में नशामुक्ति अभियान को प्रभावी बनाने के लिए विद्यालयों, महाविद्यालयों, युवा क्लबों और स्वयंसेवकों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ अभियान चलाने का निर्देश दिया गया।विकसित भारत क्विज के प्रथम चरण में नालंदा ने निर्धारित 36,655 सहभागिताओं के लक्ष्य के विरुद्ध 41,329 सहभागिताएं दर्ज कीं। यह लक्ष्य का 112 प्रतिशत है। इसके साथ नालंदा बिहार में तीसरे स्थान पर रहा। वहीं, निबंध प्रतियोगिता के लिए चयनित एक हजार युवाओं में से अब तक 45 ने निबंध जमा किया है।डीडीसी ने मेरा भारत पोर्टल पर युवाओं, विशेषकर महिलाओं का पंजीकरण बढ़ाने तथा क्यूआर कोड और माइक्रो-इन्फ्लुएंसर्स के माध्यम से प्रचार-प्रसार तेज करने का निर्देश दिया। बैठक में एनएसएस, एनसीसी और भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की भूमिका पर भी चर्चा हुई। बताया गया कि 28 और 29 अक्टूबर को जिला युवा महोत्सव के तहत इनोवेशन चैलेंज और सांस्कृतिक ट्रैक की जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

## रणजी ट्रॉफीः यूपी ने पहली पारी में बनाए 540 रन, बिहार के दो विकेट गिरे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**राजगीर।** राजगीर इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी एलीट सीजन 2026-27 के तहत बिहार और उत्तर प्रदेश के बीच खेले जा रहे चार दिवसीय मुकाबले के दूसरे दिन उत्तर प्रदेश ने अपनी पहली पारी में 540 रन बनाकर बिहार पर दबाव बढ़ा दिया। जवाब में बिहार ने दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी पहली पारी में 18 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 44 रन बनाए हैं। बिहार की टीम अभी उत्तर प्रदेश से 496 रन पीछे है, जबकि उसके आठ विकेट शेष हैं।पहले दिन उत्तर प्रदेश ने तीन विकेट पर 287 रन बनाए थे। दूसरे दिन टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए अपने स्कोर को 540 रन तक पहुंचाया। उत्तर प्रदेश की ओर से माधव कौशिक ने 150 रन और रिंकू सिंह ने 112 रन की शानदार पारियां खेलीं। इनके अलावा आराध्या यादव ने 84, जीशान अंसारी ने 58 और अभिनंदन सिंह ने 43 रन बनाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। बिहार की ओर से गेंदबाजी में अमोद यादव सबसे सफल रहे। उन्होंने 29.1 ओवर में छह मेडन रखते हुए 91 रन देकर चार विकेट झटके। सुराज कश्यप ने 43 ओवर में नौ मेडन



के साथ 100 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। कप्तान साकिबुल ने दो और हिमांशु ने एक विकेट लिया।540 रन के जवाब में उतरी बिहार की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक उसके दो विकेट गिर चुके थे। पियूष कुमार सिंह 16 रन बनाकर नाबाद हैं। उनके साथ अमोद यादव नाबाद लौटे। उत्तर प्रदेश की ओर से कार्तिक त्यागी और करण शर्मा ने एक-एक विकेट हासिल किया।मुकाबले के तीसरे दिन 13 अक्टूबर को बिहार की कोशिश अपनी पहली पारी को संभालने और बड़े स्कोर की ओर बढ़ने की होगी। टीम को उत्तर प्रदेश के विशाल स्कोर का जवाब देने के लिए धैर्य और एकाग्रता के साथ बल्लेबाजी करनी होगी।

## हिलसा में महिलाओं के लिए दो पिंक ई-रिक्शा शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हिलसा।** महिलाओं के सुविधाजनक एवं सुरक्षित आवागमन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर परिषद हिलसा की ओर से दो पिंक ई-रिक्शा की शुरुआत की गई। सोमवार को नगर परिषद कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य पार्षद धनंजय कुमार और उपमुख्य पार्षद दुर्गा कुमारी सहित वार्ड पार्षदों एवं नगर परिषद के पदाधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर दोनों ई-रिक्शा को रवाना किया। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को आवागमन के लिए सुविधाजनक, सुरक्षित और सुलभ परिवहन विकल्प उपलब्ध कराना है। पिंक ई-रिक्शा के संचालन से महिलाओं को शहर में आने-जाने में सहूलियत मिलने की उम्मीद है। इस पहल को लेकर महिलाओं में उत्साह देखा जा रहा है। मौके पर मुख्य पार्षद धनंजय कुमार ने कहा कि नगर परिषद का उद्देश्य केवल शहर में आधारभूत सुविधाओं का विकास करना नहीं, बल्कि महिलाओं, बुजुर्गों और आम नागरिकों के लिए सुविधाजनक एवं सुरक्षित वातावरण तैयार करना भी है। पिंक ई-रिक्शा की शुरुआत इसी सोच का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी नागरिकों की जरूरतों के अनुरूप जनहित से जुड़ी योजनाओं को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद सुजंती देवी, पम्मी कुमारी, राकेश कुमार शर्मा, संतोष गुप्ता, प्रमोद कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि, प्रतिनिधि एवं नगर परिषद के कर्मी मौजूद थे।

**नगर परिषद ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**
**सुरक्षित आवागमन में मिलेगी सुविधा**

## सांसद की पहल पर सरमेरा अस्पताल में लगेगी डिजिटल एक्स-रे मशीन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** सांसद कौशलेन्द्र कुमार की पहल पर नालंदा जिले के सरमेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डिजिटल एक्स-रे जांच की सुविधा शुरू करने की कवायद तेज हो गई है। राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार ने संबंधित एजेंसी को अस्पताल में डिजिटल एक्स-रे मशीन स्थापित कर जल्द सेवा शुरू करने का निर्देश दिया है। इससे क्षेत्र के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने की उम्मीद बढ़ गई है।राज्य स्वास्थ्य समिति के प्रशासीपदाधिकारी-सह-प्रभारी, पीपीपी राजेश कुमार ने 7 अक्टूबर 2026 को पत्र जारी कर नई दिल्ली की संस्था मेसर्स अनिक्रा फाउंडेशन को अनुबंध के अनुसार डिजिटल एक्स-रे मशीन स्थापित करने और सेवा संचालित करने का निर्देश दिया है। इसके लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी और प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक से समन्वय स्थापित करने को कहा गया है।इससे पहले जिला स्वास्थ्य समिति, नालंदा ने भी 7 अक्टूबर को राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक को पत्र भेजकर सरमेरा अस्पताल में डिजिटल एक्स-रे मशीन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था। अस्पताल में मरीजों को बेहतर जांच सुविधा देने के उद्देश्य से यह मांग की गई थी। सांसद कौशलेन्द्र कुमार क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को लेकर प्रयासरत हैं। सरमेरा अस्पताल में डिजिटल एक्स-रे सेवा शुरू होने से ग्रामीण मरीजों को जांच के लिए दूर-दराज के अस्पतालों में जाने की परेशानी कम होगी। इससे मरीजों के समय और पैसे की बचत होगी तथा चिकित्सकों को बीमारी की पहचान कर बेहतर उपचार करने में सहूलियत मिलेगी। खासकर गरीब और जरूरतमंद परिवारों को इसका लाभ मिलने की उम्मीद है। अब मशीन स्थापित होने और जरूरी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद सेवा शुरू हो सकेगी।

## कतरीसराय के नए बीईओ ने संभाला प्रभार, लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कतरीसराय।** प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के रूप में कपिल देव पासवान ने सोमवार को बादी स्थित बीआरसी भवन में विधिवत प्रभार ग्रहण किया। प्रभार ग्रहण करने के बाद बीआरपी अजय प्रसाद, एमडीएम प्रभारी संतोष कुमार, मुकेश कुमार, भूषण कुमार सहित अन्य कर्मियों ने उन्हें फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर बीइओ कपिल देव पासवान ने कहा कि सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ करें। विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शैक्षणिक कार्यों में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों के विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि विद्यालय संचालन या शैक्षणिक कार्यों के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या आने पर उन्हें अवगत कराएं, ताकि उसका समय पर समाधान किया जा सके। बीईओ ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने और बच्चों के शैक्षणिक स्तर में सुधार लाने के लिए सभी शिक्षकों एवं कर्मियों का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने सभी से मिलकर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने की अपेक्षा की।

# शिक्षा, समानता और मानवीय मूल्यों से बनेगा विकसित भारत : प्रेम कुमार

## दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के पांचवें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए विधानसभा अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि शिक्षा, समानता और मानवीय मूल्यों के आधार पर ही विकसित भारत का निर्माण संभव है। युवाओं को अपने ज्ञान, प्रतिभा और योग्यता का उपयोग व्यक्तिगत सफलता के साथ-साथ समाज के उत्थान और राष्ट्र निर्माण में भी करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से संवैधानिक मूल्यों, लोकतांत्रिक परंपराओं और सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति प्रतिबद्ध रहने का आह्वान किया। डॉ. प्रेम कुमार गयाजी स्थित दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के पांचवें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। समारोह में राज्यपाल अता हसनैन, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी और बिहार के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। डॉ. प्रेम कुमार ने पदक एवं उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों और शोधार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यार्थियों की सफलता में योगदान देने वाले अभिभावकों, शिक्षकों और विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि युवाओं को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ दूसरों के विचारों का भी सम्मान करना चाहिए। जाति, धर्म, भाषा, रूप-रंग, लिंग और सामाजिक परिवेश के आधार पर भेदभाव से मुक्त समाज का निर्माण जरूरी है। प्रेम, बंधुत्व, सहिष्णुता और समानता जैसे मूल्यों को अपनाकर ही सशक्त एवं समरस समाज बनाया जा सकता है। युवाओं को वंचित वर्गों की समस्याओं को समझते हुए उनके उत्थान के लिए आगे आना चाहिए। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बिहार की ज्ञान परंपरा और ऐतिहासिक विरासत युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। आर्यभट्ट जैसे महान वैज्ञानिक और दशरथ मांझी जैसे कर्मयोगी का उदाहरण देते हुए उन्होंने युवाओं से संघर्ष, परिश्रम और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने की अपील की। उन्होंने विश्वविद्यालय की प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि कृषि विज्ञान में पढ़ाई और शोध से नवाचार को बढ़ावा मिलेगा तथा कृषि क्षेत्र को नई दिशा प्राप्त होगी। बेटियों की शिक्षा पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध और आवासीय सुविधाएं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। शिक्षा के माध्यम से महिलाओं का सशक्तीकरण सामाजिक विकास का मजबूत आधार है। राज्य में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में हो रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार सरकार विद्यालयों से विश्वविद्यालयों तक शिक्षकों की नियुक्ति, शैक्षणिक गतिविधियों में तेजी और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए कदम उठा रही है। स्वास्थ्य सेवाओं, चिकित्सा महाविद्यालयों और अस्पतालों के विकास, बाल हृदय योजना के तहत उपचार तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़े वर्गों और अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए भी पहल की गई है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहायता और अल्पसंख्यक विद्यार्थियों के लिए शिक्षा ऋण जैसी व्यवस्थाएं युवाओं के अवसर बढ़ाती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से 'समाज को लौटाने' की भावना के साथ काम करने की अपील की।

# गया कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग में 'लाइफ कोचिंग टू ट्रांसफॉर्म लाइफ' विषय पर सेमिनार आयोजित




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** गया कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग की ओर से विद्यार्थियों के भविष्य को बेहतर और सफल बनाने के उद्देश्य से 'लाइफ कोचिंग टू ट्रांसफॉर्म लाइफ' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. डॉ. सतीश सिंह चंद्र ने की। इसमें वक्ताओं ने विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित करने, आत्मविश्वास बढ़ाने और सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य वक्ता और मेंटर डॉ. नंदन कुमार सिन्हा ने सफलता के लिए स्पष्टता, प्रतिबद्धता और निरंतरता को आवश्यक बताया। उन्होंने अपनी प्रेरक बातों से विद्यार्थियों में ऊर्ज़ा और उत्साह का संचार किया। उन्होंने जीवन में लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और निरंतर प्रयास करते रहने का संदेश दिया। बहुचर्चित वक्ता सुनीता कुमारी ने कहा कि जीवन में जागरूकता और सक्रियता बेहद जरूरी है। जब तक व्यक्ति स्वयं के प्रति जागरूक नहीं होगा, तब तक वह अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित नहीं कर सकता। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं को पहचानने और लक्ष्य प्राप्ति के लिए ठोस कदम उठाने की प्रेरणा दी। मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. आनंद कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. मार्कण्डेय पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि इस तरह का आयोजन महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। इससे विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने की नई दिशा मिलती है। कार्यक्रम में डॉ. रामदेव प्रसाद, डॉ. आशा कुमारी, डॉ. संध्या कुमारी, डॉ. विशाल यादव, अमर कुमार और लक्ष्मी प्रसाद सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

# पिकअप से 1800 किलो महुआ फूल, 420 लीटर स्पिरिट, 29 कार्टन बीयर बरामद, चालक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बांकेबाजार/गयाजी।** बांकेबाजार प्रखंड अंतर्गत रौशनगंज थाना क्षेत्र के बरमोरिया गांव के पास पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक पिकअप वाहन से भारी मात्रा में महुआ फूल, स्पिरिट और बीयर बरामद की है। इस मामले में पिकअप चालक को गिरफ्तार कर थाने लाया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। रौशनगंज थानाध्यक्ष अनु राजा ने बताया कि बरमोरिया के पास एक पिकअप वाहन की जांच की। इस दौरान वाहन से 1800 किलोग्राम महुआ फूल, 35 लीटर क्षमता वाले प्लास्टिक के 12 गैलन में कुल 420 लीटर स्पिरिट और किंगफिशर बीयर के 29 कार्टून बरामद किए गए। बीयर की कुल मात्रा 348 लीटर बताई गई है। मामले में गिरफ्तार चालक की पहचान सुधीर कुमार, पिता घनश्याम पासवान, निवासी गुरुआ, थाना गुरुआ, जिला गया के रूप में हुई है। पुलिस ने पिकअप वाहन समेत सभी बरामद सामग्रियों को अपने कब्जे में ले लिया है। मामले में अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# बाइक की चोरी, थाने में दिया आवेदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गयाजी)।** आंती थाना क्षेत्र के खटनही टोला मौला बिगहा निवासी उनय यादव की बाइक रफीगंज थाना क्षेत्र के तिवारी बिगहा से रविवार शाम चोरी हो गई। पीड़ित ने रफीगंज थाने में आवेदन देकर बाइक बरामदगी की मांग की है। पीड़ित उनय यादव, पिता स्व. लालजी यादव ने बताया कि 11 अक्टूबर की शाम करीब 4:45 बजे वह अपनी स्प्लेंडर प्लस बाइक को तिवारी बिगहा रेलवे स्टेशन के समीप लॉक कर पत्नी के साथ रफीगंज बाजार गए थे। घर में एक महिला की प्रसव के बाद मौत हो गई थी जिसके दशकर्म के लिए सामान खरीदना था। बाजार से शाम 5:50 बजे लौटे तो बाइक गायब मिली। काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चला। इधर, रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू यादव ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# जिला जदयू कार्यालय में डॉ. राममनोहर लोहिया की पुण्यतिथि मनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**गया जी।** जनता दल (यूनाइटेड), जिला गया के जिला कार्यालय में समाजवादी चिंतक, प्रखर विचारक एवं महान स्वतंत्रता सेनानी डॉ. राममनोहर लोहिया की पुण्यतिथि जिलाध्यक्ष इं. अजय कुशवाहा की अध्यक्षता में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर इं. अजय कुशवाहा ने डॉ. लोहिया के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे सामाजिक न्याय, समानता, गैर-बराबरी की समाप्ति तथा समाज के वंचित वर्गों के अधिकारों के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव और आर्थिक असमानता के विरुद्ध आजीवन संघर्ष किया। उनके विचार आज भी भारतीय राजनीति और समाज के लिए प्रासंगिक हैं। साथ ही अजय कुशवाहा ने कहा कि डॉ. लोहिया के विचारों को आत्मसात करते हुए समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना तथा सामाजिक समरसता और समान अवसर सुनिश्चित करना आवश्यक है। उनके सिद्धांत हमें जनसेवा, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने डॉ. राममनोहर लोहिया के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में जदयू पूर्व जिला अध्यक्ष अलेक्स जेन्डर खान, लालजी प्रसाद, रविंद्र प्रसाद सिन्हा, अरुण कुमार पटेल राज्य परिषद सदस्य, जितेंद्र दास, कैलाश पासवान, विनोद यादव, पप्पू दांगी, प्रकाश राम पटवा, हुजैफा कादरी, अर्जुन राम, गौतम पटेल, सियाराम मिश्रा, असलम अंसारी, गोपाल प्रसाद चन्द्रवंशी, संजय स्वर्णकार, राजेन्द्र प्रसाद, संजीव दांगी, शिव शंकर राम, सुनीता देवी आदि शामिल थे।

# प्रेम-प्रसंग में फरार दो युवक व दो किशोरियां आंती से गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गयाजी)।** आंती थाना क्षेत्र में प्रेम-प्रसंग के दो अलग-अलग मामलों में फरार दो युवक और दो किशोरियों को पुलिस ने सोमवार को आंती से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने बताया कि पहला मामला कांड संख्या 93/26 से जुड़ा है। इसमें दो माह पूर्व कोराप पंचायत के एक गांव की किशोरी और कोंच थाना क्षेत्र के डबूर पंचायत के एक गांव का युवक घर से फरार हो गए थे। दूसरा मामला कांड संख्या 70/26 का है। इसमें चार माह पूर्व तिनेरी पंचायत के एक गांव की किशोरी और आंती पंचायत के एक गांव का युवक फरार हुआ था। थानाध्यक्ष ने बताया कि चारों को एस आई मीरा कुमारी ने आंती से हिरासत में लिया है।

# आंती थाना में शांति समिति की बैठक, डीजे और अश्लील गानों पर रहेगा प्रतिबंध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गयाजी)।** दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर सोमवार को आंती थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने की। बैठक में बीडीओ चंदन कुमार ने निर्देश दिया कि थाना क्षेत्र के जिन-जिन गांवों में दुर्गा प्रतिमा स्थापित की जा रही है वहां के आयोजक अनिवार्य रूप से अनुज्ञप्ति लें और पूजा समिति के सदस्यों की सूची थाने में जमा करें। बिना लाइसेंस के कहीं भी मूर्ति स्थापित नहीं होगी। थानाध्यक्ष ने कहा कि मेले में विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए वॉलेंटियर की तैनाती की जाएगी जो बैच या टोपी में रहेंगे ताकि आसानी से उनकी पहचान हो सके। उन्होंने कहा कि अश्लील संगीत और डीजे पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। किसी भी शरारती तत्व द्वारा उपद्रव करने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। बैठक में जानकारी दी गई कि आंती बाजार में विजयादशमी के दिन मेला और रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा, काबर में रामकथा जारी है और दशमी की शाम रावण दहन होगा। वहीं चंदैनी में एकादशी के दिन मेला और रात में गोपाल यादव बनाम मंगलम यादव के बीच दुगोला मुकाबला होगा। इसके अलावा चबूरा और खवासपुर में भी प्रतिमा स्थापित की जा रही है। मौके पर एसआई मीरा कुमारी, एसआई राजीव कुमार, मुस्तफा कमाल के अलावा चबूरा मुखिया संजय यादव, सरपंच प्रतिनिधि मो. शाहिद उर्फ साहू, तिनेरी मुखिया प्रतिनिधि मो. मुंतजिर, सामाजिक कार्यकर्ता पुण्यदेव यादव, जदयू प्रखंड अध्यक्ष हरेंद्र दांगी, सुन्नी वक्फ बोर्ड टिकारी के उपाध्यक्ष जमीलुर रहमान, मो. आकिब आलम, गुड्डू कुमार रौशन, मो. हसनैन, अशोक यादव, सुभाष चंद्र कुमार, जमींद्र यादव समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# दुर्गा पूजा में डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध, सुरक्षा के लिए हर पंडाल में लगेंगे सीसीटीवी

## टिकारी में शांति समिति की बैठक, रात 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर बजाने पर रोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी प्रवीण कुंदन ने की। बैठक में पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था, अग्नि सुरक्षा, बिजली व्यवस्था, यातायात नियंत्रण और विसर्जन स्थलों की साफ-सफाई को लेकर संबंधित अधिकारियों एवं पूजा समितियों को कई आवश्यक निर्देश दिए गए। एसडीओ ने स्पष्ट किया कि दुर्गा पूजा के दौरान डीजे का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। वहीं, लाउडस्पीकर बजाने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी से अनुज्ञप्ति लेना अनिवार्य होगा। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग सुबह छह बजे से रात 10 बजे तक ही किया जा सकेगा। इस दौरान बिहार कंट्रोल ऑफ द यूज एंड प्ले ऑफ लाउडस्पीकर एक्ट, 2020 के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। पूजा पंडालों में किसी भी समुदाय की धार्मिक या राजनीतिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले कार्टून, फ्लैक्स और बैनर लगाने पर रोक लगाई गई। आयोजकों को पंडालों में आवश्यक संपर्क नंबर प्रदर्शित करने, पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाने और अग्नि सुरक्षा के इंतजाम करने को कहा गया। पंडालों में सिंथेटिक कपड़ों का उपयोग नहीं करने, दीप जलाने के बाद उन्हें सुरक्षित स्थान पर रखने तथा अस्थायी विद्युत कनेक्शन लेने के बाद ही बिजली का उपयोग करने का निर्देश दिया गया। आग से बचाव के लिए अग्निशामक यंत्र या बालू भरी बाल्टियां रखने पर भी जोर दिया गया। सड़क जाम और यातायात की समस्या से निपटने के लिए नगर परिषद टिकारी के कार्यपालक पदाधिकारी और अनुमंडल क्षेत्र के सभी अंचल अधिकारियों को अस्थायी अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया। विसर्जन स्थलों की साफ-सफाई की जिम्मेदारी संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को सौंपी गई।

# विभागीय आदेश के उल्लंघन पर गिरी गाज, डॉ. उदय कुमार निलंबित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों की अनदेखी करना शेरघाटी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. उदय कुमार को महंगा पड़ गया। विभाग ने उन्हें निलंबित कर दिया है। मामला कथित फर्जी नियुक्ति के आरोप में सेवामुक्त किए गए अखिलेश शर्मा के सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) खाते और भुगतान प्रक्रिया से जुड़ा है। बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने नौ अक्टूबर को निलंबन संबंधी अधिसूचना जारी की है। विभागीय आदेश के अनुसार अखिलेश शर्मा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, शेरघाटी में परिचारक के पद पर कार्यरत थे। उनकी नियुक्ति फर्जी पाए जाने के बाद सिविल सर्जन, गया ने 27 फरवरी 2018 को उन्हें सेवामुक्त कर दिया था। इसके बाद विभाग ने 13 दिसंबर 2022 को आदेश जारी कर स्पष्ट किया था कि उन्हें समूह जीवन बीमा और सामान्य भविष्य निधि खाते में जमा राशि का भुगतान नहीं किया जाना है। इसके बावजूद डॉ. उदय कुमार पर विभागीय आदेश की अवहेलना करते हुए भुगतान की प्रक्रिया शुरू करने के लिए पत्राचार करने का आरोप है।

# युवाओं में सत्ता बदलने की क्षमता : प्रो. मुंद्रिका प्रसाद नायक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोधगया।** 'जीवन संगम' सभागार में जयप्रकाश नारायण की 124वीं जयंती के अवसर पर लोकतंत्र जेपी सेनानी संगठन के तत्वावधान में समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता संगठन के जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह और संचालन रामविलास शर्मा ने किया। समारोह के प्रारंभ में जेपी के तैल चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की गई। समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. अली इमाम ने कहा कि जेपी संपूर्ण क्रांति की बात करते थे जिसका उद्देश्य समाज में आमूलचूल परिवर्तन करना था। एक ऐसा समाज बने जो शोषण मुक्त हो जहां आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक, राजनीतिक गैर बराबरी न हो। उन्होंने कहा कि जेपी गांव को सशक्त बनाने की बात करते थे। वे चाहते थे कि गांव से शुरू हो कर पंचायत, प्रखंड, अनुमंडल, जिला, राज्य और केंद्र सरकार बनाने का चुनाव हो। उन्होंने यह भी कहा कि जेपी की जयंती और पुण्यतिथि मनाते सभी हैं, लेकिन जेपी के इन विचारों को तवज्जो नहीं देते। अभी बिहार और केंद्र में 1974 में शामिल रहने वालों की सरकार है जो निरंकुश है। आंदोलन से निकले लोगों की सरकार के रहते किसी मुद्दे पर आंदोलन करने वाले युवाओं को बेरहमी से पीटा जा रहा है। संविधान प्रदत्त अभिव्यक्ति की आजादी को छीनने की कोशिश हो रही है। उन्होंने कहा कि ऐसी परिस्थिति में जेपी के बताए अनुसार शांतिमय तरीके से आंदोलन करना युवाओं का अधिकार और कर्तव्य है, उन्हें जोखिम उठाने के लिए तैयार रहना चाहिए। प्रोफेसर मुंद्रिका प्रसाद नायक ने कहा कि युवाओं में सत्ता बदलने की क्षमता होती है। उन्होंने बंगलादेश, नेपाल, श्रीलंका का उदाहरण देते हुए कहा कि हिंदुस्तान में भी युवा सड़क पर हैं। एस आई आर के विरुद्ध लड़ रहे हैं, लेकिन युवाओं को सामाजिक मुद्दे भी उठाने होंगे। इस मौके पर लोक समिति के राष्ट्रीय संयोजक कौशल गणेश आजाद ने जेपी के जीवन की जानकारी दी। श्री आजाद ने कहा कि आज वैसी ही परिस्थितियों से देश गुज़र रहा है।

# चोरी की शिकायत करने पहुंचे दो भाइयों से थाने में मारपीट का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** पंचानपुर थाना क्षेत्र के टेपा गांव में चोरी की शिकायत करने पहुंचे दो भाइयों के साथ पुलिस द्वारा कथित तौर पर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित कुंदन पासवान और उसके भाई गुलशन पासवान ने पंचानपुर थानाध्यक्ष अशोक कुमार एवं थाना के एक सिपाही पर बेरहमी से पिटाई करने, गाली-गलौज करने और चोरी की घटना में संलिप्तता स्वीकार करने के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया है। मामले की जानकारी मिलने के बाद टिकारी एसडीपीओ ने संज्ञान लेते हुए शिकायतकर्ता से लिखित आवेदन मांगा है। पीड़ित कुंदन पासवान के अनुसार शुक्रवार को उसके घर में चोरी की घटना हुई थी। शनिवार की सुबह उसने इसकी शिकायत पुलिस से की। इसके बाद पुलिस ने घटनास्थल की जांच की और श्वान दस्ते को भी बुलाया। आरोप है कि शनिवार की शाम पुलिस आवेदन में सुधार कराने की बात कहकर कुंदन और उसके भाई गुलशन को थाने ले गई। पीड़ितों का आरोप है कि थाने में दोनों के मोबाइल फोन ले लिए गए और बेल्ट व शर्ट उतरवा दी गई। इसके बाद उन्हें कुर्सी में फंसाकर बेरहमी से पीटा गया। उन्होंने आरोप लगाया कि थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने गाली-गलौज करते हुए उन पर चोरी की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार करने का दबाव बनाया। पीड़ितों के मुताबिक उन्होंने अपने घर में हुई चोरी की शिकायत की थी, इसके बावजूद उनके साथ ऐसा व्यवहार किया गया। परिजनों ने मामले की जानकारी टिकारी एसडीपीओ को दी। इसके बाद दोनों भाइयों को छोड़ दिया गया। घटना के बाद पीड़ितों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। टिकारी एसडीपीओ सुशांत कुमार चंचल ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। शिकायतकर्ता से लिखित शिकायत देने को कहा गया है।

# जेपी चौक पर बन रहे पार्क का कार्यपालक पदाधिकारी ने किया निरीक्षण, शहर में यूरिनल और शौचालय बनाने की भी तैयारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शेरघाटी नगर परिषद की कार्यपालक पदाधिकारी ऋचा प्रियदर्शिनी ने सोमवार को जेपी चौक के समीप निर्माणाधीन पार्क का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पार्क की रूपरेखा, निर्माण कार्य की प्रगति और लोगों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने पार्क में बच्चों के खेलने की व्यवस्था, वरिष्ठ नागरिकों के बैठने के लिए स्थान सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं को लेकर संबंधित कर्मियों से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता पदाधिकारी सुमित सौरभ, जेई बजेंद्र कुमार, रविरंजन कुमार, मोहन कुमार सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे। अधिकारियों ने पार्क के निर्माण से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी साझा की। जानकारी देते हुए कार्यपालक पदाधिकारी ऋचा प्रियदर्शिनी ने बताया कि शहर के बेहतर विकास और नागरिकों को सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पार्क का निर्माण कराया जा रहा है। यह पार्क कई वर्षों से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में था। अब इसका निर्माण बेहतर तरीके से कराया जा रहा है, ताकि शहरवासियों को एक बेहतर सार्वजनिक स्थल मिल सके। पार्क के तैयार होने से बच्चों को खेलने के लिए जगह मिलेगी, वहीं वरिष्ठ नागरिकों को भी बैठने और समय बिताने की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि नगर परिषद शहर के विकास के साथ-साथ आम लोगों की सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में शहर के विभिन्न स्थानों पर यूरिनल और शौचालय का निर्माण कराया जाएगा। इससे बाजार आने वाले लोगों, राहगीरों और अन्य नागरिकों को काफी सहूलियत मिलेगी। नगर परिषद की इस पहल से शहर में सार्वजनिक सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ स्वच्छता व्यवस्था को भी बेहतर बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है।


**कार्यालय जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा**

**सूचना**

जिला आयुष समिति अंतर्गत जिला कार्यक्रम प्रबंधक के पद पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया था। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक– 31.07.2026 तक कुल 30 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों की कंप्यूटर में प्रविष्टि के उपरांत कार्यालय ज्ञापांक– 202, दिनांक– 24.09.2026 द्वारा दावा–आपत्ति प्राप्त करने हेतु गढ़वा जिले के वेबसाईट www.garhwa.nic.in पर जारी किया गया। दावा–आपत्ति निराकरण के उपरांत योग्य एवं अयोग्य आवेदनों की सूची को गढ़वा जिले के वेबसाईट www.garhwa.nic.in पर जारी कर दिया गया है। योग्य आवेदनों की सूची के सभी उम्मीद्वारों का साक्षात्कार दिनांक– 22.10.2026 को पूर्वाहन 10:30 बजे से नये समाहरणालय भवन, कल्याणपुर, गढ़वा में आयोजित किया जाएगा।

सभी योग्य उम्मीद्वारों को सूचित किया जाता है कि साक्षात्कार में फोटोयुक्त पहचान पत्र एवं सभी संबंधित मूल प्रमाण पत्रों के साथ ससमय उपस्थिति रहेंगे। अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों के लिए पुनः साक्षात्कार का आयोजन नहीं किया जाएगा एवं उनके किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 391575 Health Med Edu and Family Welfare (26-27) D"



**Govt. of Jharkhand**
**Office Of the Executive Officer Nagar Panchayat Manjhiaon**

**Notice Inviting Tender**

**Very Short e- tender notice no. : 28/2026-27 Dated : 10.10.2026**

The under signed invites overall percentage rate bid for the work of mentioned in table below through e-Procurement from eligible and approved contractor registered in appropriate class in state Government Department and only UDHD of Jharkhand.. The bid shall be submitted online in the Website http://jharkhandtender.gov.in the bidder(s) should have necessary portal enrolment with their own Digital Signature Certificate:

| Sl. No. | Tender ID | Name of the Work | Estimated Cost(in Rs.) | Earnest Money (in Rs.) Online | Cost of tender paper (Rs.) Online | Time of completion | Head |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | UDHD/NPM/28/01/26-27 | Construction of Vending Market Referral hospital Manjhiaon boundary to Murga Dukan ward no 03 under NPM Part-A | 2249600 | 44992 | 5000 | 120 Days | नागरिक सुविधा |
| 02 | UDHD/NPM/28/02/26-27 | Construction of Vending Market Referral hospital Manjhiaon boundary to Murga Dukan ward no 03 under NPM Part-B | 2249600 | 44992 | 5000 | 120 Days | नागरिक सुविधा |

**Note :** Updated estimated cost should be considered for earnest Money.

➤ Period of availability of tenders online\date & time bidding on-line\last date of seeking clarification/of opening of tender papers are as give below:

| Sl. No. | Procurement Officer | Place of Opening E Tender | Availability of tender on line for bidding | | Date & time of opening bid. |
|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F |
| | | | From | To | |
| 1. | Executive Officer ,Nagar Panchayat Manjhiaon | Office of Executive Officer , Nagar Panchayat Manjhiaon | Date-15.10.2026 Time 05:00 P.M | Date- 24.10.2026 Time 5:00 P.M. | Date 26.10.2026 Time 04:00 P.M |

**Note :**
1. Only e-Tender will be accepted.
2. Any change in BOQ can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
3. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
4. पथ निर्माण विभाग के संकल्प संख्या 2146(S) दिनांक 09.09.2020 के अनुसार 10 (दश) प्रतिशत से न्यून निविदाताओं के लिए Additional Performance Security के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से
   (i) 10 से 20% Below की राशि का 20% तथा
   (ii) 20% से अधिक Below की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू रहेगा।
5. उक्त निविदा https://udhd.jharkhand.gov.in पर भी देखा जा सकता है।
6. Helpline Number of E-Procurement cell- 7488858091, 8521156090
7. Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) is to be paid through online mode as per instruction of IT Department, Gov of Jharkhand (Letter No 120, Date 03.10.2023)

PR 391583 (Urban Development)26-27*D

**Executive Officer,Nagar Panchayat Manjhiaon**

संपादकीय

# अंतरिक्ष यात्राओं पर धन खर्च करना शौक नहीं, विकास की जरूरत

जब इंसान ने पहली बार अंतरिक्ष की ओर देखा होगा, तब शायद उसके मन में दो भाव एक साथ पैदा हुए होंगे- विस्मय और जिज्ञासा. उसने सोचा होगा कि तारों के बीच क्या है? क्या चंद्रमा तक पहुंचा जा सकता है? पृथ्वी के बाहर जीवन संभव है या नहीं? हजारों वर्षों तक ये सवाल दर्शन, मिथक और कल्पना के विषय रहे. लेकिन बीसवीं सदी में मनुष्य ने इन्हें विज्ञान और प्रौद्योगिकी के सवालों में बदल दिया. आज स्थिति यह है कि अंतरिक्ष की खोज केवल इंसान की जिज्ञासा की यात्रा नहीं रही, बल्कि वह मानव सभ्यता के वजूद, विकास और भविष्य से जुड़ी अनिवार्यता बनती जा रही है. हर साल 4 से 10 अक्तूबर तक मनाया जाने वाला विश्व अंतरिक्ष सप्ताह इसी यात्रा को समझने का एक अवसर है. संयुक्त राष्ट्र ने 1999 में इसे मनाने की शुरुआत की थी. तारीखें भी प्रतीकात्मक हैं. 4 अक्तूबर 1957 को सोवियत संघ ने दुनिया का पहले कृत्रिम उपग्रह 'स्पुतनिक-1' पृथ्वी की कक्षा में भेजकर अंतरिक्ष युग का द्वार खोला था. इसके ठीक दस साल बाद 10 अक्तूबर 1967 को बाह्य अंतरिक्ष संधि प्रभावी हुई, जिसने यह सिद्धांत स्थापित किया कि अंतरिक्ष किसी एक राष्ट्र की संपत्ति नहीं, बल्कि शांतिपूर्ण खोज और उपयोग का क्षेत्र होना चाहिए. इस बीच, मानव इतिहास में 12 अप्रैल 1961 का एक असाधारण दिन आया, जब सोवियत अंतरिक्ष यात्री यूरी गागरिन 'वोस्तोक-1' में सवार होकर अंतरिक्ष में पहुंचने वाले पहले इंसान बने. लगभग 108 मिनट की उस उड़ान ने साबित कर दिया कि मनुष्य रॉकेट-यान के प्रक्षेपण, भारहीनता और पृथ्वी के वातावरण में पुनः प्रवेश जैसी चरम परिस्थितियों को सहन कर सकता है. इसके आठ साल बाद, जुलाई 1969 में अपोलो-11 से अंतरिक्ष में पहुंचे नील आर्मस्ट्रांग ने चंद्रमा पर कदम रखकर मानव सभ्यता की सीमाओं की परिभाषा ही बदल दी. अब इस यात्रा का विस्तार हमें चौंकाता है. असल में, अगर पृथ्वी से करीब 100 किमी की ऊंचाई को अंतरिक्ष की सीमा (कार्मान रेखा) मानें, तो अब तक कम से कम 52 देशों के कुल मिलाकर 746 लोग अंतरिक्ष की यात्रा कर चुके हैं. ये आंकड़े केवल तकनीकी उपलब्धि नहीं दर्शाते हैं. यह संकेत भी देते हैं कि शक्ति और विकास की वैश्विक अवधारणा अब बदल चुकी है. हालांकि भारत जैसे देश में अंतरिक्ष कार्यक्रमों पर एक पुराना सवाल बार-बार सामने आता है कि जिस देश में गरीबी, बेरोजगारी, कुपोषण, कृषि संकट और बुनियादी ढांचे की चुनौतियां हों वह चंद्रमा, मंगल और अंतरिक्ष यात्राओं पर धन क्यों खर्च करे? सवाल स्वाभाविक है, लेकिन इसकी बुनियाद में एक भ्रम है. हम अंतरिक्ष कार्यक्रम को पृथ्वी की समस्याओं के विकल्प के रूप में देखने के आदी हैं, जबकि वास्तव में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी उन्हीं समस्याओं के समाधान का महत्वपूर्ण साधन बन चुकी है. किसान के लिए मौसम का पूर्वानुमान, समुद्र में मछुआरे के लिए नौवहन, चक्रवात की अग्रिम चेतावनी, बाढ़ का मानचित्रण, जंगलों की आग की पहचान, सूखे की निगरानी, फसल क्षेत्र और उत्पादन का आकलन, जल संसाधनों की मैपिंग, दूरदराज के क्षेत्रों में संचार और टेली-एजुकेशन- इन सभी के पीछे कहीं न कहीं अंतरिक्ष आधारित तकनीकें ही काम करती हैं. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन- इसरो के मुताबिक भारत में उपग्रह प्रणालियां संचार, प्रसारण और मौसम संबंधी सेवाओं से लेकर प्राकृतिक संसाधनों की निगरानी, नेविगेशन, टेली-मेडिसिन और आपदा प्रबंधन तक राष्ट्रीय विकास की जरूरतों से भी जुड़ी हैं. यही कारण है कि विकासशील देश के लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम अमीर होने के बाद किया जाने वाला शौक नहीं, बल्कि विकास की आधारभूत तकनीक और जरूरत है.

# विपरीतों के सायुज्य का अद्भुत गुंफन

कार्सन का जीवन समय के दंशों से बिंधा हुआ है। यूं तो वह अपने निजी जीवन के बारे में ज्यादा नहीं बोलने के लिये जानी जाती हैं, किंतु उन्होंने अपनी कृतियों में माँ, भाई और पिता से जुड़े अनुभव साझा किये हैं। उनका भाई माइकेल सन् 1979 में ड्रग तस्करी में गिरफ्तारी से बचने के लिये कनाड़ा छोड़कर चला गया था। उसने भारत और योरोप में फरारी के कई साल बिताये और अंततः कोपेन हेगेन में जा बसा। वहां सन् 2000 में 55 साल की उम्र में उसकी मौत हुई। इसी साल उसने अपनी लाड़ली बहन को फोन किया था, लेकिन भेंट के पहले ही वह चल बसा। ग्रीक पौराणिक कथाओं में रात की देवी नॉक्स शीर्षक की इस किताब में वह चित्रों, चिट्ठियों और दस्तावेजों के सहारे कथानक को सँजोती हैं। वस्तुतः कार्सन निजी अनुभवों को भी वैश्विक अनुभवों की तरह लेती हैं। उनकी पहली शादी जियाकोमली कुलनाम के शख्स के साथ फकत आठ वर्ष टिकी। सन् 80 में तलाक के वक्त पहला पति 'द ब्यूटी आफ हस्बैंड' की नोटबुक छीन ले गया था, जो बाद में वापस मिली और छपकर चर्चित हुई।

अटकलों और इंतजार की घड़ियां खत्म हुई और अंततः आठ अक्टूबर को सन् 2026 के साहित्य के लिये नोबेल पुरस्कार की घोषणा हो गयी। कनाडा की लेखिका, कवयित्री, निबंधकार और शास्त्रज्ञ ऐन पैट्रीशिया कार्सन को दिसंबर में स्टाकहोम में इस पुरस्कार से नवाजा जायेगा। इसके तहत उन्हें करीब 1.20 करोड़ स्वीडिश क्रोनर यानि करीब बारह करोड़ रूपये मिलेंगे। उनका चयन उनके उस साहसिक और नवोनमेषी समग्र पर किया गया है, जो क्लासिकी परंपरा से खिलंदड़ी भाषा में संवाद के जरिये समकालीन साहित्य के नये रूप रचता है। 76 वर्षीया ऐन कार्सन नवाचारी शब्द शिल्पी हैं। उनकी रचनात्मकता का उत्स औरों से भिन्न है। उनका अनुभव संसार भिन्न है, शब्दों की धाती अलहदा और अंदाजे-बयां निजी और विशिष्ट। उनका सलीका और सलूक उन्हें हमारे वक्त के बड़े रचनाकारों से अलगाता है। उनके लिखे में व्यतीत और वर्तमान परस्पर गुंथा हुआ है; बेंजीन के केकुल के फार्मूले की मानिंद, जहां कार्बन और हाइड्रोजन के अणु संयुक्त हैं और सचल भी। वह क्लासिकी और आधुनिक परंपरा के मेल से नवाचार के माध्यम से नयी अलबेली दुनिया गढ़ने वाली ऐसी अद्वितीय रचयिता हैं, जिनके पास बीनाई है और सहेजे हुये को नया रूपाकार देने का कौशल और साहस भी। क्लासिकी से गुफ्तगू के जरिए वह नया मुहावरा गढ़ती हैं। उनके भीतर शब्दों के प्रति किसी भाषाविद का जुनूं भी है और नवोन्मेषी साहस भी। अतीत और वर्तमान के विशिष्ट और कलात्मक गुंफन का पर्याय है ऐन कार्सन। उनके लिखे में दोनों का सायुज्य देखते ही बनता है। वह अतीत के जीवाश्मों को पुनर्जीवित करती हैं, मृत मिथक-देहों में नया रक्त संचार करती हैं और इतिहास के निश्चेष्ट फेफड़ों में नयी सांसें फूँकती हैं। यह जीवट भरा कठिन काम है और उन्हें लेखकों



की बड़ी बिरादरी में सर्वथा अलग पायदान पर खड़ा करता है। यकीनन यही उनकी ताकत है और इसी ने नोबेल की प्रतिष्ठा-स्पर्द्धा में उन्हें बरबस अन्य दावेदारों से आगे कर दिया। यूं तो संभावित विजेता के तौर पर सलमान रूश्दी, हारूकी मुराकामी, जेराल्ड मर्नेन और थामस प्रिंचन जैसे अनेक नाम हवा में तैर रहे थे, लेकिन बाजी कार्सन ने जीती। अष्टांक कार्सन को फला। साहित्य के नोबेल के 119 क्रमों में अब तक उन्नीस लेखिकाओं को इस सम्मान से नवाजा गया है। अक्टूबर की आठ तारीख को उस गर्वीली पाँत में कार्सन भी शरीक हो गयीं। आठ अक्टूबर को जब भोर दुपहरी में तब्दील हो रही थी, 11 बजे के आसपास आइसलैण्ड में रेक्याविक में फाक्साफ्लोर्ड तट पर नीरव शांत वातावरण में कार्सन के घर में फोन की घंटी घनघनायी। फोन स्टाकहोम से था। एक बार घंटी बजी। कार्सन ने फोन काट दिया। फिर बजी। फिर विच्छेद। तीसरी बार फिर डिसकनेक्ट। चौथी आवृत्ति पर राबर्ट करी ने फोन उठाया। करी यानि कार्सन के पति। उन्होंने यह कहकर फोन उठाया कि हमें सुनना चाहिये कि किसकी कॉल है? उधर से सूचना थी उस पुरस्कार के बारे में जो विश्व में किसी भी रचनाकार की हसरत हो सकता है। कार्सन ने उधर से कहा गया सुना और हैरत में पड़ गयीं। वह हवा का बहाव सुन रही थीं। वह घर की गर्द बुहारना चाहती थीं। समुद्र की फेनिल लहरों का संगीत और खगकुल की टी-बी-टी-टी-टुट उनके लिये मायने रखती थी। सट्टेबाज कंपनी लैंडब्रोक्स ने नोबेल के लिये उनकी प्रबल दावेदारी का रहस्योद्घाटन पहले ही कर दिया था, अलबत्ता कार्सन को इकबारगी विस्मय हुआ। जबकि हकीकत यह है कि कार्सन अपने लेखन में विपरीतों के सायुज्य और विस्मृत शब्दों को नये अर्थों से संपृक्त कर पाठकों को विस्मित करती आई हैं। ऐन कार्सन का जन्म 21 जून, 1950 को कनाडा में टोरंटो में हुआ। पिता बैंकर थे। ऐन का बचपन अनेक छोटे कस्बों में बीता। पढ़ाई अलग-अलग विश्वविद्यालयों में हुई। यूं तो उन्होंने सन् 1981 में पीएचडी की, किंतु अध्यापन का सिलसिला 1979 से ही शुरू हो गया था। उन्होंने कैलगरी, मैकगिल, मिशिगन और न्यूयार्क के विश्वविद्यालयों में क्लासिक्स, तुलनात्मक साहित्य और रचनामक लेखन पढ़ाया। उन्होंने बीस से अधिक पुस्तकें लिखीं। इनमें निबंधों, कविताओं, स्मृति लेखों के अलावा प्राचीन ग्रीक रचनाओं के अनुवाद शामिल हैं। सन् 1979 से शुरू उनके निरंतर जारी लेखकीय जीवन की प्रमुख कृतियां हैं : इरोस द बिटर स्वीट (1986) ऑटोबायोग्राफी ऑफ रेड (1998) मेन इन द ऑफ ऑवर्स (2000) द ब्यूटी ऑफ द हस्बैंड (2001) और रेड डॉक (2013)। उन्होंने प्रतिष्ठित संस्थानों में पढ़ाया, अनेकानेक सम्मानों से विभूषित हुईं और वर्तमान दशक के शुरू में 2022 में आइसलैंड की नागरिक बनीं। जब वह हाईस्कूल में थीं, उनके लैटिन के शिक्षक ने प्राचीन ग्रीस (यूनान) और ग्रीक भाषा से उनका परिचय कराया और निजी ट्यूशन भी दी। यह प्रसंग कार्सन के मानस की रचना में उल्लेखनीय कारक बना और उसने उनके संश्लिष्ट रचनात्मक व्यक्तित्व की निर्मिति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। निश्चय ही कार्सन ग्रीक मिथकों, साहित्य और परंपरा से सम्मोहित हुईं। ग्रीक भाषा से किये अनुवाद स्वतंत्र कृति का आस्वाद देते हैं।

कार्सन का जीवन समय के दंशों से बिंधा हुआ है। यूं तो वह अपने निजी जीवन के बारे में ज्यादा नहीं बोलने के लिये जानी जाती हैं, किंतु उन्होंने अपनी कृतियों में माँ, भाई और पिता से जुड़े अनुभव साझा किये हैं। उनका भाई माइकेल सन् 1979 में ड्रग तस्करी में गिरफ्तारी से बचने के लिये कनाड़ा छोड़कर चला गया था। उसने भारत और योरोप में फरारी के कई साल बिताये और अंततः कोपेन हेगेन में जा बसा। वहां सन् 2000 में 55 साल की उम्र में उसकी मौत हुई। इसी साल उसने अपनी लाड़ली बहन को फोन किया था, लेकिन भेंट के पहले ही वह चल बसा। ग्रीक पौराणिक कथाओं में रात की देवी नॉक्स शीर्षक की इस किताब में वह चित्रों, चिट्ठियों और दस्तावेजों के सहारे कथानक को सँजोती हैं।

वस्तुतः कार्सन निजी अनुभवों को भी वैश्विक अनुभवों की तरह लेती हैं। उनकी पहली शादी जियाकोमली कुलनाम के शख्स के साथ फकत आठ वर्ष टिकी। सन् 80 में तलाक के वक्त पहला पति 'द ब्यूटी आफ हस्बैंड' की नोटबुक छीन ले गया था, जो बाद में वापस मिली और छपकर चर्चित हुई। ऐसे ही कार्सन के पिता राबर्ट अल्जाइमर से ग्रस्त थे। द ग्लास एस्से, बेरी नैरो और फादर्स ओल्ड ब्लू कार्डिगन में पिता के शारीरिक और मानसिक क्षय का चित्रण है। मां मार्गरेट (1913-1997) की मौत तब हुई, जब कार्सन मेन इन द ऑफ आवर्स लिख रही थीं। कार्सन ने इसमें मां का जिक्र किया। मां के लिए स्मृति लेख उनकी कृति रेड डॉक में भी है, जिन्हें वह जीवन का प्रेम कहती थीं।

अध्यात्म

## बड़े निर्णय लेते समय गुस्सा, या जल्दबाजी से बचना चाहिए

रामायण का प्रसंग है। अयोध्या नगरी भव्य रूप से सजी हुई थी। चारों ओर उत्सव का माहौल था। दीपों की रोशनी, फूलों की मालाएं और शहनाइयों की गूंज वातावरण को और भी पवित्र बना रही थी। सभी नागरिक अत्यंत प्रसन्न थे, क्योंकि अगले दिन श्रीराम का राज्याभिषेक होने वाला था। इधर देवलोक में देवताओं के मन में एक चिंता थी। वे जानते थे कि यदि श्रीराम राजा बन गए, तो राम अवतार का उद्देश्य पूरा नहीं हो पाएगा, भविष्य में रावण का वध होना तय है, इसके बाद धर्म की स्थापना होगी। इस स्थिति में कुछ देवताओं ने देवी सरस्वती से प्रार्थना की कि इस योजना में कोई ऐसी बाधा उत्पन्न की जाए, जिससे घटनाओं का क्रम बदल जाए। देवी सरस्वती पहले इस विचार से अप्रसन्न हुईं, लेकिन नियति के तर्क को समझते हुए उन्होंने अयोध्या जाने का निर्णय लिया। अयोध्या पहुंचकर, देवी ने विचार किया कि किस व्यक्ति के माध्यम से स्थिति को प्रभावित किया जा सकता है। वे समझती थीं कि सीधे किसी सत्यनिष्ठ या मूल निवासी के मन को बदलना कठिन होगा, इसलिए उन्होंने ऐसे व्यक्ति की तलाश की जो भावनात्मक रूप से अधिक प्रभावित हो सके। देवी सरस्वती की दृष्टि मंथरा पर पड़ी, जो रानी कैकयी के साथ उनके मायके से दहेज के रूप में आई दासी थी। मंथरा के स्वभाव में ही शंका और असुरक्षा की भावना थी। सरस्वती जी ने उसके विचारों में भ्रम उत्पन्न किया और उसकी सोच को प्रभावित कर दिया। मंथरा की बुद्धि देवी सरस्वति ने भ्रमित कर दी थी, इसके बाद मंथरा ने कैकयी के मन में यह भावना भर दी कि राम के राज्याभिषेक से भरत का भविष्य खतरे में पड़ जाएगा और उसे उसका उचित अधिकार नहीं मिलेगा। धीरे-धीरे कैकयी के मन में संशय और क्रोध उत्पन्न होने लगा। इसके बाद कैकयी ने राजा दशरथ से दो वरदान मांग लिए- भरत के लिए राज और राम के लिए वनवास। इस प्रकार जिस राज्याभिषेक की तैयारी पूरे अयोध्या में उत्सव की तरह हो रही थी, वह उत्सव अचानक टल गया और राम को 14 वर्षों के लिए वनवास पर जाना पड़ गया। यह घटना आगे चलकर रामायण की महान कथा का आधार बनी, जिसमें धर्म, कर्तव्य और धैर्य की अद्भुत सीख छिपी है।

**सीखः** कैकयी ने अपने निर्णय भावनात्मक दबाव और भ्रम के कारण लिए थे। जीवन में बड़े निर्णय लेते समय गुस्सा, डर या जल्दबाजी से बचना चाहिए।

# वियतनाम यात्रा - वो सात दिन

छठे दिन शहर में हो चि मिन्ह स्मारक देखा। यहां उनके शव को सुरक्षित रखा गया है। इस स्मारक के सामने दो सैनिक 24 घंटे पहरा देते है। जब सैनिकों की अदला-बदली होती है तो वह दृश्य रोमांचित कर देता है। यह विशाल संरचना ग्रेनाइट और संगमरमर से बना है, जहाँ उनके नश्वर शरीर को कांच के ताबूत में सुरक्षित रखा गया है। इसका निर्माण वर्ष 1973 से 1975 के बीच किया गया। यह वियतनाम के राष्ट्रीय नायक की याद में बनाया गया सबसे पवित्र और प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्मारक है। यहीं संसद भवन,जेल और वियतनाम अमरीका युद्ध के स्मारकों को देखा। यहाँ का प्राचीन विश्वविद्यालय और वियतनाम के नामचीन विद्वानों के शिलालेख भी दर्शनीय हैं। यात्रा का अंतिम दिन बस्ता पेटी समेटने और वापसी की हड़बड़ी में रहा। शाम की उड़ान लेकर देर रात मुंबई और फिर अगली सुबह वापस मालव माटी इंदौर के हवाई अड्डे पर आकर लगा कि घर भला तो जग भला... बहरहाल यहाँ की मुद्रा डांग भारतीय मुद्रा की बनिस्बत सस्ती होने से और वियतनाम अपने प्राकृतिक सौंदर्य और संस्कृति से इन दिनों बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है।

अपने हौंसलो और पंखों के बूते विदेशों में नौकरी करते बच्चे न सिर्फ खुद सात समंदर पार इस उस देश की यात्रा कर रहे हैं बल्कि यदा कदा घुमक्कड़ी के शौक के चलते अपनी भी लाटरी निकल जाती है। जिस देश की जब हम यात्रा करते हैं, तो उस देश का इतिहास, सभ्यता और संस्कृति पहले जान लें तो यात्रा का मजा दोगुना हो जाता है।

दो माह की कनाडा यात्रा के बाद इस बार एक सप्ताह का ऐसा ही सफर था वियतनाम का। रचना बिटिया के प्रयासों से बुने इस टूर में 26 सितंबर की शाम को मुंबई के लिये रवाना होकर 27 की रात 11 बजे मुंबई से वियतनाम की राजधानी 'हा नोई' के लिये रवानगी थी। साढ़े चार घंटों की उड़ान और 4450 हवाई किलोमीटर का सफर करने के बाद अलसुबह 4.30 बजे हमने वियतनाम की धरती पर पैर रखा। रास्ते में विमान में वियतनामी भोजन का आनंद भी लिया भारतीय समय और वियतनामी समय में ढाई घण्टे का फर्क़ है। वियतनाम का समय हमारे देश भारत से डेढ़ घंटा आगे चलता है। जैसे भारत में शाम के 4 बजे हैं तो वियतनाम का समय 5.30 का है।

यहाँ का मौसम भी मालवा के मौसम की तरह ही गर्म मिला। वियतनाम की राजधानी 'हा नोई' में उतर कर हम लोगवहाँ से 125 किलोमीटर दूर 'नींन-बिन' के लिये रवाना हुए 'नींन-बिन' उत्तरी वियतनाम का एक प्रांत है, जहाँ प्राकृतिक माहौल में एक खूबसूरत होम स्टे में अगले तीन दिनों की हमारी बुकिंग थी। रास्ते में जबरदस्त ट्रैफ़िक मिला। रास्ते में बड़ी संख्या में हमें दो पहिया वाहन चालक दिखाई दिये। बताया गया यहाँ सर्वाधिक लोग दो पहिया वाहनों का उपयोग करते हैं। हमारे यहाँ के विपरित लोग दाहिनी और से जाते हैं और बांयी और से आते हैं। भाषा यहां एक समस्या है क्योंकि अधिकांश लोग वियतनामी बोलते है। वियतनाम में अंग्रेजी का उपयोग नहीं होता है। इस देश पर वर्षों तक फ्रांसीसी कब्जा रहा तो यहां की लिपि फ्रेंच लिपि ही है।

'नींन-बिन' में पहले दिन की शाम ने मालवा की याद दिला दी जब सुबह 11 बजे की गई लाईट 4 बजे आई। शाम को डाउन स्ट्रीट पर एक खूबसूरत झील में बने अद्भुत वास्तुकला के पागोड़ा देखे। वियतनाम में बौद्ध मंदिरों को पैगोड़ा कहा जाता है। यहाँ कई प्राचीन और भव्य पैगोड़ा स्थित हैं, जो अपनी अनूठी वास्तुकला और शांत वातावरण के लिए पूरी दुनिया में प्रसिद्ध हैं। पैगोड़ा काफी भव्य और सुंदर है। अलग अलग दुकानों के माध्यम से,सैकड़ों लोगों के व्यवहार,आवाजाही से वियतनामी संस्कृति से रूबरू हुए साथ ही वियतनामी व्यंजनों का आनंद भी लिया।

दूसरे दिन की सुबह 'नींन-बिन' में यूनेस्को वर्ल्ड बोट राइडिंग का आनंद लिया। ट्रेग एन रिवर में चूना पत्थरों के पहाड़ों और सिर को छूने वाली प्राचीन गुफाओं के बीच नौका विहार का आनंद अविस्मरणीय रहा। यहां अधिकांश



कर्मचारी स्थानीय महिलाएं थी । फिर कुछ देर स्थानीय बाजार घूमने के बाद शाम को 'नींन-बिन' के' हांग मुआ' व्यू पॉइंट पर पहुँचे । लगभग पाँच सौ सीढियां चढ़कर जहाँ लोग सूर्योदय और सूर्यास्त के साथ आसपास फैले प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेते हैं। रात फिर हुआलू ओल्ड टाउन की रंगीनियों का आनंद लेते रहे।

तीसरे दिन एक सौ बीस से अधिक सीढियां चढ़कर 'बीच डांग पगोडा' पहुँचे जो गुफाओं में निर्मित तीन मंजिला होकर छह सौ साल पुराना पगोडा है जो वियतनाम का एक अद्भुत दर्शनीय स्थल है । इसके बाद हम अपनी अगली मंजिल यानि हा नोई के लिये रवाना हुए। वियतनाम की राजधानी हा नोई पुराने मंदिरों और आधुनिक गगनचुंबी इमारतों का अनूठा संगम है। बड़े बड़े पहाड़ों और झीलों से घिरे इस शहर की खूबसूरती देखते ही बनती है।

चौथे दिन अलसुबह अपने आशियाने के पास स्थित 'होआँन की एम' झील जा पहुँचे जहां बड़ी संख्या में हर उम्र के लोग झील के चारों और व्यायाम- नृत्य-संगीत और फोटो सेशन करते दिखाई देते हैं। एक खुशनुमा सुबह। दिन में हा नोई के बाजार का आनंद लेने के साथ वियतनाम के शाकाहारी व्यंजनो का स्वाद चखते रहे। शाम को हमने वहां के ख़ास 'थांग लॉन्ग वॉटर पपेट' शो का आनंद लिया जहां पानी पर कठपुतलियों का शानदार प्रदर्शन था।

पांचवे दिन शहर भ्रमण के दौरान वियतनाम का पुराना बुद्धिस्ट पगोडा देखा जिसे 1500 साल पुराना बताया जाता है यहीं पर 1959 में भारत के तात्कालिक राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद द्वारा बौद्ध गया से ला कर रोपा गया बोधि वृक्ष है जो वहां आस्था का प्रतीक है। इसके बाद हम सब हनोई की प्रसिद्ध ट्रेन स्ट्रीट पहुँचे। यहां का बाजार रेल पटरी के बिल्कुल पास में बना है। यहां दुकान के बाहर बेंच और स्टुल पर बैठकर नाश्ता और काफी का आनंद लेते हुए लोग आती जाती रेलों को एकदम नजदीक से महसूसते हैं और रेलों के गुजर जाने के बाद पटरियो पर फोटो सेल्फी का आनंद लेते है।

छठे दिन शहर में हो चि मिन्ह स्मारक देखा। यहां उनके शव को सुरक्षित रखा गया है। इस स्मारक के सामने दो सैनिक 24 घंटे पहरा देते है। जब सैनिकों की अदला-बदली होती है तो वह दृश्य रोमांचित कर देता है। यह विशाल संरचना ग्रेनाइट और संगमरमर से बना है, जहाँ उनके नश्वर शरीर को कांच के ताबूत में सुरक्षित रखा गया है। इसका निर्माण वर्ष 1973 से 1975 के बीच किया गया। यह वियतनाम के राष्ट्रीय नायक की याद में बनाया गया सबसे पवित्र और प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्मारक है। यहीं संसद भवन,जेल और वियतनाम अमरीका युद्ध के स्मारकों को देखा। यहाँ का प्राचीन विश्वविद्यालय और वियतनाम के नामचीन विद्वानों के शिलालेख भी दर्शनीय हैं।

यात्रा का अंतिम दिन बस्ता पेटी समेटने और वापसी की हड़बड़ी में रहा । शाम की उड़ान लेकर देर रात मुंबई और फिर अगली सुबह वापस मालव माटी इंदौर के हवाई अड्डे पर आकर लगा कि घर भला तो जग भला... बहरहाल यहाँ की मुद्रा डांग भारतीय मुद्रा की बनिस्बत सस्ती होने से और वियतनाम अपने प्राकृतिक सौंदर्य और संस्कृति से इन दिनों बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

आज हिसाब-किताब में सतर्कता और संयमित जवाब रखे। पैसों के मामले में आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा, पर बेवजह की चीजें खरीदने से बचें।

**वृषभ**

आज पुराने निवेश की जांच और निरंतर प्रयास। पैसों की योजना बनाने के लिए आज का दिन सही रहेगा। आप अपनी बचत बढ़ाने और निवेश को नया रूप देने की सोच सकते हैं।

**मिथुन**

आज पैसों में स्पष्टता और संतुलित व्यवहार रखना होगा। पैसों के मामलों पर आज ध्यान देने की जरूरत है। घर-परिवार के खर्चों और आपसी जिम्मेदारियों को लेकर बात हो सकती है।

**कर्क**

अपने जज्बात पर काबू और लंबी योजनाएं बनाए। पैसों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ सकती है। गुरु बृहस्पति सही योजना बनाने में मदद करेंगे और जरूरत के समय साथ दिलाएंगे।

**सिंह**

आज दिखावे से बचाव और साथियों की सलाह काम करे। पैसों के मामले में अचानक लाभ के बजाय स्थिरता पर ध्यान दें। निजी जरूरतों या परिवार पर कुछ खर्च हो सकता है।

**कन्या**

आज खर्चों की छंटनी और योजनाबद्ध विकास करना होगा। पैसों के सही प्रबंधन और फैसलों पर ध्यान रहेगा। आप बचत और खर्चों का हिसाब काफी गंभीरता से बनाएंगे।

**तुला**

आज पुराने लेन-देन की समीक्षा और स्पष्ट बातचीत रखना होगा। पैसों के मामलों को ध्यान से देखना होगा। किसी पुराने फैसले या खरीदारी पर दोबारा सोचने की जरूरत पड़ सकती है।

**वृश्चिक**

आज गुप्त रणनीति और नियमों से बचत होगी। अपनी आर्थिक योजनाओं को आज गुप्त रखना ही फायदेमंद रहेगा। ग्रहों की स्थिति आपको बहुत संभलकर चलने की सलाह दे रही है।

**धनु**

धनु आज नेटवर्क से सलाह और सुरक्षित नियोजन बनाना होगा। पैसों के नए मौके दफ्तरी संपर्कों या पुरानी योजनाओं से मिल सकते हैं। आने वाले फायदे को जरूरत से ज्यादा बड़ा मानकर न चलें।

**मकर**

आज आमदनी में सुधार और जिम्मेदारी से काम करना होगा। सही योजना बनाकर चलने से पैसों की स्थिति बेहतर हो सकती है। आप लंबी अवधि की बचत करने और फालतू बकायों को कम करने के बारे में सोचेंगे।

**कुंभ**

आज नई योजनाओं की जांच और सही सोच रखना होगा। अलग-अलग तरीकों से पैसा कमाने का मन कर सकता है। नए विचार अच्छे हैं, पर किसी अनजान जगह पैसा लगाने से पहले हर बात की जांच कर लें।

**मीन**

आज पुराने बकाये की संभाल और नियमित मेहनत काम आएगी। पैसों के मामलों में आज थोड़ी सावधानी की जरूरत है। भावनाओं में आकर खर्च न करें।

## संक्षिप्त समाचार

### गन फैक्ट्री का आरोपित गिरफ्तार

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत बनारसी घाट में पिछले दिनों एसटीएफ की कार्रवाई में हुए गन फैक्ट्री उद्भेदन के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी कृष्णा मिस्त्री को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है ।आरोपी को न्यायिक हिरासत के तहत रविवार को जेल भेज दिया गया है। इस मामले में पहले ही दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस के अनुसार कुछ लोग और जांच के दायरे में हैं जिन्हें पकड़ा जाएगा । दूसरी तरफ एससी एसटी केस में पुलिस ने शाह सलेमपुर गांव से शंभु यादव को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### 50 पुलिसकर्मियों का वेतन रुका

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ अनुमंडल में आपराधिक मामलों की जांच पड़ताल में ढिलाई करने वाले 50 पुलिस कर्मियों का वेतन रोक दिया गया है ।कारवाई ग्रामीण एसपी के द्वारा की गई है। इस संबंध में रविवार को सभी विवेचना पदाधिकारी को नोटिस जारी किया गया है। इस कार्रवाई से पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार अनुमंडल के विभिन्न थाना क्षेत्र में करीब 2000 से ज्यादा आपराधिक मुकदमे लंबित है जिनका अनुसंधान विवेचना पदाधिकारी की लापरवाही के कारण निष्पादित नहीं हो पा रहा है इसके कारण एक तरफ पक्षकार परेशान है वहीं दूसरी तरफ अभियुक्तों पर कोर्ट में ट्रायल शुरू नहीं किया जा रहा है। पुलिस महकमे के लिए यह लापरवाही समस्या बनती जा रही है ।अचानक समीक्षा करने के बाद बड़े पैमाने पर विवेचना पदाधिकारी अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाह मिले जिन पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बाढ़, बख्तियारपुर और अथमलगोला लापरवाही में टॉप पर हैं ।वहीं दूसरी तरफ मोकामा, मरांची, सालिमपुर और पंडारक थाने के पुलिसकर्मी भी इस कार्रवाई के दायरे में आ गए हैं।

### सिविल कोर्ट में आर्म्स एक्ट के दोषी को सजा

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी सिविल कोर्ट में एसडीजेएम शुभम त्रिपाठी की अदालत ने आर्म्स एक्ट के एक पुराने मामले में दोषी को सजा सुनाई है। अभियोजन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह मामला जीआर नंबर-1053/16 धनरुआ थाना कांड संख्या-330/16, धारा-25(1-बी)ए/26/35 आर्म्स एक्ट से संबंधित है। इस कांड के अभियुक्त विजय सिंह, उम्र 50 वर्ष, पिता स्व० रामेश्वर सिंह, साकिन-औलीपुर, थाना-धनरुआ, को न्यायालय ने दोषी करार दिया। अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी शुभम त्रिपाठी ने सोमवार को सजा सुनाते हुए धारा 25(1-बी) आर्म्स एक्ट में 2 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 रुपये अर्थदंड तथा धारा 26 आर्म्स एक्ट में 1 वर्ष का साधारण कारावास एवं 1000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड नहीं भरने पर 15 दिन का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। फैसले के बाद अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।अभियोजन पदाधिकारी गौहर अहमद सैयद ने जानकारी दी।

### 52 ग्राम गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मादक पदार्थ के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने डुमरी के पास छापेमारी कर 52 ग्राम गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष बमबम कुमार ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर इन दिनों मादक पदार्थ के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुप्त सूचना मिली थी कि डुमरी के पास एक गुमटीनुमा जगह पर गांजा बेचा जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त स्थान पर छापेमारी की।तलाशी के दौरान मौके से पॉलिथीन की छोटी-छोटी पुड़िया में पैक किया हुआ 52 ग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी बाजार में कीमत करीब 1610 रुपये बताई जा रही है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान डुमरी निवासी शंकर कुमार, पिता अवधेश शाह के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है और मादक पदार्थ के खिलाफ आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

### प्लास्टिक के झोले में मिला नवजात का शव

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा थाना क्षेत्र के साहबेगपुर वार्ड संख्या 22 स्थित गाछी वाले रोड पर सोमवार को एक नवजात शिशु का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। कूड़े के ढेर के पास प्लास्टिक के झोले में नवजात का शव मिलने की जानकारी सामने आने के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। घटना से लोगों में मायूसी और नाराजगी का माहौल है।स्थानीय लोगों के अनुसार, कूड़े के ढेर के पास प्लास्टिक के झोले में नवजात का शव मिलने की खबर फैलते ही इलाके में चर्चा शुरू हो गई। घटना को लेकर लोग तरह-तरह की आशंकाएं जता रहे हैं। हालांकि, नवजात का शव वहां किस परिस्थिति में पहुंचा, इसकी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि नवजात के शव को पोस्टमार्टम के लिए बाढ़ भेज दिया गया है। पुलिस मामले से जुड़े तथ्यों की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही घटना की परिस्थितियों का पता चल सकेगा।



### वृद्ध पर लाठी-डंडे से हमला, चार पर प्राथमिकी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना क्षेत्र के रेडबिगहा गांव में एक 60 वर्षीय वृद्ध के साथ मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। पीड़ित ने धनरुआ थाने में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। थाने को दिए आवेदन में पीड़ित राम प्रसाद, उम्र 60 वर्ष, पिता स्व. श्री सिंह, ग्राम-रेड बिगहा पंचायत-पभेडा, थाना-धनरुआ ने बताया है कि वह अपने दरवाजे पर थे। इसी दौरान गांव के ही अनीष कुमार, उम्र 28 वर्ष, पिता,यमुना प्रसाद , एवं यमुना प्रसाद पिता स्व. राम प्रसाद, अनुराधा कुमारी पति अनीश कुमार, चानो देवी पति यमुना प्रसाद सभी साकिन-रेड बिगहा, थाना-धनरुआने एक राय होकर लाठी-डंडे और रॉड से हमला कर दिया। आरोप है कि अनीष कुमार ने लोहे की रॉड से वृद्ध के सिर पर वार किया, जिससे उनका सिर फट गया और खून बहने लगा। वहीं यमुना प्रसाद ने लाठी से मारपीट की। बीच-बचाव करने आई पत्नी मनोरमा एवं ह राजमनी देवी के साथ भी आरोपियों ने गाली-गलौज व धक्का-मुक्की की और पूरे परिवार को गोली मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि घटना के बाद वह इलाज के लिए मसौढ़ी गए और बाद में थाने पहुंचकर आवेदन दिया। पीड़ित ने उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस आवेदन के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

### बुजुर्ग महिला के गले से सोने का जितिया लॉकेट छीनकर बाइक सवार फरार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना क्षेत्र में एक बार फिर से बाइक सवार अज्ञात अपराधियों द्वारा सोने का लॉकेट झपट्टा मारने का आतंक चल रहा है।ऐसे में धनरुआ थाना क्षेत्र के पभेडी मोड़ इलाके में दिनदहाड़े एक 74 वर्षीय बुजुर्ग महिला के गले से सोने का जितिया लॉकेट छीनकर बाइक सवार बदमाश फरार हो गया। इस संबंध में पीड़िता ने धनरुआ थाने में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। थाने को दिए आवेदन में पीड़िता लालपरी देवी, उम्र 74 वर्ष, पति-गनौरी साव, ग्राम-बड़की धमौल ने बताया है कि घटना वह पभेडी मोड़ पर स्थित अपनी दुकान पर बैठी हुई थी। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल पर सवार होकर उसकी दुकान पर आया और बिस्कुट देने को कहा। जब वह बिस्कुट निकालने के लिए उठी, तभी उक्त व्यक्ति ने उसके गले से सोने का जितिया लॉकेट छीन लिया।

# स्कूल ठीक करो, शिक्षा सुधारो अभियान

## 207 स्कूलों के सर्वे के बाद धनरुआ बीआरसी पर प्रदर्शन, 6 सूत्री मांग पत्र सौंपा

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरकारी शिक्षा व्यवस्था को बचाने और विद्यालयों की बदहाली दूर करने के लिए चलाए जा रहे 'स्कूल ठीक करो, शिक्षा सुधारो' अभियान के तहत धनरुआ प्रखंड के 30 स्कूलों सहित पूरे पटना जिले के 207 सरकारी विद्यालयों का सर्वे किया गया। यह सर्वे आइसा, आरवाईए और भाकपा माले की संयुक्त टीम द्वारा प्राथमिक, मध्य, हाई स्कूल और 10+2 विद्यालयों में किया गया। सर्वे में भवन की कमी, शिक्षकों की कमी, विषयवार शिक्षकों का अभाव, खेल मैदान, शौचालय, पेयजल, छात्रवृत्ति, पोशाक, साइकिल राशि, कंप्यूटर लैब और उसके शिक्षकों की कमी जैसे गंभीर मामले सामने आए। इसी सर्वे रिपोर्ट के आधार पर 12 अक्टूबर को धनरुआ के बीआरसी कार्यालय पर इंकलाबी नौजवान सभा (इनौस) और भाकपा माले के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया और 6 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। प्रमुख मांगों में सरकारी स्कूलों में पर्याप्त और विषयवार शिक्षकों की बहाली। जर्जर भवनों को तोड़कर नए भवनों का निर्माण और स्कूलों के मर्जर पर रोक।सभी स्कूलों में खेल मैदान, लैब, कंप्यूटर शिक्षक, साइकिल स्टैंड और कॉमन रूम की व्यवस्था।. छात्राओं के लिए मासिक धर्म के दौरान पैड की व्यवस्था और छात्रावास की सुविधा।राजकीय बुनियादी मध्य विद्यालय नौरंगाबाद को 10+2 का दर्जा और वीर औरियारा के जर्जर छात्रावास का पुनर्निर्माण। पहुंच पथ विहीन विद्यालयों में सड़क, मध्यान भोजन की गुणवत्ता में सुधार, सफाई कर्मी और सुरक्षा प्रहरी की बहाली तथा स्कूल आवर में पुलिस गश्त।भाकपा माले के राज्य कमेटी सदस्य कमलेश कुमार ने बताया कि शिक्षा है तो भविष्य है। जब तक सरकारी स्कूलों को बेहतर नहीं बनाया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस प्रदर्शन का नेतृत्व इनौस नेता शशि रंजन कुमार, माले प्रखंड सचिव अकलू पासवान, निरंजन वर्मा, प्रमोद यादव, भगवान पासवान, वीरेंद्र प्रसाद सहित कई नेताओं ने किया। मौके पर बबलू कुमार, अंशु, रागिनी, सोनाली, आरती, पवन, आलोक सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं मौजूद थे।




# मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण का शुभारंभ



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोमवार को कृषि विज्ञान केद्र, बाढ़ में पांच दिवसीय मशरूम उत्पादन विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उदघाटन डा. रीता सिंह, वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, राजीव कुमार, डॉ पुष्पम पटेल के द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डा. रीता सिंह ने मशरूम उत्पादन विषय के प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए बतलाया कि मशरूम औषधीय एवं पोषक तत्वों से प्रचुर होता है। मशरूम उत्पादन घरेलु महिलायें भी अपनाकर अच्छी पौष्टिकता के साथ-साथ आय के साधन के रूप में भी अपना सकती है। उन्होंने यह भी बतलाया कि मशरूम उत्पादन इकाई बहुत ही कम स्थान लेकर किसानों को अधिक मुनाफा करा सकता है। प्रशिक्षण के पहले दिन तकनीकी सत्र में इस कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक श्री राजीव कुमार ने ग्रामीण युवकों को विभिन्न मशरूम की खेती हेतु आवश्यक गृह संरचना, मशरूम के विभिन्न प्रकार एवं उनके लिए आदर्श तापमान एवं आद्रता की स्थिति पर विस्तारपूर्वक प्रशिक्षणार्थियों को बतलाया। इसी सत्र में प्रशिक्षुओं को ओएस्टर मशरूम लगाने के लिए सब्सट्रेट का निर्जीविकरण की प्रक्रिया को प्रायोगिक रूप से दिखलाया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से कुल 26 ग्रामीण युवकों ने भाग लिया।

# हाथीदह के दुखहरन बाबा गंगा घाट पर डूबने से 90 वर्षीय वृद्ध की मौत

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हाथीदह थाना क्षेत्र के दुखहरन बाबा गंगा घाट पर सोमवार को गंगा में डूबने से करीब 90 वर्षीय एक वृद्ध की मौत हो गई। घटना के बाद घाट पर मौजूद लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई। मृतक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। सूचना मिलने पर हाथीदह थाने की डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और आगे की कार्रवाई में जुट गई।प्रत्यक्षदर्शी बरबीघा निवासी कायानंद जी ने बताया कि वे अंत्येष्टि के लिए घाट पर आए थे। इसी दौरान एक वृद्ध धूम्रपान करते हुए गंगा के पानी में उतरे। शुरूआत में लोगों को लगा कि वे स्नान कर रहे हैं, लेकिन अचानक उन्हें गहरे पानी में जाते देख आसपास मौजूद लोगों ने बचाने का प्रयास किया। लोगों ने कपड़ों को बांधकर उनकी ओर फेंका, लेकिन वृद्ध उसे पकड़ नहीं सके। इसके बाद कुछ लोग गंगा में कूदकर उन्हें बाहर निकालने पहुंचे, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।मृतक ने उजले रंग की शर्ट और नीले रंग की लुंगी पहन रखी थी। हाथीदह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार के अनुसार, मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।



# भदौर में निजी कोचिंग संचालिका के साथ दुष्कर्म का प्रयास

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भदौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में निजी कोचिंग संचालिका 23 वर्ष के साथ ग्रामीण युवक ने सरेआम मारपीट करते हुए दुष्कर्म का प्रयास किया। बाद में पीड़िता की बहन ने पहुंच कर विरोध किया जिसके बाद और अभियुक्त धमकी देते हुए भाग निकला। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह 1 वर्ष से गांव में ही निजी ट्यूशन कोचिंग संचालित कर रही है। इसी गांव के युवक मोहम्मद अरबाज की बहन पढ़ने के लिए आ रही थी। इसके बाद फिर स्वयं अरबाज पढ़ने के लिए आया। क्लास के दौरान वह अन्य लड़कियों के साथ गलत हरकत करने लगा। कई बार इसकी शिकायत पीड़ित लड़कियों ने की। चेतावनी देने के बाद भी जब आरोपी नहीं सुधरा, तब उसे कोचिंग में आने से मना कर दिया गया। इस बंदिश से आक्रोशित अरबाज ने ट्यूशन सेंटर को बंद करा देने की धमकी दी। इसके बाद शुक्रवार को जब बच्चे पढ़ाई कर घर जा रहे थे, तो उसे छोड़ने के लिए पीड़िता ग्रामीण गली में पहुंची ।इस दौरान आरोपी इंतजार कर रहा था ।जैसे उसने कोचिंग संचालिका को देखा, उसके बाद उसने अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर उसने पीड़िता को पकड़कर दुष्कर्म करने का प्रयास किया और कपड़े फाड़ दिये। इसी बीच पीड़िता की बहन पहुंची। जिसे आरोपी ने मारपीट कर जख्मी कर दिया ।

# सरकारी दर पर खाद नहीं मिलने से नाराज खुदरा विक्रेता, उठाव बंद करने का निर्णय

## संघ की बैठक में नई कमेटी गठित, संजीत कुमार उर्फ साधु जी बने अध्यक्ष

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज प्रखंड के सभी खुदरा खाद विक्रेताओं की बैठक बालिपाकर स्थित सौम्या ट्रेडर्स के प्रांगण में आयोजित की गई। बैठक में खाद की उपलब्धता और सरकारी दर पर खाद नहीं मिलने के मुद्दे पर चर्चा की गई। इस दौरान सभी विक्रेताओं ने सर्वसम्मति से खाद का उठाव नहीं करने का निर्णय लिया। बैठक में विक्रेताओं ने कहा कि जब तक उन्हें सरकारी दर पर खाद उपलब्ध नहीं कराई जाती, तब तक वे खाद का उठाव नहीं करेंगे। सभी सदस्यों ने इस निर्णय पर सहमति जताते हुए अपनी मांगों को लेकर एकजुट रहने का संकल्प लिया। बैठक के दौरान पालीगंज प्रखंड खुदरा खाद विक्रेता संघ की नई कमेटी का भी सर्वसम्मति से गठन किया गया। इसमें संजीत कुमार उर्फ साधु जी को अध्यक्ष, जय कुमार को सचिव, पालीगंज के सुनील कुमार को कोषाध्यक्ष तथा महाबलीपुर के सुनील कुमार को उपाध्यक्ष चुना गया। बैठक में उपस्थित विक्रेताओं ने संगठन को मजबूत बनाने और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सामूहिक रूप से प्रयास करने पर जोर दिया। सरकारी दर पर खाद उपलब्ध कराने की मांग को लेकर खाद का उठाव रोकने के फैसले से खाद की आपूर्ति पर असर पड़ने की संभावना है।



# कांग्रेस प्रत्याशी प्रो. डॉ. संजय कुमार ने धनरुआ में किया जनसंपर्क, वित्तरहित कॉलेजों की समस्या को बताया मुख्य मुद्दा

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी प्रो. डॉ. संजय कुमार ने सोमवार को धनरुआ प्रखंड के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों का दौरा कर शिक्षकों से सघन जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और चुनाव में समर्थन की अपील की। शिक्षकों से संवाद करते हुए प्रो. डॉ. संजय कुमार ने कहा कि वे शिक्षकों के मान-सम्मान की रक्षा के लिए चुनावी मैदान में उतरे हैं। उन्होंने कहा कि वे शिक्षकों के हक, उनके सम्मान और सुरक्षित भविष्य से जुड़े 5 महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि वित्तरहित कॉलेजों की व्यवस्था में सुधार, वहां कार्यरत शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण, और कॉलेजों को ऑटोनॉमस का दर्जा दिलाने के लिए वे मजबूती से काम करेंगे। इसको लेकर उन्होंने एक समिति गठित कर ठोस पहल करने की बात कही। प्रो. संजय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी शिक्षक हितों के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। शिक्षकों की जो भी लंबित समस्याएं और शिकायतें हैं, उनके समाधान के लिए वे सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेंगे और शिक्षकों की आवाज को और अधिक मजबूती से उठाएंगे।उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने जिस विश्वास के साथ उन्हें उम्मीदवार बनाया है, वे शिक्षकों के सहयोग से उस भरोसे पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर कांग्रेस के वरीय नेता उदय चंद्रवंशी, मनोहर चौधरी, वीरेंद्र प्रसाद सहित कई शिक्षक और कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# अपहरण मामले में 16 वर्षीय किशोर गिरफ्तार

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने नाबालिग लड़की के अपहरण के मामले में एक 16 वर्षीय किशोर को गिरफ्तार किया है। वहीं, शराब पीने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा एक वारंटी को भी गिरफ्तार किया गया है। पालीगंज थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि कुरकुरी गांव से एक नाबालिग लड़की के अपहरण के मामले में आरोपित पिपरदहां नहर गांव निवासी संजय दास के 16 वर्षीय पुत्र को जहानाबाद से गिरफ्तार किया गया है। वहीं, शराब पीने के मामले में पांच लोगों और एक वारंटी को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पालीगंज न्यायालय भेज दिया गया।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मोकामाघाट में अभिभावक-शिक्षक बैठक आयोजित



## बच्चों के सर्वांगीण विकास पर हुई चर्चा

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, सीआरपीएफ मोकामाघाट में सोमवार, 12 अक्टूबर 2026 को अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का आयोजन किया गया। बैठक में विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन और व्यक्तित्व विकास को लेकर अभिभावकों एवं शिक्षकों के बीच सार्थक चर्चा हुई।विद्यालय के प्राचार्य श्री सुनील कुमार जैसवारा के सान्निध्य में आयोजित इस बैठक में परीक्षा प्रभारी श्रीमती अनुराधा, श्री रणविजय कुमार, श्री सुनील तथा मीडिया प्रभारी श्री मृत्युंजय कुमार की देखरेख में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कक्षा एक से 12वीं तक के सभी कक्षाध्यापकों ने बैठक में सक्रिय भागीदारी निभाई।बैठक में अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और अपने बच्चों की पढ़ाई, अनुशासन तथा व्यक्तित्व विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर शिक्षकों के साथ विचार-विमर्श किया। इस दौरान विद्यालय की शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों को बेहतर बनाने के लिए उपयोगी सुझाव भी दिए गए। विद्यालय प्रबंधन ने अभिभावकों के सुझावों को गंभीरता से लेते हुए उनके उचित अनुपालन का आश्वासन दिया।इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास शिक्षकों और अभिभावकों के संयुक्त प्रयासों से ही संभव है। विद्यालय और परिवार के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होने से बच्चों को सही दिशा मिलती है और उनकी प्रतिभा को निखारने में मदद मिलती है।बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यालय और अभिभावकों के बीच संवाद को मजबूत करना तथा विद्यार्थियों की प्रगति के लिए साझा मंच उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के सभी शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंत में विद्यालय परिवार ने बैठक में शामिल हुए अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# पति-पत्नी पर हमला,मामले में आरोपित गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भगवानगंज थाना क्षेत्र के शिवनंदनचक गांव में जमीन विवाद को लेकर धारदार हथियार (गड़ासी) से पति पर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। इस मामले के एक नामजद आरोपी अखिलेश यादव उर्फ चिंटू को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह मामला भगवानगंज थाना कांड संख्या-159/26, से जुड़ा है। इस पूरे घटना के बारे में बताया जाता है कि पीड़िता राधा देवी, उम्र 35 वर्ष, पति अनिल कुमार, निवासी शिवनंदनचक, थाना-भगवानगंज का फर्दबयान मे बताया गया था की घर के पीछे वाली जमीन को लेकर गांव के ही संतोष कुमार, 2. अखिलेश यादव उर्फ चिंटू, उम्र 47 वर्ष, पिता मिथिलेश यादव, 3. विमल यादव उर्फ चरेली, उम्र करीब 45 वर्ष, 4. दिनेश यादव उर्फ फौजी, उम्र करीब 45 वर्ष और 5. नीतीश कुमार, उम्र करीब 21 वर्ष, सभी साकिन शिवनंदनचक ने लाठी-डंडा और गड़ासी से हमला कर दिया। आरोप है कि संतोष कुमार ने हाथ में लिए हुए गड़ासी से उसके पति अनिल कुमार के सिर पर वार किया जिससे वे लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गए।

# कुर्सी बेचने गए फेरी वाले को कुर्सी छीनने के दौरान पैर में मारी गोली

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी में अपराधियों का मनोबल लगातार बढ़ता जा रहा है। मसौढ़ी थाना क्षेत्र के तरेगना मुसहरी के पास दिनदहाड़े कुर्सी बेचने गए एक व्यक्ति को कुर्सी छीनने के दौरान बदमाशों ने दाहिने पैर में गोली मार दी। घटना में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी को आनन-फानन में अनुमंडल अस्पताल मसौढ़ी लाया गया, जहाँ से बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि जख्मी की पहचान मोहम्मद सिराज, पिता मोहम्मद शहाबुद्दीन, निवासी कैलूचक के रूप में हुई है। बताया जाता है कि रोज की तरह सेराज मुसहरी इलाके में प्लास्टिक की कुर्सी बेचने गया था।

# सिक्सलेन पुल पर बालू लदे 18 चक्का ट्रक में लगी आग, जलकर राख

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा-बेगूसराय मार्ग पर औंटा-सिमरिया सिक्सलेन पुल पर सोमवार को बालू लदे एक 18 चक्का ट्रॉली ट्रक में अचानक आग लग गई। आग लगने के बाद वाहन में अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते आग ने ट्रक को अपनी चपेट में ले लिया और वाहन जलकर राख हो गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्रक में डीजल लीक होने के कारण आग लगी। घटना की सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास किया। हादसे की जानकारी मिलते ही हाथीदह थाना की पुलिस भी स्थिति पर नजर बनाए रही।हाथीदह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार के अनुसार, इस घटना में किसी प्रकार की जान-माल की क्षति नहीं हुई है। घटना के बाद विधि-व्यवस्था और यातायात सामान्य बताया गया है। पुलिस की ओर से स्थिति पर नजर रखी गई।



# पुण्यतिथि पर याद किये गए महान समाजवादी चिंतक डॉ. राममनोहर लोहिया

**दनियावां (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** साहित्य और जनसरोकार से जुड़ी संस्था हिंदी विकास मंच, सरथुआ और उपशाखा हिलसा(नालंदा) के तत्वावधान में आज महान समाजवादी चिंतक डॉ. राममनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों ने लोहिया जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके विचारों को याद किया। संस्था के अध्यक्ष, साहित्यकार व प्राध्यापक डॉ. राजीव नयन सिंह ने कहा डॉ. राममनोहर लोहिया जी अमर रहें! लोहिया जी सिर्फ एक नाम नहीं, बल्कि समानता, स्वाभिमान और बदलाव की विचारधारा हैं। जिन्होंने गरीबों के दर्द को अपना दर्द समझा और जीवन भर सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष किया। उनका सपना था - ऐसा समाज जहां जाति के आधार पर भेदभाव न हो। उनके विचार हमारी ताकत हैं और उनका संघर्ष हमारी प्रेरणा है। समाजवाद जिंदाबाद! संस्था की सचिव नीतू कुमारी ने कहा: लोहिया जी ने हमें सिखाया कि अन्याय के खिलाफ चुप रहना भी अन्याय है। आज जब हम उनकी पुण्यतिथि मना रहे हैं, तो हमें संकल्प लेना होगा कि हम उनके बताए रास्ते पर चलकर अमीर-गरीब की खाई को मिटाएंगे और हर इंसान को सम्मान व समान अवसर दिलाएंगे। सामाजिक न्याय की यह लड़ाई ही हमारी सच्ची श्रद्धांजलि है। मौके पर श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय, हिलसा के छात्र संघ से रिशु पटेल,आशीष कुमार,रौशन मिश्रा, कमलेश कुमार उर्फ बउआ जी,शिवानी सुमन,अविरल नयन,चांदनी कुमारी, अधिवक्ता सह वार्ड पार्षद शम्भू कुमार,भोला ठाकुर,धीरज पांडेय,रामदयाल पासवान समेत 50 से ज्यादा लोग उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. राममनोहर लोहिया अमर रहें, समाजवाद जिंदाबाद, सामाजिक न्याय जिंदाबाद के नारों के साथ श्रद्धांजलि दी।




# चोरों ने एक लाख नगद समेत लाखों के आभूषण पर किया हाथ साफ

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी में इन दिनों चोरी की घटनाएं फिर से बढ़ने लगी हैं। अगर आप भी घर में खाना खाकर सोने जा रहे हैं तो सावधान हो जाइए। ताजा मामला मसौढ़ी थाना क्षेत्र के भदौरा गांव का है, जहां देर रात घर में सोए परिवार के घर से चोरों ने नगद और जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित मंटू कुमार ने बताया कि रात में वह अपने बड़े भाई विजय कुमार और भतीजी प्रीति कुमारी सभी खाना खाकर सो गए थे। सुबह जब नींद खुली तो देखा कि घर के सभी दरवाजे खुले हैं और गोदरेज का ताला टूटा पड़ा है। घर की तलाशी लेने पर पता चला कि गोदरेज में रखा 1 लाख रुपया नगद और करीब लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण गायब हैं।

# मसौढ़ी के फाइव स्टार क्लब की भव्य 50वीं वर्षगांठ

## गुजरात के प्रसिद्ध शिव मंदिर की झलक दिखेगी पंडाल में, केक काटकर मनाई जाएगी सिल्वर जुबली

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अस्पताल रोड स्थित फाइव स्टार क्लब इस वर्ष अपने स्थापना के 50 वर्ष पूरे कर रहा है। क्लब के सदस्य धूमधाम से सिल्वर जुबली मनाने की तैयारी में हैं। इस बार दुर्गा पूजा पंडाल में गुजरात के प्रसिद्ध शिव मंदिर की भव्य झलक देखने को मिलेगी। क्लब के सदस्यों ने बताया कि 50 साल पहले 5 युवाओं - राजकुमार प्रसाद, सच्चिदानंद प्रसाद, जयराम साह सहित अन्य ने मिलकर इस क्लब का गठन किया था। उस समय जहानाबाद से 4 से 5 फीट की मां दुर्गा की प्रतिमा लाकर गली में स्थापित कर पूजा की शुरूआत की गई थी। धीरे-धीरे यह पूजा मसौढ़ी की सबसे प्रतिष्ठित पूजाओं में से एक बन गई। शुरूआती सदस्यों में से कई अब दिवंगत हो चुके हैं, लेकिन उनकी विरासत आज भी जीवित है। वर्तमान कमेटी में अध्यक्ष के रूप में रवि रंजन उर्फ पप्पू गांधी, उपाध्यक्ष अंबर कुमार उर्फ चिंटू, संयोजक मुन्ना रजक, व्यवस्थापक पिंटू रजक, कोषाध्यक्ष चिंटू कुमार हैं, वहीं विंध्याचल सिंह समेत दर्जनों सदस्य सक्रिय हैं। क्लब के सदस्यों ने बताया कि 50 वर्ष पूरे होने पर इस बार केक काटकर सिल्वर जुबली समारोह मनाया जाएगा। इस बार पंडाल में सागर मंथन के दृश्य के रूप में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जा रही है, जो मुख्य आकर्षण होगी। हर साल की तरह इस साल भी फाइव स्टार क्लब द्वारा डांडिया महोत्सव, सिंदूर खेला और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जाएगा। जिसमें पूर्व वार्ड पार्षद जुली कुमारी, नमिता कुमारी, राधा कुमारी, अनिता कुमारी,समेत महिला मंडलों में तैयारी को लेकर उत्साह दिख रहा है, पूर्व वार्ड पार्षद जुली कुमारी ने बताया कि मां की विदाई के दौरान हम सभी महिला लोग सिंदूर खेला करते हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### टोटो और मोटरसाइकिल में टक्कर में दो युवकों की मौत

**अमदाबाद/कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के रोशना एवं अमदाबाद बांध पर बनी सड़क पर रघुनाथपुर ढाला के पास रविवार की देर रात टोटो और मोटरसाइकिल के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर भारी भीड़ जुट गई।सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों गंभीर रूप से घायल बाइक सवारों तथा टोटो चालक को हिरासत में लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। वहां चिकित्सकों ने दोनों बाइक सवारों को मृत घोषित कर दिया।मृतकों की पहचान लखनपुर पंचायत के डकरा इंग्लिश गांव निवासी मनोज यादव (35) तथा उसी गांव के अनिल यादव के रूप में हुई है।मृतक मनोज यादव की मां ने बताया कि उनका बेटा मनोज,अनिल यादव के साथ मजदूरी करने गया था। मजदूरी का काम पूरा कर दोनों घर लौट रहे थे। इसी दौरान रघुनाथपुर के पास लकड़ी लदे टोटो ने उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों की जान चली गई।इस संबंध में थानाध्यक्ष राजन कुमार ने बताया कि दोनों शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। गिरफ्तार टोटो चालक के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।इस दर्दनाक हादसे के बाद मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में शोक का माहौल है।

### दुर्गापूजा की तैयारियों का महापौर ने लिया जायजा

**कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दुर्गापूजा पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं भक्तिमय वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य को लेकर नगर निगम की महापौर श्रीमती उषा देवी अग्रवाल ने नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न दुर्गापूजा पंडालों एवं पूजा स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पूजा समितियों द्वारा की जा रही तैयारियों का जायजा लिया तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर आवश्यक जानकारी प्राप्त की।निरीक्षण के क्रम में महापौर ने



सर्वमंगला सार्वजनिक दुर्गास्थान, मिरचाईबाड़ी, ललियाही, गौशाला, हवाई अड्डा पूजा समिति, त्रिनेत्री युवा संघ, एलडब्ल्यूसी डहेरिया, गोकुल धाम पूजा समिति,अड़गड़ा चौक, महिला कॉलेज, महामाया पूजा समिति से अग्रसेन भवन होते हुए शिव मंदिर चौक, यज्ञशाला पूजा समिति, जेके गोला पूजा समिति, लीडर क्लब पानी टंकी, दुर्गास्थान मंदिर, न्यू डायमंड क्लब अनाथालय रोड, सन ऑफ इंडिया क्लब, सार्वजनिक दुर्गा पूजा एवं काली पूजा समिति वार्ड संख्या-18, कल्पना संघ वार्ड संख्या-18, मनोकामना मंदिर वार्ड संख्या-17 तथा संग्राम संघ ड्राइवर टोला सहित विभिन्न पूजा स्थलों का निरीक्षण किया।

### डीएम तथा एसपी ने किया बन रहे पंडालों का निरीक्षण

**कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी एवं आरक्षी अधीक्षक परिचय कुमार ने संयुक्त रूप से आगामी दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर शहर में बनाये जा रहे पंडालों का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने सुरक्षा मानको को ध्यान में रखते हुए आयोजन समिति को कई निर्देश भी दिये। पूजा समिति को विद्युत कनेक्शन लेने एवं विद्युत कार्यपालक अभियंता को पंडालों आसपास के जर्जर तारों को हटाने का निर्देश दिया।वहीं पूजा समिति के सदस्यों को सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण सलाह देते हुए उसके अनुरूप तैयारी करने का भी निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में सदर अनुमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय प्रशाखा अभिषेक रंजन भी साथ रहे।

### कदवा पुलिस ने लूटकांड का किया उद्भेदन

एक आरोपी गिरफ्तार तो एक विधि विरुद्ध हुआ है निरुद्ध

**कदवा/कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कदवा पुलिस को क्षेत्र में घटित लूटकांड का उद्भेदन करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार तो एक विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध करने में सफलता मिली है। जानकारी के अनुसार लूट को लेकर बीएनएस की धारा 309(6) के तहत दर्ज थाना कांड संख्या 361/26, दिनांक 6 अगस्त 2026 पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो को गिरफ्तार एवं निरुद्ध किया है। वहीं लूटे गए ओप्पो कंपनी के मोबाइल फोन के साथ घटना में प्रयुक्त हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक रजिस्ट्रेशन नं. बीआर 39- बीए 1872 के साथ एक अन्य मोबाइल भी बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार मामले में गिरफ्तार प्राथमिक अभियुक्त की पहचान कदवा थाना क्षेत्र के जाजा मालिकपुर निवासी शंकर कुमार, पिता-दुखाई दास के रूप में हुई है। वहीं इस मामले में एक विधि -विरुद्ध बालक को भी निरुद्ध किया गया है।पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। बरामद सामानों के आधार पर पुलिस मामले के विभिन्न पहलुओं की जांच कर रही है।पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगने की उम्मीद जताई जा रही है।

### वैशाली की कला प्रतिभाओं को मिल रहा नया अवसर

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले की कला प्रतिभाओं को पहचानने, उन्हें गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण उपलब्ध कराने तथा आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने की दिशा में डीएम वर्षा सिंह की पहल एवं मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार तथा जिला प्रशासन, वैशाली के संयुक्त तत्वावधान में संचालित आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्र में बच्चों का नियमित प्रशिक्षण जारी है। केंद्र की सभी 160 सीटों पर नामांकन पूरा हो चुका है, जो जिले के बच्चों एवं अभिभावकों के बीच कला एवं सांस्कृतिक प्रशिक्षण के प्रति बढ़ती रुचि को दर्शाता है। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह द्वारा 29 सितंबर 2026 को आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया गया था। उनके मार्गदर्शन में केंद्र के माध्यम से बच्चों को भारतीय शास्त्रीय गायन, वादन तथा नृत्य की दो प्रमुख विधाओं-भरतनाट्यम एवं कथक-का प्रशिक्षण विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा प्रदान किया जा रहा है। निर्धारित क्षमता के अनुरूप सभी सीटों पर नामांकन पूरा होने के बाद प्रशिक्षण गतिविधियां नियमित रूप से संचालित की जा रही हैं। जिला पदाधिकारी की इस पहल का उद्देश्य वैशाली की समृद्ध कला एवं सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए नई पीढ़ी तक पहुंचाना तथा बच्चों की रचनात्मक क्षमता एवं कलात्मक प्रतिभा को उचित प्रशिक्षण के माध्यम से विकसित करना है। इस पहल के माध्यम से बच्चों को अपनी रुचि के अनुरूप कला सीखने के लिए स्थानीय स्तर पर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और भविष्य में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के अवसर प्रदान करने की दिशा में प्रयास किया जा रहा है। आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्र जिले में कला शिक्षा को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यहां प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चों को शास्त्रीय संगीत एवं नृत्य की विधाओं से परिचित होने के साथ-साथ अपनी कला को निखारने का अवसर मिल रहा है। केंद्र की सभी 160 सीटों पर नामांकन पूरा होना इस पहल के प्रति बच्चों एवं अभिभावकों की रुचि को रेखांकित करता है।

# महिलाओं के अपमान के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा का कचहरी चौक पर धरना-प्रदर्शन

**नीता शर्मा ने कहा-महिलाओं का अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा**



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कचहरी चौक पर राहुल गांधी एवं कांग्रेस सांसद डॉ. आनगोमाचा बिमौल अकोईजाम द्वारा महिलाओं के अपमान के विरोध में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष नीता शर्मा के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस दौरान महिला मोर्चा और भाजपा कार्यकर्ता गाँधी ऑडिटोरियम से जुलूस के रूप में निकल कर नारे लगाते हुए कचहरी चौक पहुंचे। जहां कांग्रेस नेताओं के कथित महिला-विरोधी बयानों एवं आचरण के खिलाफ विरोध जताते हुए महिलाओं के सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा की आवाज बुलंद की। धरना-प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहीं भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष नीता शर्मा ने कहा कि महिलाओं का सम्मान भारतीय संस्कृति और सामाजिक मूल्यों का अभिन्न अंग है। महिलाओं के प्रति अपमानजनक भाषा या व्यवहार किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं है। भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में सक्रिय नेताओं की जिम्मेदारी है कि वे अपने वक्तव्यों और आचरण से महिलाओं के सम्मान को बढ़ावा दें, न कि उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाएं।उप महापौर लालाबाबू प्रसाद ने कहा कि महिला मोर्चा महिलाओं के सम्मान से जुड़े मुद्दों पर चुप नहीं बैठेगा और इस दिशा में अपना संघर्ष जारी रखेगा। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. हेना चंद्रा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा महिलाओं के सम्मान, अधिकार और स्वाभिमान की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। यदि कोई भी व्यक्ति महिलाओं का अपमान करता है, तो उसके खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाना आवश्यक है। धरना-प्रदर्शन के माध्यम से महिला मोर्चा ने राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन में महिलाओं के प्रति सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित करने की मांग की।कार्यक्रम में महिला मोर्चा की कार्यकताओं ने एकजुट होकर महिलाओं की गरिमा और अधिकारों की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।धरना के बाद प्रतिनिधि मण्डल ने जिलाधिकारी को एक मेमोरेंडम सुपुर्द किया। मौके पर मीना मिश्रा, माला सिंह, रंजना श्रीवास्तव, प्रभावती देवी, प्रतिभा शर्मा, उषा गुप्ता, निशा सिन्हा, सुशीला देवी, काजल कुमारी, कृष्णा सिंह, शोभा गुप्ता, पुटु सिंह, प्रियंका गिरी, मालती देवी, पूनम देवी, शशि देवी, रीना देवी, धुरपति देवी, अनीता देवी, शांति देवी, आशा चंद्रा, सुधांशु रंजन, संजय चौधरी, पंकज सिन्हा, गुलरेज शहजाद, पप्पु पाण्डेय, रिषभ झा, उत्तम मिश्रा, चंदन सिंह, सनी सिंह, सूरज पाण्डेय, अजय उपाध्याय, लड्डू सिंह बनिहारा, डॉ.उमेश चंद्रा, मैनेजर सिंह, अमोद झा, रोचक झा, संजू निषाद, विजय राम, संजय चौधरी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**आधुनिक कृषि तकनीकों को बढ़ावा देने पर जोर**

# ड्रोन से छिड़काव के लिए किसानों को दिया जा रहा प्रशिक्षण



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में आधुनिक कृषि तकनीकों के उपयोग को प्रोत्साहित करने तथा किसानों को इनके प्रति जागरूक बनाने पर जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में फसलों पर कीटनाशकों, फफूंदनाशकों एवं पोषक तत्वों के छिड़काव में ड्रोन तकनीक के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। किसानों को इस तकनीक के उपयोग एवं इससे जुड़ी सावधानियों की जानकारी देने के लिए प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है, ताकि वे आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाकर खेती को अधिक सुविधाजनक एवं प्रभावी बना सकें। ड्रोन तकनीक के माध्यम से कम समय में बड़े कृषि क्षेत्र में छिड़काव किया जा सकता है। इससे किसानों के श्रम एवं समय की बचत होने के साथ-साथ कृषि कार्यों में तेजी लाने में मदद मिलती है। खेतों में खड़ी फसलों पर अपेक्षाकृत समान रूप से छिड़काव करने की सुविधा के कारण यह तकनीक धान, मक्का सहित अन्य फसलों के लिए भी उपयोगी हो सकती है। विशेष रूप से बड़े क्षेत्रफल वाले खेतों में छिड़काव कार्य को कम समय में पूरा करने में ड्रोन सहायक है। ड्रोन के माध्यम से छिड़काव करने से किसानों को खेतों में प्रवेश कर हाथ से दवाओं का छिड़काव करने की आवश्यकता कम हो सकती है। इससे कृषि रसायनों के सीधे संपर्क में आने के जोखिम को कम करने में भी मदद मिलती है। इस तकनीक के प्रभावी उपयोग के लिए मौसम, हवा की गति, फसल की अवस्था तथा कृषि रसायनों की अनुशंसित मात्रा का ध्यान रखना आवश्यक है। छिड़काव के लिए संबंधित फसल एवं कीट अथवा रोग के लिए अनुमोदित कृषि रसायनों का ही उपयोग किया जाना चाहिए। रसायनों की मात्रा, घोल की सांद्रता एवं छिड़काव की विधि के संबंध में उत्पाद के लेबल तथा कृषि विशेषज्ञों के निदेशों का पालन करना आवश्यक है। ड्रोन से छिड़काव प्रशिक्षित ऑपरेटर द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप किया जाना चाहिए, ताकि आसपास के लोगों, अन्य फसलों एवं पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

## एमजीसीयु में एचआईवी एड्स से बचाव एवं नियंत्रण जागरूकता हेतु निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के सेहत केंद्र द्वारा एचआईवी एड्स से बचाव एवं नियंत्रण की जागरूकता हेतु एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एचआईवी एड्स बचाव एवं नियंत्रण जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है- युवाओं में एचआईवी एड्स के प्रति सही वैज्ञानिक जानकारी देना, भ्रांतियों को दूर करना और बचाव के व्यवहार को अपनाने के लिए प्रेरित करना। विद्यार्थियों को एचआईवी क्या है, कैसे फैलता है और कैसे नहीं फैलता - इसकी सही जानकारी देना। असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुई और संक्रमित रक्त के खतरे के बारे में बताना। सुरक्षित यौन व्यवहार और कंडोम के सही उपयोग के प्रति जागरूक करना। भेदभाव उन्मूलन संबंधी जागरूकता को बढ़ावा देना भी इसका उद्देश्य है। एचआईवी पॉजिटिव व्यक्तियों के प्रति छुआछूत और भेदभाव को समाप्त करना। समाज में यह संदेश देना कि एचआईवी छूने, साथ खाने या हाथ मिलाने से नहीं फैलता है। इसे जानें समझे समझें, बचाव करें, भेदभाव नहीं, अपनाएं। इस निबंध प्रतियोगिता में संस्कृत विभाग के विद्यार्थी एवं शोधार्थी, हिंदू अध्ययन के स्नातकोत्तर के छात्र तथा विश्वविद्यालय के अन्य विभागों के विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

## दुर्गा मंदिर के वाटर कूलर पर चोरों का वार पूजा से पहले उखाड़ ले गए पाइप

**कोढा /कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कोढ़ा नगर पंचायत स्थित कोढ़ा सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में लगे वाटर कूलर के पाइप को चोरों द्वारा उखाड़ लिए जाने का मामला सामने आया है। दुर्गा पूजा के दौरान मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटने की संभावना के बीच इस घटना ने पेयजल व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। धार्मिक स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लगाई गई व्यवस्था को नुकसान पहुंचाने से लोगों में नाराजगी है। मामले की जानकारी मिलने के बाद कोढ़ा नगर पंचायत के मुख्य पार्षद धीरज कुमार सिंह ने तत्परता दिखाते हुए वाटर कूलर को दोबारा चालू कराने की पहल की। उन्होंने दुर्गा पूजा को ध्यान में रखते हुए फिर से बोरिंग कराने और नया पाइप लगाने का निर्देश दिया, ताकि श्रद्धालुओं को स्वच्छ पेयजल के लिए परेशान न होना पड़े।

## पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पंचमंदिर समिति की बड़ी पहल

**20 एकड़ में लगाए गए आम के 360 पौधे**



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मोतिहारी की पंचमंदिर प्रबंध समिति ने एक अनूठी पहल की है। मजुराहां स्थित करीब 20 एकड़ जमीन पर समिति की ओर से 33 किस्मों के आम के 360 पौधे लगाए गए। इस वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ जिलाधिकारी श्री सौरभ सुमन यादव और पुलिस अधीक्षक श्री स्वर्ण प्रभात ने संयुक्त रूप से किया। आयोजकों के अनुसार, यह बिहार में अपनी तरह की पहली पहल है। इस अवसर पर पंचमंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. शम्भूनाथ सीकरीया, सचिव सुधीर अग्रवाल, समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।समिति के अध्यक्ष डॉ. सीकरीया ने कहा कि लगाए गए आम की सभी प्रजातियां भारतीय हैं, जिनमें से कई विदेशों में अलग - अलग नामों से प्रसिद्ध हैं। इस पहल का उद्देश्य इन खास प्रजातियों को बिहार के लोगों तक पहुंचाना और चम्पारण की आम उत्पादन से जुड़ी ऐतिहासिक पहचान को फिर से मजबूत करना है। उन्होंने बताया कि भविष्य में तीन हजार वृक्ष लगाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें विशेष किस्मों के फलदार पौधे भी शामिल होंगे। जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव और पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण, हरियाली और बेहतर भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने स्थानीय लोगों से पौधों की देखभाल और सुरक्षा में सहयोग करने की अपील की। पर्यावरण बचाना केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी का कर्तव्य है। आज लगाया गया एक पौधा आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा, हरियाली और बेहतर पर्यावरण का उपहार दे सकता है। यहां लगाए गए सभी वृक्षों के किस्म का चयन अभय कृष्णा सीकरीया के द्वारा किया गया।

## बहरमाड़र पंचायत के विकास के लिए पंचायत राज मंत्री को सौंपा मांग पत्र



**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बहरमाड़र पंचायत के समग्र विकास और ग्रामीणों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता धर्मजीत कुमार सिंह ने बिहार सरकार के पंचायत राज मंत्री दीपक प्रकाश से मुलाकात की। उन्होंने पटना स्थित मंत्री के सरकारी आवास पर मांग पत्र सौंपकर पंचायत की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया और विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने का आग्रह किया। इसकी जानकारी बनकेरवा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता मुन्ना शाह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। मांग पत्र में कहा गया है कि ग्राम पंचायत बहरमाड़र, प्रखंड परसा, जिला सारण में सड़क, नाली, स्वच्छ पेयजल, शिक्षा, खेलकूद, आवास और सार्वजनिक सुविधाओं का विस्तार जरूरी है। इन सुविधाओं के समुचित विकास से ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार होगा और पंचायत के विकास को नई गति मिलेगी। सामाजिक कार्यकर्ता ने मांग पत्र के माध्यम से बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत और पुनर्निर्माण कराने, पंचायत के सभी वार्डों में पक्की नाली का निर्माण कराने तथा पात्र परिवारों को सरकारी आवास योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग की है। इसके साथ ही बच्चों और युवाओं के लिए खेल मैदान एवं पुस्तकालय की व्यवस्था करने और ग्रामीणों की सुविधा के लिए विवाह भवन का शीघ्र निर्माण कराने का आग्रह किया गया है। धर्मजीत कुमार सिंह ने मंत्री से पंचायत की वास्तविक जरूरतों और ग्रामीणों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए इन मांगों पर आवश्यक पहल करने की अपील की, ताकि बहरमाड़र पंचायत में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हो और ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके।

## महानंदा नदी में 36 घंटे बाद मिला युवक का शव

**चार पुलिसकर्मियों पर मृतक के पिता ने लगाया हत्या का आरोप**

**आजमनगर /कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आजमनगर और प्राणपुर प्रखंड की सीमा पर स्थित असालतगंज घाट के पास महानंदा नदी में लापता युवक का शव 36 घंटे बाद सोमवार को बरामद किया गया। मृतक की पहचान आजमनगर थाना क्षेत्र के इमामनगर असालतगंज गांव निवासी यूसुफ आलम के पुत्र मोहम्मद मुरसलीम (28) के रूप में हुई है। घटना के बाद से इलाके में सनसनी फैल गई थी। वहीं परिजनों ने रोशना थाना में तैनात चार पुलिसकर्मियों पर मारपीट कर नदी में डुबोकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार शनिवार को संध्या करीब 5 बजे रोशना थाना पुलिस द्वारा पीछा किए जाने के दौरान मुरसलीम ने महानंदा नदी में छलांग लगा दी थी। घटना के बाद से ही एसडीआरएफ की टीम और स्थानीय गोताखोर नदी में उसकी तलाश कर रहे थे। लगातार खोजबीन के बाद सोमवार को करीब 36 घंटे बाद युवक का शव नदी से बरामद हुआ। शव मिलने के बाद



परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया। मृतक के पिता यूसुफ आलम ने आजमनगर थाना में लिखित आवेदन देकर रोशना थाना में तैनात चार पुलिसकर्मियों पर उनके पुत्र के साथ मारपीट करने और नदी में डुबोकर हत्या करने का आरोप लगाया है। उन्होंने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## दहेज के लिए नवविवाहिता की हत्या का आरोप, सास गिरफ्तार



**छपरा/दिघवारा (सारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अमनौर थाना क्षेत्र के गनौरा गांव में दहेज के लिए नवविवाहिता की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने मृतका की सास को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि पति सहित अन्य आरोपित फरार हैं। मृतका की पहचान गरखा थाना क्षेत्र के मिठेपुर गांव निवासी मुन्द्रिका राय की 21 वर्षीय पुत्री खुशबू कुमारी के रूप में हुई है। खुशबू की शादी इसी साल 5 मई को गनौरा निवासी मनीष कुमार से हुई थी। मृतका के पिता ने अमनौर थाने में दिए आवेदन में बताया है कि शादी में उन्होंने सामर्थ्य अनुसार जेवरात, एक मोटरसाइकिल और तीन लाख रुपये नकद दिए थे। आरोप है कि शादी के एक सप्ताह बाद से ही व्यवसाय के नाम पर ससुराल पक्ष द्वारा दो लाख रुपये की और मांग की जाने लगी। मांग पूरी न होने पर खुशबू के साथ मारपीट व प्रताड़ना की जाती थी और उसे मायके वालों से बात भी नहीं करने दी जाती थी। पिता का आरोप है कि 11 अक्टूबर की सुबह करीब 8 बजे उन्हें बेटी की मौत की सूचना दी गई। जब वे गनौरा स्थित ससुराल पहुंचे तो घर के अंदर बेटी का शव पड़ा था। आवेदन में पिता ने शव के दोनों पैर बंधे होने और शरीर पर चोट के निशान होने का जिक्र किया है। सूचना पर पहुंची अमनौर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस संबंध में अमनौर थाना कांड संख्या 417/26 दर्ज किया गया है। मृतका के पिता के बयान पर पति समेत ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ दहेज हत्या, क्रूरता और दहेज प्रतिषेध अधिनियम की सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतका की सास आभा देवी को गिरफ्तार कर लिया है।

## मनिहारी में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर बीएलओ की बैठक

**छह समूहों में बांटे गए बीएलओ ● निर्धारित समय पर प्रखंड सभागार में दिया गया प्रशिक्षण**



**मनिहारी/कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बिहार के निर्देश के आलोक में 67-मनिहारी अजजा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा के बाद आगे की कार्ययोजना को लेकर 12 अक्टूबर को बीएलओ की बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान विशेष अभियान के संचालन, निर्वाचन संबंधी दिशा-निर्देशों तथा अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गयी।बैठक में बीएलओ की सुविधा के लिए उन्हें छह समूहों में विभाजित किया गया । पहले समूह में भाग संख्या 1 से 65 तक के बीएलओ शामिल को 12 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से 12:30 बजे तक प्रशिक्षण दिया गया।दूसरे समूह में भाग संख्या 66 से 130 तक के बीएलओ को दोपहर 12:30 बजे से एक बजे तक, तीसरे समूह में भाग संख्या 131 से 195 तक के बीएलओ को अपराह्न एक बजे से 1:30 बजे तक प्रशिक्षण दिया गया। इसी प्रकार चौथे समूह में भाग संख्या 196 से 260 तक के बीएलओ को अपराह्न 1:30 बजे से दो बजे तक, पांचवें समूह में भाग संख्या 261 से 325 तक के बीएलओ को दो बजे से 2:30 बजे तक तथा छठे समूह में भाग संख्या 326 से 380 तक के बीएलओ को अपराह्न 2:30 बजे से तीन बजे तक प्रशिक्षण दिया गया। प्रखंड सभागार में हुई बैठक सभी छह समूहों की बैठक मनिहारी प्रखंड सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में अवर निवार्ची पदाधिकारी ऋषिकेश कुमार एवं मास्टर ट्रेनर ने बीएलओ को उनके कार्य के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में मनसाही, मनिहारी एवं अमदाबाद को के बीएलओ ने भाग लिया।

## गड्ढे में पलटी तेज रफ्तार स्कॉर्पियो, पांच घायल

**फलका/कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फलका थाना क्षेत्र में एक बड़ा सड़क हादसा हो गया।स्टेट हाईवे-77 पर चंदवा नया नगर गांव के समीप एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वाहन अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरे गड्ढे में पलट गई। इस दर्दनाक हादसे में गाड़ी में सवार एक ही परिवार के कुल पांच लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं।घटना में घायल हुए सभी लोग पूर्णिया जिले के धमदाहा थाना अंतर्गत गरेल गांव के निवासी हैं।जख्मियों की पहचान सहदेव मिश्रा (70) ,विंध्यवासिनी देवी (65), बीरेंद्र मिश्रा (45), अनन्या मिश्रा (14), बंसिका मिश्रा (13) के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि पूरा परिवार टाटा नगर झारखंड से ट्रेन द्वारा वापस अपने घर पूर्णिया लौट रहा था। सभी लोग कुरसेला स्टेशन पर ट्रेन से उतरे और वहां से गरेल गांव जाने के लिए एक स्कॉर्पियो वाहन से निकले।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में वीबीजी रामजी योजना की समीक्षात्मक बैठक



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार में जिलाधिकारी मोतिहारी की अध्यक्षता में वीबीजी रामजी योजना की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त, निदेशक, एनईपी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा), कार्यपालक अभियन्ता (मनरेगा), सहायक अभियन्ता (मनरेगा) एवं कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा) उपस्थित थे।उक्त बैठक में मानव दिवस सृजन समीक्षा के क्रम में पाया गया कि जिला स्तर पर 39.46% की उपलब्धि है,जबकि राज्य स्तर पर 41.04% की उपलब्धि है, जिसमें कतिपय प्रखण्डों की उपलब्धि जिले के औसत से कम पायी गई, जिसमें मेहसी प्रखण्ड में 23.54%, बंजरिया प्रखण्ड में 24.21%, कल्याणपुर प्रखण्ड में 25.96%, पकड़ीदयाल प्रखण्ड में 26.79%, आदापुर प्रखण्ड में 27.19%, घोड़ासहन प्रखण्ड में 28.16% एवं बनकटवा प्रखण्ड में 29.09% है। खेद व्यक्त करते हुए निम्न उपलब्धि वाले प्रखण्डों के कार्यक्रम पदाधिकारी, मेहसी, बंजरिया, कल्याणपुर, पकड़ीदयाल, आदापुर, घोड़ासहन एवं बनकटवा से स्पष्टीकरण पूछने का निदेश दिया गया। साथ ही सभी संबंधित कार्यक्रम पदाधिकारियों को एक सप्ताह के अन्दर मानव दिवस सृजन में अपेक्षित प्रगति प्राप्त करने का निदेश दिया गया। पीएमएवाईजी अभिसरण समीक्षा के क्रम में पाया गया कि जिला स्तर पर कुल 23950 योजनाओं में से 1857 योजनाओं में एमआर निर्गत कर 7.75 प्रतिशत की उपलब्धि हासिल की गई है, जिसमें कुछ प्रखण्डों की उपलब्धि काफी निम्न पायी गई, जो इस प्रकार है अरेराज प्रखण्ड में 0%, पीपराकोठी प्रखण्ड में 0%, संग्रामपुर प्रखण्ड में ०%, कोटवा प्रखण्ड में 0.33%, चिरैया प्रखण्ड में 0.80%, छौड़ादानो प्रखण्ड में 1.50%, पताही प्रखण्ड में 1.97% एवं तेतरिया प्रखण्ड में 2.17% की उपलब्धि है। खेद व्यक्त करते हुए निम्न उपलब्धि वाले प्रखण्डों के कार्यक्रम पदाधिकारी, अरेराज, पीपराकोठी, संग्रामपुर, कोटवा, चिरैया, छौड़ादानो, पताही एवं तेतरिया से स्पष्टीकरण पूछने का निदेश दिया गया। साथ ही सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों को PMAY-G अभिसरण में एक सप्ताह के अन्दर अपेक्षित प्रगति प्राप्त करने का निदेश दिया गया। ईकेवाईसी समीक्षा के क्रम में पाया गया कि जिले में कुल 4,38,425 सक्रिय मजदूरों में से 3,96,582 मजदूरों का ईकेवाईसी कर जिला स्तर पर 90.49% की उपलब्धि हासिल की गई है। कुल 41,688 ई०-केवाईसी हेतु लंबित है। कतिपय प्रखण्डों की उपलब्धि काफी निम्न पायी गई, जो इस प्रकार है बनकटवा प्रखण्ड में 84.75%, पकड़ीदयाल प्रखण्ड में 85.93%, छौड़ादानो प्रखण्ड में 87.37%, घोड़ासहन प्रखण्ड में 87.82% एवं रामगढ़वा प्रखण्ड में 87.83% है। निम्न उपलब्धि वाले प्रखण्डों के कार्यक्रम पदाधिकारी, बनकटवा, पकड़ीदयाल, छौड़ादानो, घोड़ासहन एवं रामगढ़वा से स्पष्टीकरण पूछने का निदेश दिया गया।

# रफीगंज के डीहवार स्थान में महाआरती का आयोजन

## विधायक एवं आरपीएफ इंस्पेक्टर ने किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज शहर के डीहवार स्थान में दुर्गा पूजा के अवसर पर एकमी से महाआरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक प्रमोद कुमार सिंह एवं आरपीएफ इंस्पेक्टर राम सुमेर ने फीता काटकर किया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। डीहवार कमेटी के सदस्यों ने बताया कि दुर्गा पूजा के अवसर पर एकमी से लेकर नवमी तक प्रतिदिन महाआरती का आयोजन किया जाता है। इसमें क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु शामिल होकर पूजा-अर्चना करते हैं और डीहवार बाबा से सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। उद्घाटन के बाद कमेटी की ओर से सभी अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आरपीएफ इंस्पेक्टर राम



सुमेर ने श्रद्धालुओं से रेलवे लाइन पार करते समय विशेष सावधानी बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि डीहवार बाबा का स्थान दो रेलवे लाइनों के बीच स्थित है। ऐसे में श्रद्धालु रेलवे लाइन पार करते समय दोनों ओर देखकर सतर्कता बरतें, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। उन्होंने बताया कि महाआरती के दौरान आरपीएफ के जवानों के साथ बिहार पुलिस के जवान भी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात हैं। किसी प्रकार की समस्या होने पर श्रद्धालु तुरंत सुरक्षा कर्मियों को सूचना दें। वहीं, विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने धार्मिक आयोजनों को सामाजिक एकता, आस्था और आपसी सद्भाव का प्रतीक बताया। उन्होंने आयोजन में शामिल श्रद्धालुओं को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि भोला चौधरी, उमेश पासवान, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मधुकर कुशवाहा, पूर्व उप मुख्य पार्षद हरेंद्र कुमार, भाजपा नगर अध्यक्ष संतोष कुमार साहू, रिशु सिंह, चंदन कुमार सोनी, रणविजय यादव, बाल गोविंद साहू, विकास यादव, विनोद कुमार, इंदल पासवान, संगीता प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### आज होगी नवरात्र के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की पूजा

**औरंगाबाद**। शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना विधि-विधान के साथ की जाती है। मां चंद्रघंटा को साहस, शक्ति, शांति और कल्याण की देवी माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मां चंद्रघंटा की आराधना करने से भक्तों के जीवन में सुख-समृद्धि आती है और भय, नकारात्मकता तथा बाधाओं से मुक्ति मिलने की मान्यता है। नवरात्र के तीसरे दिन मंदिरों और घरों में भक्त मां की पूजा कर परिवार की सुख-शांति और खुशहाली की कामना करते हैं। मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप का नाम चंद्रघंटा इसलिए पड़ा, क्योंकि उनके मस्तक पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र सुशोभित रहता है। मां का स्वरूप तेजस्वी और दिव्य माना जाता है। धार्मिक चित्रण में वे सिंह पर सवार दिखाई देती हैं। उनके दस हाथों में विभिन्न अस्त्र-शस्त्र और पूजन से जुड़ी वस्तुएं दर्शाई जाती हैं। मां का यह स्वरूप दुष्ट शक्तियों का नाश करने और भक्तों की रक्षा करने वाला माना जाता है।

### सडक दुर्घटना मे एक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकबरपुर (नवादा)** । नेमदारगंज थाना क्षेत्र के छह माईल के समीप सोमवार की दोपहर मैजिक एवं ई रिक्शा की टक्कर में मैजिक पर सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि ई-रिक्शा पर सवार कई लोग घायल हो गये। बताया जाता है कि सोमवार की दोपहर एक मैजिक नवादा से मुरहेना सवारी लेकर जा रहा था कि छ माईल की समीप विपरित दिशा से आ रहे ई रिक्शा से उसकी टक्कर हो गई । टक्कर के कारण मैजिक वाहन सड़क पर पलट गया जबकि ई-रिक्शा सड़क किनारे गड्डे में पलट गई । इस घायल में आधा दर्जन लोग घायल हो गये। स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को नवादा सदर अस्पताल पहुंचाया गया।

थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि घायल में रहे मुरहेना गांव के मो जरार आलम (50 बर्ष) की मौत ईलाज के क्रम में हो गया। बाकी घायलों का इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है।

# व्यवहार न्यायालय द्वार का हुआ उद्घाटन




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। प्रधान जिला जज राजीव रंजन कुमार ने व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के नये द्वार का उद्घाटन किया और व्यवहार न्यायालय गेट के सुरक्षा इंतजाम का जायजा लिया। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्रधान जिला जज राजीव रंजन कुमार के प्रयास से व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद और जिला विधिक सेवा प्राधिकार औरंगाबाद के बोर्ड अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है जो आकर्षक और सुंदर है। इस कार्य के लिए प्रधान जिला जज राजीव रंजन कुमार को जिला विधिक संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय, महासचिव जगनरायण सिंह, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, महासचिव सिद्धेश्वर विधार्थी, लोक अभियोजक अजय कुमार, सरकारी अधिवक्ता वृजा प्रसाद, जिला अभियोजन पदाधिकारी दीपक कुमार सिन्हा ने बधाई दी है।

# टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। 12 अक्टूबर को टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय में 13 बिहार बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, एनसीसी कैडेटों एवं महाविद्यालय परिवार को क्षय रोग (टीबी) के लक्षणों, बचाव, समय पर जाँच तथा उपचार के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिला गैर-संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. रवि रंजन ने टीबी के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि दो सप्ताह या उससे अधिक समय तक खाँसी रहना, लगातार बुखार आना, रात में पसीना आना, वजन कम होना तथा भूख में कमी जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर शीघ्र जाँच करानी चाहिए। उन्होंने टीबी के संक्रमण से बचाव, समय पर पहचान, नियमित एवं



पूर्ण उपचार तथा रोगियों के प्रति सकारात्मक व्यवहार के महत्त्व को रेखांकित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) विजय रजक ने अपने संबोधन में कहा कि टीबी जैसी संक्रामक बीमारी के उन्मूलन के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता आवश्यक है। शैक्षणिक संस्थान जागरूकता फैलाने और विद्यार्थियों को सामाजिक दायित्वों के प्रति प्रेरित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों एवं एनसीसी कैडेटों से टीबी मुक्त भारत के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने की अपील की। महाविद्यालय के एनसीसी पदाधिकारी लेफ्टिनेंट (डॉ.) विवेक कुमार ने कहा कि एनसीसी कैडेट अनुशासन, सेवा और सामाजिक जागरूकता के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थित लोगों को टीबी के प्रति जागरूक रहने, लक्षणों की अनदेखी न करने, समय पर जाँच एवं उपचार कराने तथा टीबी से प्रभावित व्यक्तियों के प्रति सहयोगात्मक और संवेदनशील व्यवहार अपनाने का संदेश दिया गया। इस प्रकार कार्यक्रम ने टीबी मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने में जन-जागरूकता और सामूहिक सहभागिता के महत्त्व को रेखांकित किया।

# नेतरहाट की वादियों में बच्चों ने लिया प्रकृति और ज्ञान का अनूठा अनुभव

## राज विद्या कोचिंग इंस्टीट्यूट सह सच्चिदानंद पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने किया दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)**। कक्षा की चारदीवारी से बाहर निकलकर प्रकृति के बीच सीखने और समझने के उद्देश्य से समदा, कुटुंबा स्थित राज विद्या कोचिंग इंस्टीट्यूट सह सच्चिदानंद पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने झारखंड के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल नेतरहाट का दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। 10 से 11 अक्टूबर तक आयोजित इस यात्रा में छात्र-छात्राओं ने प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने के साथ कई नई जानकारियां भी प्राप्त कीं। 10 अक्टूबर की रात आठ बजे विद्यार्थियों का दल उत्साह के साथ नेतरहाट के लिए रवाना हुआ। वहां की हरी-भरी पहाड़ियां, मनमोहक प्राकृतिक दृश्य तथा सूर्योदय और



सूर्यास्त के आकर्षक नजारों ने बच्चों को खासा आकर्षित किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को प्रकृति, भौगोलिक परिस्थितियों और क्षेत्र के ऐतिहासिक महत्व को करीब से जानने-समझने का अवसर मिला। इस यात्रा ने बच्चों के लिए पढ़ाई को मनोरंजक बनाने के साथ उनके ज्ञान के दायरे को भी विस्तृत किया। संस्थान के निदेशक धनेश कुमार ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान तक सीमित रहना नहीं है, बल्कि बच्चों को व्यावहारिक अनुभवों से जोड़ना भी जरूरी है। शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों में जिज्ञासा, आत्मविश्वास, अनुशासन और सामूहिक भावना का विकास होता है। ऐसे आयोजन बच्चों के मानसिक एवं बौद्धिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस शैक्षणिक भ्रमण में शिक्षक सुनील कुमार, गौतम पांडेय, रविरंजन पांडेय, विनीत कुमार, सत्यम कुमार, रविन्द्र कुमार, शिक्षिकाएं पुष्पा देवी, प्रीति कुमारी, काजल कुमारी, मधु कुमारी, रूबी कुमारी और सोनी कुमारी शामिल रहीं। सभी ने यात्रा के दौरान बच्चों का मार्गदर्शन किया और उनकी सुरक्षा एवं अनुशासन का ध्यान रखा। भ्रमण संपन्न होने के बाद विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

### पीरू हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में स्वास्थ्य सुविधाओं पर मंथन

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड के पिरू हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में सोमवार को जन आरोग्य समिति की मासिक बैठक मुखिया गोपाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने, स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था सुदृढ़ करने और विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में स्वास्थ्य केंद्र का रंग-रोगन कराने, स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने, एनीमिया मुक्त अभियान को गति देने तथा गैर-संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने पर जोर दिया गया। इसके अलावा 'जांच एवं उपचार, चिकित्सा आपके द्वार' अभियान को प्रभावी तरीके से संचालित करने पर भी चर्चा हुई, ताकि ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ मिल सके। इस दौरान मुखिया गोपाल सिंह ने बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री से जन आरोग्य समिति का बजट बढ़ाने की मांग की। उन्होंने कहा कि सीमित बजट के कारण उप स्वास्थ्य केंद्र के संचालन और स्वास्थ्य सुविधाओं को सुचारू रूप से उपलब्ध कराने में कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बजट में वृद्धि होने से स्वास्थ्य केंद्र की आवश्यक व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के साथ ही ग्रामीणों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

# सेवा और समानता के संदेश से गूंजा अग्रसेन भवन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। समाजवाद, समानता, अहिंसा और परस्पर सहयोग के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने वाले महाराजा अग्रसेन जी की 5150वीं जयंती नवादा में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नगर के अग्रसेन भवन स्थित दादी जी रानी सती मंदिर में जिले भर के मारवाड़ी समाज के लोग जुटे। विधि-विधान से पूजा-अर्चना, भव्य आरती और प्रसाद वितरण किया गया। वहीं, बच्चों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कर उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित किया गया। इस भव्य आयोजन का संचालन मारवाड़ी समाज की नवगठित जिला कमेटी की ओर से किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों महिला-पुरुषों और बच्चों की भागीदारी रही। पूरे आयोजन के दौरान सामाजिक एकजुटता, धार्मिक आस्था और महाराजा अग्रसेन के आदर्शों के प्रति सम्मान का भाव देखने को मिला। महाराजा अग्रसेन जी को एक महान शासक के साथ-साथ समाज सुधारक के रूप में भी याद किया जाता है। परंपरागत मान्यताओं के अनुसार, उन्होंने हरियाणा में अग्रोहा नगरी की स्थापना की थी। उनके सामाजिक चिंतन का सबसे चर्चित उदाहरण 'एक ईंट और एक रुपया' का सिद्धांत है। इस परंपरा के तहत नए बसने वाले परिवार को समाज के प्रत्येक घर से एक ईंट और एक रुपया देने की व्यवस्था बताई जाती है, ताकि वह अपना घर बनाने और कारोबार शुरू करने में सक्षम हो सके। यह सिद्धांत सामाजिक सहयोग, आर्थिक आत्मनिर्भरता और समान अवसर की भावना को दर्शाता है। महाराजा अग्रसेन के आदर्शों में अहिंसा, करुणा और जीवों के प्रति दया को भी महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। वहीं, 18 गोत्रों से जुड़ी परंपरा अग्रवाल समाज की पहचान और संगठन की भावना को दर्शाती है।

# जरूरतमंदों की शिक्षा और किसानों की खुशहाली के लिए बनेगी कार्ययोजना

**औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। स्थानीय न्यू शिशु प्रतियोगिता निकेतन, सत्येंद्र नगर के प्रांगण में बुद्धिजीवी चेतना मंच की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव ने की, जबकि संचालन जिला महासचिव संतोष कुमार सिंह ने किया। बैठक में सामाजिक कल्याण, शिक्षा के प्रसार और किसानों की आय में वृद्धि को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। महासचिव संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मंच जरूरतमंदों को शिक्षा के क्षेत्र में मदद देगा। साथ ही वैज्ञानिकों के सहयोग से प्रशिक्षण शिविर लगाकर किसानों को नकदी फसलों की वैज्ञानिक



खेती के तौर-तरीके सिखाए जाएंगे। जिलाध्यक्ष ने संगठनात्मक मजबूती पर बल देते हुए कहा कि सभी प्रखंडों में इकाइयों का गठन कर शिक्षा और कृषि विकास की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। उपाध्यक्ष लवलेश यादव ने भी किसानों के तकनीकी प्रशिक्षण पर विशेष जोर दिया। जिला प्रवक्ता रामजनम सिंह और जिला सचिव ई. दूधेश्वर प्रसाद ने संयुक्त बयान में कहा कि यह संगठन जाति और धर्म से ऊपर उठकर शिक्षित समाज के निर्माण और किसानों की आर्थिक प्रगति के लिए संकल्पित है। मंच के संयोजक डॉ. संतोष यादव, कमलेश कुमार विकल और श्यानता प्रसाद यादव ने कहा कि समाज के कमजोर वर्गों का उत्थान और शिक्षा का विस्तार ही समृद्ध राष्ट्र का आधार है। बैठक में अरुण कुमार, गोपाल यादव, अबरार हसन, अधिवक्ता विजय सिंह और रामपरीख सिंह उपस्थित रहे। अंत में जिलाध्यक्ष के धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक संपन्न हुई।

### छठ पूजा की तैयारियों को लेकर डेंजर क्लब की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। स्थानीय कनाप रोड मोहल्ला स्थित एबीसी कंप्यूटर शिक्षण संस्थान के सभागार में छठ पूजा की तैयारियों को लेकर डेंजर क्लब के सदस्यों और गणमान्य लोगों की बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की देखरेख मृत्युंजय सिंह और प्रिंस विश्वकर्मा ने की। बैठक के दौरान आयोजकों ने पिछले वर्ष के आय-व्यय के ब्योरे को लेकर पूर्व सचिव चंदन कुशवाहा का ध्यान आकृष्ट कराया, जिस पर उपस्थित सदस्यों ने गहन विचार-विमर्श किया। इसके बाद लोक आस्था के महापर्व छठ के सफल और भव्य आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में सर्वसम्मति से छठी मईया की प्रतिमा स्थापित करने, आकर्षक पूजा पंडाल के निर्माण तथा छठी अहरा घाट तक विद्युत सज्जा (लाइटिंग) कराने का निर्णय लिया गया।

# दुर्गा पूजा पंडालों और मेले की सुरक्षा व्यवस्था का एसडीएम व एसडीपीओ 2 ने लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। दुर्गा पूजा पंडालों एवं मेले में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए एसडीएम गौतम कुमार सिंह और एसडीपीओ-2 आदित्य कुमार ने विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण और यातायात प्रबंधन को लेकर संबंधित पदाधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



एसडीएम गौतम कुमार सिंह ने बताया कि दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए स्थानीय प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन स्थानों पर बैरिकेडिंग की आवश्यकता है, वहां समय पर इसकी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। रेलवे क्षेत्र से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए रेलवे प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करने पर भी जोर दिया गया। शहर में जाम की समस्या से निपटने के लिए विशेष यातायात रूट प्लान तैयार करने और लूप व्यवस्था के तहत वाहनों का परिचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, ताकि विपरीत दिशा से आने वाले वाहनों के कारण जाम या टकराव की स्थिति उत्पन्न न हो।

**Format C - 2**

(For political party to publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(as per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of political party: **Bharatiya Janata Party**

*Name of Election: **Biennial Elections to Bihar Legislative Council from Graduates and Teachers Constituency**

Name of State/UT: **Bihar**

| Sl. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | Pending Criminal cases | | Details about cases of conviction for criminal offences | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offences(s) & punishment imposed |
| 1. | Koshi Graduates' Constituency | N K Yadav | CJM, BHAGALPUR Kotwali (Barari) Bhagalpur P.S. 483/2011 G.R 2335/11, BHAGALPUR (Pending) | 147, 149, 323, 353, 379, 307, 504, 506 OF IPC | Not Applicable | Not Applicable |

**Format C - 2**

(For political party to publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(as per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of political party: **Bharatiya Janata Party**

*Name of Election: **Biennial Elections to Bihar Legislative Council from Graduates & Teachers Constituency**

Name of State/UT: **Bihar**

| Sl. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | Pending Criminal cases | | Details about cases of conviction for criminal offences | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offences(s) & punishment imposed |
| 1. | Patna Teachers Constituency | Prof. Nawal Kishor Yadav | सब–डिविजनल ज्यूडीशियल मजिस्ट्रेट पटना सचिवालय पुलिस स्टेशन, रिपोर्ट संख्या 182/2013 (Pending) | भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 420/120(ब), आबकारी अधिनियम की धारा 47A, और आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 5/7 | Not Applicable | Not Applicable |
| 2. | Do | Do | सचिवालय रिपोर्ट संख्या 98/2007, श्री मनीष चंद्र जे. एम. एफ. सी. पटना सचिवालय पुलिस स्टेशन, रिपोर्ट संख्या 98/2007 (Pending) | भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 294/109 और बिहार लाउडस्पीकर उपयोग और बजाने संबंधी अधिनियम, 1955 की धारा 9 | Not Applicable | Not Applicable |

# छात्राओं को महिला सुरक्षा, अधिकारों एवं सशक्तीकरण से संबंधित दी गई जानकारी

## अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**आरा।** महिला एवं बाल विकास निगम, आरा द्वारा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर श्री जैन कन्या पाठशाला +2 उच्च विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को शिक्षा, सुरक्षा, अधिकारों एवं आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर चित्रांकन एवं भाषण प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं तथा विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। सभी छात्राओं को योजना के लोगोयुक्त टी-शर्ट एवं टोपी वितरित की गईं और प्रेरणादायक वीडियो दिखाए गए। विद्यालय की प्रधानाचार्य, जिला परियोजना प्रबंधक कुमार रोहित एवं जिला मिशन समन्वयक मो. तैयब अहमद ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बालिका शिक्षा, महिला सुरक्षा, लैंगिक समानता एवं सशक्तीकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने वन स्टॉप सेंटर, जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन, महिला हेल्पलाइन 181 एवं आपातकालीन सेवा 112 सहित विभिन्न सहायता सेवाओं की जानकारी दी। वक्ताओं ने छात्राओं से अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने, साइबर सुरक्षा एवं सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी प्रकार की हिंसा या उत्पीड़न की स्थिति में उचित सहायता लेने की अपील की। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा महिला एवं बाल विकास निगम के

## जिला जनता दरबार में 46 से अधिक आवेदकों की सुनी गईं समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** डीएम मनेश कुमार मीणा के निर्देशानुसार वरीय उप समाहर्ता मोइज़ जिया द्वारा आज जिला जनता दरबार में 46 से अधिक आवेदकों की समस्याएँ सुनी गईं। जनता दरबार में विभिन्न प्रखंडों से आए लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इनमें मुख्य रूप से राजस्व एवं भूमि सुधार, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण से संबंधित मामले शामिल थे। जिला पदाधिकारी ने सभी आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित पदाधिकारियों को मामलों की जाँच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध निष्पादन तथा लंबित मामलों की नियमित समीक्षा सुनिश्चित करने को कहा। जिला पदाधिकारी ने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को लोगों की समस्याओं पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करते हुए निर्धारित समय-सीमा में मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# औरंगाबाद के सूरज ने वर्ल्ड कप पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में जीते चार स्वर्ण पदक

## 560 किलो वजन उठाकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर दिखाया दम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिले के पवई गांव निवासी सूरज कुमार ने नेपाल की राजधानी काठमांडू में आयोजित डब्ल्यूआरपीएफ वर्ल्ड कप पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण पदक जीतकर देश और बिहार का नाम रोशन किया है। 9 से 11 अक्टूबर तक आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में सूरज ने अपनी ताकत और उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर चार अलग-अलग स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक हासिल किए। प्रतियोगिता के 67.5 किलोग्राम भार वर्ग में हिस्सा लेते हुए सूरज कुमार ने तीन बार में कुल 560 किलोग्राम वजन उठाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। उन्होंने फुल पावरलिफ्टिंग स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा बेंच प्रेस में 127.5 किलोग्राम, स्क्वाट में 205 किलोग्राम और डेडलिफ्ट में 227.5 किलोग्राम वजन उठाकर तीन अन्य स्वर्ण पदक अपने नाम किए। सूरज कुमार की इस उपलब्धि से औरंगाबाद जिले के खेल प्रेमियों में खुशी का माहौल है। उनकी सफलता को जिले की खेल प्रतिभाओं के लिए प्रेरणादायक माना जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में चार स्वर्ण पदक जीतकर उन्होंने साबित किया कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास से बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। सूरज कुमार की इस शानदार सफलता पर उनके कोच सुबेस्टिन जॉन सहित सुबोध सिंह, सचिन वर्मा, पंकज गुप्ता, अजय गुप्ता, सरोज यादव, अभिषेक सिंह, राधा गुप्ता, अरविंद यादव, डॉ. ललन यादव, अप्पू यादव, सूरज पासवान, अमित गुप्ता और मनोज गुप्ता ने बधाई दी। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि सूरज आगे भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर जिले और देश का गौरव बढ़ाते रहेंगे।

## बालू लदे ट्रक की चपेट में आने से साइकिल सवार वृद्ध की मौत

**समस्तीपुर (नव बिहार टाइम्स, संवाददाता)।** जिले के वैनी थाना क्षेत्र के ईदगाह के निकट बालू लदे ट्रक के चपेट में आने से एक साईकिल सवार भक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें आसपास के लोगों ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले गये जहां उपचार के क्रम में मौत हो गई। मृतक की पहचान वैनी वार्ड संख्या 12 निवासी स्व जादेव राय के 67 वर्षीय पुत्र राम प्रसाद राय के रूप में हुई है। वहीं घायल व्यक्ति की मौत की खबर आम होते ही आक्रोशित लोगों ने मुख्य सड़क को घंटों जाम कर मुआवजे एवं ट्रक चालक पर कार्रवाई करने की मांग कर रहे थे। इधर घटना की जानकारी मिलने पर वैनी थाना अध्यक्ष कल्पना कुमारी अपने टीम के साथ घटना स्थल पहुंची और जाम कर रहे लोगों को समझा बुझाकर जाम समाप्त कराया उसके बाद यातायात बहाल हुआ।

## नौ देवियों की मनमोहक स्वरूप बना आकर्षण का केंद्र

**भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शारदीय नवरात्र के अवसर पर जगदीशपुर नगर में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों में सजी युवतियां लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। नौ देवियों की वेशभूषा धारण किए युवतियों की मनमोहक झांकी देखने के लिए नगरवासियों की भीड़ उमड़ पड़ी। नगर के महावीर मंदिर से निकली झांकी सब्जी मंडी होते हुए काली मंदिर पहुंची। इसके बाद शिव मंदिर, डीएम रोड और दुर्गा मंदिर होते हुए पुनः महावीर मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान रास्ते में कई महिलाएं देवी स्वरूपों के समक्ष श्रद्धापूर्वक शीश झुकाकर वंदना करती नजर आईं। वहीं, बड़ी संख्या में लोगों ने इस अद्‌भुत दृश्य को अपने मोबाइल कैमरों में कैद किया।

# अनिरुद्धाचार्य जी महाराज ने किया हनी ज्वेलर्स का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** आभूषण कारोबार में विश्वसनीय हनी ज्वेलरी ने राजधानी पटना के बाकरगंज स्थित स्वर्णिम पैलेस, बारीपथ में अपने नए छह मंजिला शोरूम का भव्य शुभारंभ किया। परम पूज्य डॉ. श्री अनिरुद्धाचार्य जी महाराज, विनंदेश्वरी प्रसाद वर्मा व सुमित वर्मा के करकमलों से शोरूम का उद्घाटन संपन्न हुआ। इस अवसर पर हनी ज्वेलरी से स्वेता रानी, आयुष कुमार व कुमार आशीष सहित शहर के गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। नए प्रतिष्ठान के शुभारंभ के उपलक्ष्य में 12, 13 एवं 14 अक्टूबर तक हर खरीदारी पर विशेष उपहार दिया जा रहा हैं। इस दौरान हीरे के आभूषणों पर शून्य मेकिंग चार्ज तथा सोने के आभूषणों पर मात्र 4.50 प्रतिशत से मेकिंग चार्ज की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। प्रत्येक खरीदारी पर मुफ्त डिस्काउंट कूपन दिए जाएंगे। इसके अतिरिक्त 2.99 लाख रुपये से अधिक की खरीदारी पर 24 कैरेट सोने का सिक्का उपहार स्वरूप दिया जाएगा। इस अवसर पर हनी ज्वेलरी के सुमित वर्मा व कुमार आशीष ने कहा कि हनी ज्वेलरी ग्राहकों के विश्वास और दीर्घकालिक संबंधों को अपने व्यवसाय का आधार मानती है। पटना में रिटेल एवं होलसेल कारोबार के लिए विकसित यह नया प्रतिष्ठान कंपनी की विस्तार योजनाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि ग्राहकों की बदलती पसंद को ध्यान में रखते हुए पारंपरिक एवं आधुनिक आभूषणों का विस्तृत संग्रह तैयार किया गया है।

# रावण दहन शांति पूर्ण माहौल में होगा सम्पन्न : एसडीओ



**समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स, संवाददाता)।** आगामी दशहरा पर्व पर होने वाले रावण दहन कार्यक्रम को भव्य, शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से सोमवार को अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड कार्यालय जितवारपुर में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रखंड के सभी संबंधित अधिकारी, थाना प्रभारी, आयोजन समिति के सदस्य तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार ने रावण दहन स्थल पर सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था, अग्निशमन और चिकित्सा सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया जाय, बैरिकेडिंग की जाए तथा प्रवेश और निकासी के लिए अलग-अलग मार्ग बनाए जाएं। साथ ही अग्निशमन विभाग की गाड़ियों को मौके पर तैनात रखने और मेडिकल टीम को तैयार रहने का निर्देश दिया गया। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया, जिससे किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में स्वच्छता व्यवस्था पर भी विशेष जोर दिया गया। आयोजन समिति के सदस्यों ने प्रशासन के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और भरोसा दिलाया कि रावण दहन कार्यक्रम पूरी पारंपरिक भव्यता और अनुशासन के साथ मनाया जाएगा। बैठक के अंत में अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी से अपील की कि वे किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और शांति बनायें रखने में प्रशासन का मदद करें।


Format C-2

(For political party to publish in website, newspaper, TV)

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

***(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.***

Name of Political Party : राष्ट्रीय जनता दल

*Name of the Election : बिहार विधान परिषद

Name of State/UT : बिहार

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 05 दरभंगा स्नातक | अनिल कुमार झा | ए.सी.जे.एम. 1st रेलवे कोर्ट समस्तीपुर, T.R. No. 968/22, दरभंगा जी.आर.पी. थाना केस सं.-23/2005 | धारा सं० - 143 आई.पी.सी. एवं 174 रेलवे एक्ट, सरकारी कार्य में बाधा | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 2. | 05 दरभंगा स्नातक | अनिल कुमार झा | ए.सी.जे.एम. 1st दरभंगा G.R.-24104/24, दरभंगा नगर थाना केस सं. 230/13, | धारा सं० - 143, 353, 342 एवं 149 आई.पी.सी., सरकारी कार्य में बाधा डालने से संबंधित | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 3. | 05 दरभंगा स्नातक | अनिल कुमार झा | ए.सी.जे.एम. 1st दरभंगा C.R.I.-3046/20, लहेरियासराय थाना केस सं०-497/20 | धारा सं० - 188, 143, 269, 270, 271, आई.पी.सी., आचार संहिता वगैरह का उल्लंघन | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.


## संदेश थाना के होमगार्ड के जवान के गोली लगने से मौत

**संदेश (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** संदेश थाना के होमगार्ड जवान के गोली लगने से मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि मृतक होमगार्ड जवान साहार थाना क्षेत्र के गुलजारपुर गांव के प्रेम शंकर राय के पुत्र मोगंल राय बताया जा रहा है जो कि संदेश थाना में लगभग दो माह से कार्यरत था। होमगार्ड जवान अपने बेड पर सोया हुआ था इसी दरमियान बताया जा रहा है कि दूसरा जवान ड्यूटी करके आया और अपनी राइफल बेड पर रखा अचानक राइफल से फायरिंग हो गयी इसके बाद होमगार्ड जवान मोगंल राय को पेट में गोली लगी। होमगार्ड जवान को आरा अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया। वही संदेश थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि आगे इस मामले को छानबीन किया जा रहा है कि आखिर यह घटना कैसे हुआ पुलिस इस मामले में अपने स्तर से छानबीन कर रही है।

## लोजपा (रामविलास) के व्यावसायिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बने अरविंद पांडे

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवादददाता)।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के व्यवसायिक प्रकोष्ठ की ओर से चंदवा स्थित सत्यदेव तिवारी उत्सव पैलेस में मिलन समारोह सह संगठनात्मक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भोजपुर जिलाध्यक्ष राजेश्वर पासवान ने की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार निराला और संसदीय बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष हुलास पांडे ने अरविंद पांडे को व्यवसायिक प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष नियुक्त करते हुए नियुक्ति पत्र सौंपा। हुलास पांडे ने कहा कि पार्टी समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है। उन्होंने व्यवसायियों की सुरक्षा और उनके हितों की रक्षा के लिए संगठन की प्रतिबद्धता जताई। मनोज कुमार निराला ने विश्वास व्यक्त किया कि अरविंद पांडे के नेतृत्व में संगठन मजबूत होगा और व्यवसायियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा। राजेश्वर पासवान ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को बधाई देते हुए संगठन की एकजुटता पर जोर दिया। कार्यक्रम में पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे।

## 40 लाख रुपए की ब्राउन शुगर के साथ चार गिरफ्तार

**भागलपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददता)।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में आज पुलिस ने छापेमारी कर कुल 413.50 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जब्त ब्राउन शुगर की अनुमानित कीमत करीब चालीस लाख रुपए बताई गई है। भागलपुर के पुलिस अधीक्षक (नगर) अतुलेश झा ने सोमवार को यहां बताया कि जिले के सबौर थाना क्षेत्र में रेलवे स्टेशन के पास कुछ लोगों द्वारा भारी मात्रा में मादक पदार्थों को वाहन से अन्यत्र ले जाने की सूचना पर वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार के निर्देशन में उनके निगरानी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (विधि व्यवस्था) एवं स्थानीय थानाध्यक्ष के नेतृत्व में गठित विशेष पुलिस टीम सबौर रेलवे स्टेशन के निकट पहुंची। उन्होंने बताया कि पुलिस बल को देखकर कुछ लोग भागने लगे। लेकिन पुलिस ने खदेड़कर दो लोगों को दबोच लिया और तलाशी के क्रम में 403.20 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया।


बिहार सरकार

**कार्यालय–नगर पंचायत मोहनियाँ (कैमूर)**

**कोटेशन आमंत्रण सूचना स.–05/2026–27**

**Email-ID-**municipaloffice786mohania@gmail.com

**(कोटेशन आमंत्रण सूचना–पत्र)**

कार्यालय नगर पंचायत मोहनियाँ के बोर्ड की बैठक दिनांक–15.04.2026 के प्रस्ताव सख्या–20 में क्र0 सं0–03 के आलोक में कुल–नौ (**09**) मानवबल (MANPOWER) रखने हेतु कम्पनी का चयन किया जाना है।

अतः कार्यालय **नगर पंचायत मोहनियाँ** में उक्त कार्य हेतु इच्छुक कंसल्टेंसी कंपनी/संस्था से दिनांक–**29/10/2026** के अपराहन 5:00 (पाँच) बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित की जाती है। बन्द लिफाफे पर पता के रूप में कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत मोहनियाँ, सूचना सं0–05/2026-2027 तथा लिफाफे के उपर आवेदन का विषय अवश्य उल्लेखित होना चाहिए। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद कोटेशन को स्वीकार नही किया जायेगा। प्राप्त कोटेशनदाताओं का कोटेशन दिनांक–**31/10/2026** अपराहन 2:00 दो बजे कार्यालय **नगर पंचायत मोहनियाँ के सशक्त स्थायी समिति** के सदस्यों के बीच खोला जायेगा। निर्धारित तिथि को किसी कारणवश या अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्य दिवस को पूर्व निर्धारित समय पर खोली जायेगी। विस्तृत जानकारी हेतु कंसल्टेंसी कंपनी/संस्था किसी भी कार्य दिवस तथा कार्यावधि में नगर पंचायत मोहनियाँ कार्यालय में स्वंय अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से सम्पर्क कर सकते हैं।

**कोटेशन संबंधी विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar एवं kaimur.nic.in के वेबसाइट पर अवलोकन एवं नगर पंचायत मोहनियाँ कार्यालय के सूचना पट् पर देखा जा सकता है।**

**कार्यपालक पदाधिकारी**
**नगर पंचायत, मोहनियाँ**

PR- 013498 ( B & C ) 2026-27

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।**



**Format C - 2**

(For political party to publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(as per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of political party: **Bharatiya Janata Party**

*Name of Election: **Biennial Elections to Bihar Legislative Council from Graduates and Teachers Constituency**

Name of State/UT: **Bihar**

| Sl. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | Pending Criminal cases | | Details about cases of conviction for criminal offences | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offences(s) & punishment imposed |
| 1. | Darbhanga Graduates' Constituency | Sarvesh Kumar | श्रीमति सलेहा सबीहा न्यायिक दंडधिकारी प्रथम, बेगूसराय शाम्हो, थाना कांड सं.–32/15, 03.10.2015 (Pending) | धारा–171–F, 188 भा.द.वि.– 127A, R-P-Act आदर्श आचार संहिता उल्लंघन | Not Applicable | Not Applicable |
| 2. | Do | Do | ए.सी.जे. एम.–4 बेगूसराय नयागांव, थाना कांड सं.–56/15, 10.10.2015 (Pending) | धारा–171–H, 188 भा.द.वि.– 127A, R-P-Act आदर्श आचार संहिता उल्लंघन | Not Applicable | Not Applicable |

# एनएलएमयू में संगोष्ठी सह भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

## भाषण प्रतियोगिता में सेलिना प्रथम, संगीता रही दूसरे स्थान पर



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा ''डिजिटल लोकतंत्र में सार्वजनिक सूचना की मीडिया जिम्मेदारी एवं नैतिकता'' विषय पर संगोष्ठी एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य छात्रों में मीडिया की सामाजिक जिम्मेदारी, सार्वजनिक सूचना की विश्वसनीयता, डिजिटल युग में नैतिक पत्रकारिता तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता विकसित करना था। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ आर एन चौरसिया- मुख्य अतिथि, मानविकी संकाय की अध्यक्ष एवं अंग्रेजी की विभागाध्यक्ष प्रो पुनिता झा- अध्यक्षता तथा छात्र कल्याण अध्यक्ष प्रो अशोक कुमार मेहता की उपस्थिति रही। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में हिन्दी विभाग की डॉ मंजरी खरे एवं राजनीति विज्ञान विभाग की डॉ नीतू कुमारी शामिल थीं। इस अवसर पर विभाग के शिक्षकगण- डॉ नवीन कुमार सिंह, डॉ संकेत कुमार झा, डॉ शम्भावी, डॉ वीरेन्द्र कुमार मिश्रा एवं डॉ आर्यिका पॉल उपस्थित रहे। डॉ आर एन चौरसिया ने कहा कि पत्रकारिता एवं नैतिकता एक-दूसरे के पूरक हैं। नैतिकता पूर्ण पत्रकारिता सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम है। आज पत्रकारिता में सत्यनिष्ठा, निष्पक्षता, स्वतंत्रता और मानवीय संवेदनशीलता की जरूरत और अधिक बढ़ गई है। नैतिक पत्रकारिता लोकतंत्र को मजबूत बनाती है तथा सरकार एवं प्रशासन की जवाबदेही भी सुनिश्चित करती है। अध्यक्षीय संबोधन में प्रो पुनिता झा ने कहा कि पत्रकार आम जनता एवं शासन-प्रशासन के बीच संवाद का काम करता है। पत्रकारिता की सफलता उसकी विश्वसनीयता एवं नैतिकता पर निर्भर है। वक्ताओं ने इस बात पर बल दिया कि डिजिटल लोकतंत्र में मीडिया केवल सूचना प्रसारित करने का माध्यम नहीं, बल्कि जनमत निर्माण और लोकतांत्रिक चेतना के विकास का एक महत्वपूर्ण आधार भी है। इसलिए सूचना की सत्यता, निष्पक्षता और जवाबदेही सुनिश्चित करना आवश्यक है। निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों के वक्तृत्व कौशल, विषय की समझ, विचारों की स्पष्टता, तर्कशक्ति तथा प्रस्तुति के आधार पर उनके भाषणों का मूल्यांकन किया। प्रतिभागियों में सेलिना कुमारी, संगीता, साहिल, श्रेया, रुबीना, साइमा, रानी, राम जीवन, भवानी, अंशु एवं कृष्ण मुरारी शामिल थे। भाषण प्रतियोगिता में सेलिना कुमारी ने प्रथम स्थान, संगीता कुमारी ने द्वितीय स्थान तथा साहिल कुमार सिंह और श्रेया श्री ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं शिक्षकों ने ऐसी शैक्षणिक गतिविधियों को विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास, आलोचनात्मक चिंतन, संप्रेषण कौशल और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया और यह संदेश दिया कि डिजिटल युग में जिम्मेदार नागरिकता के लिए मीडिया साक्षरता, तथ्यपरक जानकारी और नैतिक विवेक अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन डॉ वीरेन्द्र कुमार मिश्रा, स्वागत डॉ नवीन कुमार सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ संकेत कुमार झा ने किया।

## पीएम सूर्य घर योजना के लंबित आवेदनों को निपटाने का निर्देश

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** डीएम रिची पांडेय की अध्यक्षता में कारगिल विजय सभा भवन में जिलास्तरीय समन्वय की बैठक सोमवार को हुई। जिसमें विकास योजनाओं, लोक सेवाओं और शिकायतों की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि पीएम सूर्य घर योजना में पिछले हफ्ते 213 आवेदन मिले, भगवानपुर, डंडारी, साहेबपुर कमाल में कम आवेदन पर जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य विभाग में 565 केंद्रों पर 6.93 लाख लोगों की जांच हुई, 12.33 लाख आयुष्मान कार्ड बने। शिक्षा में 6.16 लाख छात्रों में से 76.26% की अपार ऋक्ष बनी। टङ्घ्ष्ट के 2.14 लाख में से 1.70 लाख आवेदनों का निष्पादन हुआ।डीएम ने बाढ़ में क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत, लंबित दाखिल-खारिज, जनता दरबार के 1511 आवेदनों का शीघ्र निष्पादन और सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से पहुंचाने का निर्देश दिया।

## एक नजर

### मंडे मेगा क्विज का आयोजन

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के विद्यालयों में सोमवार को मंडे मेगा क्विज का आयोजन किया गया। इस दौरान क्लास 1 से 12 तक के छात्र-छात्राओं से सामान्य ज्ञान, विज्ञान, गणित और समसामयिक विषयों पर सवाल पूछे गए। बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। क्लास 1 व 2 का मौखिक परीक्षा ली गयी जबकि क्लास 3 से 12 तक के बच्चों ने लिखित परीक्षा दी। प्रधानाध्यापक रईस उद्दीन व अशोक कुमार सिंह ने बताया कि इस तरह की क्विज प्रतियोगिता से बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना और ज्ञान का विकास होता है।

### ओवरब्रिज निर्माण में शिथिलता पर डीएम नाराज

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** डीएम रिची पांडेय की अध्यक्षता में समाहरणालय में एनएचएआई और आईओसीएल के ओवर डायमेंशनल कंसाइनमेंट, सड़क स्थिति और यातायात व्यवस्था पर समीक्षा बैठक हुई। डीएम ने चकिया के पास निर्माणाधीन ओवरब्रिज में शिथिलता और सर्विस रोड की जर्जर स्थिति पर नाराजगी जताते हुए संवेदक को 2-3 दिन में सर्विस रोड दुरुस्त करने का निर्देश दिया, सुधार न होने पर कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन मांगा।कल्पवास मेला और दुर्गा पूजा में भीड़ को देखते हुए सुगम आवागमन के लिए कार्यों में तेजी लाने और आईओसीएल के ओडिसी को कल्पवास क्षेत्र से साइड करने का निर्देश दिया ताकि साधु-संतों और श्रद्धालुओं को असुविधा न हो। बैठक में एसपी मनीष, एसडीओ अश्विनी कुमार, डीएसपी सहित एनएचएआई और आईओसीएल के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### 1172 परिवारों को मिली 82.04 लाख की राशि

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले के बाढ़ प्रभावितों के लिए राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से डीबीटी के माध्यम से प्रति परिवार 7000 रुपये की अनुग्रहित राहत राशि ट्रांसफर । इसका लाइव प्रसारण एनआईसी बेगूसराय में हुआ। जिले में दूसरे चरण में 1172 परिवारों के खातों में कुल 82 लाख 4 हजार रुपये भेजे गए। कार्यक्रम में डीएम रिची पांडेय, अपर जिला आपदा पदाधिकारी और लाभार्थी मौजूद रहे। डीएम ने कहा राहत राशि त्वरित और पारदर्शी तरीके से पहुंचाना प्राथमिकता है। डीबीटी से सीधे खाते में सहायता मिलेगी। प्रशासन राहत-बचाव कार्यों के साथ सभी योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाने के लिए तत्पर है।

### दीपों से जगमगाया प्रखंड का दुर्गा मंदिर

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना हुई, शंख ध्वनि, मंत्रोच्चार और दुर्गा सप्तशती पाठ से माहौल भक्तिमय रहा। सुबह से मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। संध्या आरती में आस्था का सैलाब उमड़ा। एपीएस मैदान, पुरानी दुर्गा स्थान, वैष्णवी दुर्गा स्थान, गौरीपुर, वृंदावन, देवपुरा, छतौना, पीरनगर-गम्हरिया और सिसौनी में नवरात्र की धूम है, मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है।पंडित रतीश चंद्र पाठक ने बताया कि ब्रह्मचारिणी तपस्या, त्याग और संयम की प्रतीक हैं, जिनके हाथों में जपमाला और कमंडल है, इनकी आराधना से धैर्य और आत्मविश्वास बढ़ता है।

### आलू दुकान से चोरी

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बलिया थाना क्षेत्र के नगरपालिका पटेल चौक स्थित आलू दुकान में रविवार देर रात चोरों ने ताला तोड़कर गल्ले में रखे 4 लाख रुपये चुरा लिए। सूचना पर बलिया पुलिस ने जांच शुरू की है और सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

# अमिताभ बच्चन के जन्मदिन पर जीकेसी का सांस्कृतिक समारोह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस (जीकेसी) की कला-संस्कृति इकाई की ओर से अमिताभ बच्चन के जन्मदिन पर सांस्कृतिक समारोह आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न शहरों के कलाकारों ने गायन और वादन की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। प्रतिभागियों के बीच प्रतियोगिता भी हुई, जिसमें दोनों टीमें बराबरी पर रहीं।

जीकेसी के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि अमिताभ बच्चन ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और अनुशासन से भारतीय सिनेमा में विशिष्ट पहचान बनाई है। वहीं, मैनेजिंग ट्रस्टी रागिनी रंजन ने ऐसे आयोजनों को कलाकारों को प्रोत्साहित करने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया।

कार्यक्रम में शालिनी बैरागी, मृणालिनी अखौरी, जुबिन सिन्हा, कुमार संभव, स्तुति श्रीवास्तव, आशीष कुमार, अभिषेक माथुर और यश माथुर सहित अन्य कलाकारों ने प्रस्तुति दी। प्रेम कुमार और पवन सक्सेना ने आयोजन की सफलता पर सभी सहयोगियों के प्रति आभार जताया। शिवानी गौड़, नवीन श्रीवास्तव और आशुतोष ब्रजेश ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर जीकेसी के कई पदाधिकारी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# महाआरती बनी दुर्गा पूजा का मुख्य आकर्षण

## काशी के आचार्यों ने की मां दुर्गा की भव्य महाआरती, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**श्रद्धालुओं के बीच बांटा जा रहा महाप्रसाद**

**नावकोठी।** शंख ध्वनि, वैदिक मंत्रोच्चार और मां दुर्गा के भक्तिमय जयकारों से नावकोठी का वातावरण भक्तिमय हो उठा है। शारदीय नवरात्र के अवसर पर प्रखंड मुख्यालय स्थित नवयुवक वैष्णवी दुर्गा मंदिर, चांदनी चौक तथा एपीएस प्लस टू स्कूल नावकोठी के खेल मैदान के समीप दुर्गा पूजा समिति के बैनर तले भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। महाआरती में शामिल होने के लिए श्रद्धालु नर-नारियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पूरा पूजा पंडाल मां दुर्गा के भक्तों से खचाखच भरा रहा।महाआरती में देवाधिदेव महादेव की नगरी काशी से पहुंचे आचार्य शुभ शर्मा, आचार्य पुनीत पांडेय, आचार्य वेद प्रकाश मिश्र, आचार्य शिवांग और आचार्य आदर्श ने पारंपरिक विधि-विधान के साथ मां भगवती की आरती दोनो दुर्गा मंदिरों में की। इस दौरान 'जय अम्बे गौरी, मैया जय श्यामा गौरी' सहित अन्य देवी भजनों की मनमोहक प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। आरती की भव्यता और भक्तिमय वातावरण से पूरा क्षेत्र मां दुर्गा की भक्ति में सराबोर हो गया।पूजा समिति के अध्यक्ष संतोष जायसवाल और पंकज कुमार ने बताया कि शारदीय नवरात्र के अवसर पर महाआरती का आयोजन विजयादशमी तक किया जाएगा। मां की महाआरती इस पूजा स्थल का मुख्य आकर्षण बनी हुई है। आरती की मनोहारी झलक देखने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। महाआरती के उपरांत श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया जाता है।आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। मां दुर्गा के दर्शन और महाआरती में शामिल होने के लिए दूर-दराज के गांवों से भी लोग पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं का मानना है कि सच्चे मन से मां भगवती की आराधना करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।महाआरती के इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में प्रशांत कुमार, वीरेंद्र चौधरी, विकास कुमार, बृजनंदन चौधरी, मनोज कुमार पाठक, अनमोल कुमार सिंह, तरुण कुमार, कुमोद सिंह, बादशाह, रोहित कुमार उर्फ सोनू, सिकंदर सिंह, दीपक कुमार 'दिलकश' सहित ग्रामीणों का सराहनीय योगदान है।

# गोदाम निर्माण, पीएसीएस कम्प्यूटरीकरण में तेजी लाने का डीएम ने दिया निर्देश

## सहकारिता विभाग की समीक्षा




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** सोमवार को जिला सहकारिता विकास समिति की बैठक डीएम रिची पांडेय की अध्यक्षता में हुई। अन्न भंडारण योजना में बखरी के मोहनपुर, परिहारा और भगवानपुर के रसलपुर में 1000-1000 एमटी तथा नरहरिपुर में 2500 एमटी गोदाम निर्माण प्रस्तावित है।बैठक में बताया गया कि 217 पीएसीएस के लक्ष्य में 119 ई-पीएसीएस घोषित, 194 सीएससी के रूप में ऑनबोर्ड हैं और 1,317 लेन-देन से 16.80 लाख का कारोबार हुआ। 67 पीएसीएस को उर्वरक लाइसेंस और 22 को किसान समृद्धि केंद्र बनाया गया है। फसल सहायता योजना में खरीफ 2025 के 27,199 में से 30 और रबी के 894 में से 483 आवेदनों का सत्यापन हुआ। केंद्रीय सहकारी बैंक ने 94 बैंक मित्र नियुक्त कर 3400.55 लाख की वसूली की।डीएम ने भूमि आवंटन में तेजी, पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का फूंका पुतला



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** आयकर चौराहा पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अभयानंद झा के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया। यौन उत्पीड़न के आरोपी जेएनयू के प्रोफ़ेसर कांग्रेस सांसद बिमोल अकोइजम को संरक्षण देने के लिए राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया एवं राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे लगाए। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अभयानंद झा ने कहा की मई 2026 में जेएनयू की 11 छात्राओं द्वारा कांग्रेस सांसद डॉ. बिमोल अकोइजम के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायतें दर्ज कराने और 9 अक्टूबर को विश्वविद्यालय द्वारा उन्हें नौकरी से बर्खास्त किए जाने की खबरों ने गंभीर सवाल खड़े किए हैं। मीडिया रिपोर्टों में अनुचित टिप्पणियों और अवांछित शारीरिक संपर्क जैसे आरोप भी सामने आए हैं। उन्होंने राहुल गांधी जी पर सवाल उठाते हुए कहा कि महिला सम्मान पर बड़े बड़े दावे करने वाली कांग्रेस इन गंभीर आरोपों पर जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठा रही है। जब सवाल अपनी ही पार्टी के सांसद पर उठें, तो कांग्रेस और राहुल गांधी की जवाबदेही कहाँ चली जाती है। आखिर कांग्रेस और राहुल गांधी अपने इस सांसद पर लगे यौन दुराचार और भ्रष्टाचार के आरोपों पर चुप क्यों हैं। भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सपना भारती ने कहा की राहुल गांधी को उन बेटियों के लिए जवाब देना चाहिए, जो भारत के प्रसिद्ध विश्वविद्यालय में विश्वास के साथ आई थीं और आज उनके साथ कांग्रेस का सांसद ही यौन शोषण कर रहा है। ये बेटियां, जो आज असुरक्षित हैं, उसकी जिम्मेदार राहुल गांधी और उनकी पार्टी है। उन्होंने कहा कि एक तरफ पीएम नरेन्द्र मोदी, जो 'महिला आरक्षण' से महिलाओं का राजनीतिक प्रतिनिधित्व बढ़ा रहे हैं। दूसरी तरफ हैं राहुल गांधी, जो इसके लागू होने में भी अवरोध डालते हैं, एक चरित्रहीन और अपराधी को लोकसभा में स्थान भी देते हैं और अपने मौन के जरिए उन्हें संरक्षण भी देते हैं। उन्होंने पूछा कि राहुल गांधी जी, महिलाओं के सम्मान के सवाल पर आपकी चुप्पी कब टूटेगी। कार्यक्रम में जिला महामंत्री सुजीत मल्लिक, बालेंदु झा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुकेश महासेठ, मीना झा, अमरनाथ सिंह, गजेंद्र मंडल, सौरभ सुमन, संतोष झा, पिंटू भंडारी,रिंकू महथा, रेखा देवी मनीष अग्रवाल आदि थे।

**विधानपरिषद चुनाव की तैयारी की समीक्षा : भागलपुर।** बिहार विधान परिषद निर्वाचन की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय की अध्यक्षता में कोषांगों की समीक्षा बैठक हुई। इसमें निर्वाचन कार्यों की प्रगति, आवश्यक सामग्री की उपलब्धता और विधि-व्यवस्था की समीक्षा की गई।

# धूमधाम से मना बखरी अनुमंडल का 33वां स्थापना दिवस




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बखरी (बेगूसराय)।** बखरी अनुमंडल का 33वां स्थापना दिवस सोमवार को विभिन्न कार्यक्रमों के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर अनुमंडल प्रशासन की ओर से प्रभात फ़ेरी, विचार गोष्ठी और महिलाओं के बीच धोती-साड़ी वितरण सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में प्रशासनिक अधिकारियों अधिवक्ताओं सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय गणमान्य लोगों ने भाग लिया। स्थापना दिवस के अवसर पर सुबह अनुमंडल प्रशासन के नेतृत्व में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के सहयोग से प्रभात फ़ेरी निकाली गई। प्रभात फ़ेरी में एसडीएम सन्नी कुमार सौरव, एसडीपीओ कुंदन कुमार, बखरी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार यादव, सब इंस्पेक्टर विजेंद्र चौधरी, बीके राय, बीरबल ठाकुर, अधिवक्ता गौरव कुमार, निशांत वर्मा, प्रियांशु रघुवंशी, मंतोष यादव और विकास मिश्रा सहित दर्जनों लोग शामिल हुए। प्रभात फ़ेरी के माध्यम से अनुमंडल स्थापना दिवस के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। इसके बाद अनुमंडल सभागार में एसडीएम सन्नी कुमार सौरव की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें केक काटकर गया। गोष्ठी में एसडीपीओ कुंदन कुमार, सिधेश आर्य, जवाहर राय, प्रेम किशन मन्नू, अधिवक्ता गौरव कुमार और विनोद राम सहित अन्य वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने बखरी अनुमंडल की स्थापना, इसके विकास, उपलब्धियों और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की। वहीं, स्थापना दिवस के अवसर पर दोपहर में महिलाओं के बीच धोती-साड़ी का वितरण किया गया। इस पहल के माध्यम से जरूरतमंद महिलाओं को सम्मानित करने के साथ सामाजिक सरोकार का संदेश दिया गया। अनुमंडल के स्थापना दिवस पर आयोजित इन कार्यक्रमों के माध्यम से बखरी की ऐतिहासिक पहचान, सामाजिक एकजुटता और क्षेत्र के विकास के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया।

# छात्राओं को गुड टच-बैड टच की दी गई जानकारी

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के कन्या मध्य विद्यालय दहिया में सोमवार को 'पुलिस दीदी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में पुलिस दीदी अपर्णा भारती एवं प्रिया कुमारी ने विद्यालय पहुंचकर छात्राओं से सीधा संवाद स्थापित किया। उन्होंने छात्राओं को सुरक्षा, आत्मरक्षा और कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया।पुलिस दीदी ने छात्राओं को 'गुड टच और बैड टच' के बीच का फर्क बेहद सरल और सहज तरीके से समझाया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के अनुचित व्यवहार या असहज करने वाले स्पर्श को नजरअंदाज न करें। ऐसी किसी भी स्थिति में तुरंत अपने माता-पिता, शिक्षक या नजदीकी पुलिस को बेझिझक बताएं।इसके साथ ही छात्राओं को सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के बारे में भी जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर अज्ञात व्यक्ति से दोस्ती न करें, अपनी निजी तस्वीरें, पासवर्ड व ओटीपी किसी से साझा न करें। साइबर ठगी से बचने के उपायों के बारे में भी विस्तार से बताया गया।

**पूर्व रेलवे**

**एनआईटी सं.: 242_2026-27 एवं 243_2026-27, दिनांक: 09.10.2026, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नया मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, रेलवे म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101** द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: (वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के कार्यक्षेत्र के लिए)। **क्रम सं. 1, एनआईटी सं.: 242_2026-27, कार्य का विवरण** : हावड़ा मंडल: वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र में एईएन/बैण्डेल के तहत टीटीआर -108 सेट - टीटीआर (एफएस + टीडब्ल्यूएस + डब्ल्यूसीएमएससी) - 1 इन 12 = 82 सेट, टीटीआर (एफएस + टीडब्ल्यूएस + डब्ल्यूसीएमएससी) - 1 इन 8.5= 8 सेट, टीटीआर - डी-क्रॉसिंग = 4 सेट, टीटीआर - डीरेलिंग स्विच (1 इन 8.5) - 14 सेट। **अनुमानित मूल्य :** रु. 2,11,38,002.99, **बयाना राशि:** रु. 4,22,800/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 12 (बारह) माह। **क्रम सं. 2, एनआईटी सं.: 243_2026-27, कार्य का विवरण** : : हावड़ा मंडल: वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र में एईएन/लिलुआ के अधीन निम्नलिखित स्थानों में टीबीआर-37.203 टीकेएम - बीएलवाई - बीडीसी डाउन-डाउन 21.000-21.285 = 0.285 किमी, 21.457-21.580 = 0.123 किमी, 21.611-22.739 = 1.128 किमी, 23.550 -35.514=11.964 किमी, 35.964 - 38.000 =2.036 किमी, आरइवी लाइन 21.000 - 21.734=0.734 किमी, 22.110-22.757=0.647 किमी, 23.537-24.050=0.513 किमी, 28.000 - 28.700 = 0.700 किमी, 29.470-31.190=1.720 किमी, 33.020- 33.077 =0.057 किमी, 35.290-35.420 = 0.130 किमी, 35.940-36.595 = 0.655 किमी, 37.000 37.361 = 0.361 किमी, अप 16.480-16.610 = 0.130 किमी, 19.560-19.793 = 0.233 किमी, 21.000-21.480 = 0.480 किमी, 21.880 - 22.547 = 0.667 किमी, 23.555-26.110=2.555 किमी, 27.400-38.000=10.600 किमी बीएलवाई - एसकेजी डाउन कॉर्ड 8.660-9.050=0.390 किमी, एचडब्ल्यूएच-बीएलवाई अप कॉर्ड- 6.640-6.767=0.127 किमी, 6.790-6.870=0.080 किमी, 8.570-8.660 =0.090 किमी, एलएलएच-बीआरएमएच एसएल 5.721-5.960 = 0.239 किमी एसएचई- वीएसयू: एसएल 62.035-62.494 = 0.459 किमी, 69.100-69.200 =0.100 किमी. टीआरआर(पी) - 0.717 किमी निम्नलिखित स्थानों पर: बीएलवाई-एसकेजी :डाउन कॉर्ड 8.660-9.027=0.367 किमी; एचडब्ल्यूएच-बीएलवाई कॉर्ड: डाउन कॉर्ड 8.310 -8.660=0.35 किमी टीएसआर (पी)-2.68 टीकेएम निम्नलिखित स्थानों पर: बीएलवाई-बीडीसी: अप 25.01-29.17 = 4.16 किमी बीएलवाई-एसकेजी :डाउन कॉर्ड 8.66-10 = 1.34 किमी बीएलवाई-एसकेजी अप कॉर्ड 8.66-10=1.34 किमी एचडब्ल्यूएच- बीएलवाई कॉर्ड: डाउन कॉर्ड 6-8.66=2.66 किमी, अप कॉर्ड 6-8.66 = 2.66 किमी और टीटीआर- 47 सेट निम्नलिखित स्थानों पर- (एफएस + टीडब्ल्यूएस + डब्ल्यूसीएमएससी)- 1 इन 8.5-5 सेट, 1 इन 12-11 सेट, डी-क्रॉसिंग- 2 सेट, डीरेलिंग स्विच-29 सेट। **अनुमानित मूल्य :** रु. 2,76,30,004.32, **बयाना राशि:** रु. 5,52,600/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 12 (बारह) माह। माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 26.10.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps. gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान**-ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

HWH-385/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

**लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, शेरघाटी**

बिहार सरकार

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–05(R1)/2026-27/TW

(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, शेरघाटी।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि : दिनांक 08.10.2026
3. निविदा अपलोड करने की प्रारंभ तिथि : दिनांक 22.10.2026, 10:00 बजे पूर्वाह्न से। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
4. प्री–बिड मिटिंग का समय स्थान एवं तिथि : दिनांक 23.10.2026 को 01:00 बजे अपराहन में कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, शेरघाटी।
5. निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि : दिनांक 26.10.2026, 04:00 बजे अपराह्न तक। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
6. निविदा (तकनीकि बीड) खोलने की तिथि : दिनांक 26.10.2026 अपराह्न 04:30 बजे अपराह्न तक। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
7. कार्य विवरणी

| ग्रुप सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र मूल्य रूपये में | बेलट्रॉन का प्रोसेसिंग फीस + अन्य कर (अप्रत्यर्पणीय रूप में) | कार्य समाप्ति की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | 6 |
| GR-1 | (A) Construction of 125 mm X 45 M deep Gravel Packed T/W with IM II Hand Pump with platform and drain in place of old defunt / Ordinary HP in the SC/ST/Govt. School/Aganwadikendra water scarce areas. 11 Nos. (B) Construction of 125/115mm dia. X 60m deep DT I.M -II hand Pump with platform and drain in place of old defunt / Ordinary HP in the SC/ST/Govt. School/Aganwadikendra water scarce areas. 34 Nos (C) Construction of Soak Pit 1.0M diameter 2.0 meter deep with dry brick honey comb shaft with bricks of Class designation 100B for Handpumps. 45 Nos | 46.50 | 93,100.00 | 5000.00 | According to online Generated | 60 दिन |

8. वितीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : तकनीकी बीड निष्पादन के बाद समय एवं तिथि (वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर सूचित की जायेगी)
9. निविदा की वैधता की तिथि : निविदा खोलने की तिथि से 120 दिनों तक।

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना या अन्य शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर अथवा www.eproc2.bihar.gov.in वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
लोक स्वास्थ्य प्रमंडल शेरघाटी

PR- 013438 (PHED) 2026-27

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

# युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति : अभिलाषा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के कला एवं संस्कृति विभाग तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में नगर भवन में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव-2026 का उद्घाटन जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं। उनकी ऊर्जा, रचनात्मकता, प्रतिभा एवं नवाचार देश के उज्ज्वल भविष्य की नींव हैं। युवा उत्सव केवल एक प्रतियोगिता नहीं बल्कि युवाओं को अपनी कला प्रदर्शित करने, प्रतिभा को निखारने तथा अपनी पहचान स्थापित करने का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने कहा कि औरंगाबाद जिले में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है और ऐसे आयोजनों के माध्यम से युवाओं को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का उचित अवसर मिलता है। उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह ने कहा कि युवा उत्सव युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और भविष्य में बेहतर मुकाम हासिल करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस मंच से चयनित प्रतिभाएं राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर औरंगाबाद जिले का नाम रोशन करेंगी। कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित पदाधिकारियों, शिक्षकों, निर्णायक मंडल के सदस्यों एवं स्थानीय नागरिकों ने कलाकारों की प्रस्तुतियों का उत्साहपूर्वक आनंद लिया तथा उनका उत्साहवर्धन किया। युवा उत्सव ने जिले के उभरते कलाकारों को अपनी प्रतिभा पहचानने और भविष्य में उच्च स्तरीय मंचों पर अपनी पहचान स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। बिहार गीत के सामूहिक गायन के साथ उद्घाटन समारोह का समापन हुआ। इस अवसर पर सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# शिक्षा, उद्यमिता और युवा नेतृत्व से होगा विकास : राजीव प्रताप रूडी

## पेमा गांव में प्रतिमा का अनावरण और द्वार का उद्घाटन, प्रतिभा को अवसर देने पर पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह का जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी ने सोमवार को औरंगाबाद जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र के पेमा गांव में समाजसेवी मिथिलेश कुमार सिंह की प्रतिमा का अनावरण और मुन्द्रिका प्रसाद सिंह द्वार का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उन्होंने दिवंगत व्यक्तित्वों के सामाजिक योगदान को याद करते हुए शिक्षा, उद्यमिता और युवा नेतृत्व को विकास का आधार बताया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह, कुटुंबा विधायक ललन राम और बिहार राज्य नागरिक परिषद के उपाध्यक्ष अजय कुमार सिंह उपस्थित रहे। भाजपा के वरिष्ठ नेता गोपाल शरण सिंह और राकेश कुमार सिंह भी शामिल हुए। सभा की अध्यक्षता राकेश कुमार सिंह 'पप्पू' ने की, जबकि संचालन वरिष्ठ पत्रकार प्रेमेन्द्र मिश्र ने किया। आयोजन के मुख्य सूत्रधार कमलेश कुमार सिंह थे। रूडी ने स्व. मिथिलेश कुमार सिंह को क्षेत्र का समाजसेवी बताते हुए कहा कि उन्होंने पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए समाज में अपनी अलग पहचान बनाई। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों, पारिवारिक मूल्यों और सामाजिक योगदान से परिचित कराने का अवसर देते हैं। श्री रूडी ने कहा कि किसी व्यक्ति की सफलता केवल पद या राजनीतिक पहचान से तय नहीं होती, बल्कि शिक्षा, परिश्रम और आत्मनिर्भरता से बनती है। आने वाली पीढ़ी को बेहतर अवसर देने के लिए शिक्षा पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। युवाओं को नौकरी और राजनीति के साथ व्यवसाय एवं उद्यमिता के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने बेटियों की शिक्षा को परिवार और समाज की प्रगति का महत्वपूर्ण आधार बताया। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि प्रतिभाशाली युवाओं की पहचान कर उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देना समाज की जिम्मेदारी है। बिहार में आधारभूत संरचना, नए शहरों, हवाई अड्डों, रोजगार और आधुनिक तकनीक के क्षेत्र में विकास की संभावनाएं हैं। युवाओं को बदलते समय के अनुरूप शिक्षा और कौशल हासिल कर इन अवसरों का लाभ उठाना चाहिए। विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेवारी निभाने में औरंगाबाद के लोग आगे रहते हैं। आज का यह कार्यक्रम इसका बेहतर उदाहरण है। अपने संबोधन में रूडी ने छपरा स्थित सांसद कंट्रोल रूम का उल्लेख करते हुए बताया कि टोल-फ्री नंबर 18003456222 पर संपर्क कर लोग अपनी समस्याएं बता सकते हैं। अस्पताल में सहायता, दुर्घटना, बिजली, सड़क और अन्य जनसमस्याओं से संबंधित सूचनाओं पर यथासंभव मदद पहुंचाने का प्रयास किया जाता है। भाजपा के वरिष्ठ नेता गोपाल शरण सिंह ने कहा कि युवाओं को शिक्षा के साथ ही रोजगार पर भी फोकस करना चाहिए।

# घरों में चोरी करने वाले गिरोह का उद्भेदन, सात गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नवीनगर पुलिस ने रेकी करने के बाद घरों में चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में तेतरिया गांव से पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान रोहतास जिले के अमझोर थाना अंतर्गत चितैली गांव निवासी सन्नी कुमार, अकलेश खरवार, अंकित खरवार, छोटू खरवार, अमित खरवार, बिवेल कुमार एवं रूपाछता गांव निवासी पप्पू कुमार के रूप में की गई है। इनके पास से ताला तोड़ने का औजार, पेचकस और चार मोबाइल फोन बरामद किया गया है। यह पुलिस के लिए बड़ी सफलता मानी जा रही है। जानकारी के अनुसार ये सभी रविवार की रात थाना क्षेत्र के तेतरिया गांव के एक घर में घुस गए और चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे थे। इसी क्रम में गृहस्वामी बसंत कुमार की नींद खुल गई। इसके बाद बसंत ने शोर मचाकर ग्रामीणों को इकट्ठा किया और मौके पर सभी पकड़े गए। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। इसके बाद तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एक पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने गिरोह के सात लोगों को दबोच लिया। पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी बंद मकानों को निशाना बनाते हैं। ये लोग पहले इलाके की रेकी करते हैं और फिर मौका देखकर घरों के ताले तोड़कर अंदर घुस जाते हैं। इसके बाद नकदी, गहने और कीमती सामान चोरी कर फरार हो जाते हैं। चोरी के बाद सामान को आपस में बांट लेते या सस्ते दामों में बेच देते है। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि तेतरिया से एक घर में चोरी करते गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपितों ने कई अलग-अलग चोरी की वारदातों को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। आरोपितों के खिलाफ अलग-अलग थानों में पहले से ही केस दर्ज हैं। फ़िलहाल आरोपितों के सीडीआर जांच की जा रही है। इनकी गिरफ्तारी से चोरी की घटनाओं में कमी आने की उम्मीद है। आवश्यक कार्रवाई के बाद सभी को जेल भेज दिया गया।

# दुर्गा पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर प्रशासन सतर्क

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** दुर्गा पूजा के अवसर पर जिले में विधि-व्यवस्था संधारण, श्रद्धालुओं की सुरक्षा तथा शांतिपूर्ण वातावरण में पर्व संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार सोमवार को सदर अनुमंडल पदाधिकारी गौरव सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों द्वारा रफीगंज एवं मदनपुर क्षेत्र में विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पूजा पंडालों की व्यवस्थाओं के साथ-साथ प्रतिमा विसर्जन हेतु निर्धारित स्थलों, तालाबों एवं अन्य जलाशयों का भी जायजा लिया गया। इस दौरान पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, श्रद्धालुओं की सुविधा तथा विसर्जन के समय आवश्यक सतर्कता सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण से संबंधित स्थलों का निरीक्षण किया गया। जिला प्रशासन द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि दुर्गा पूजा के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा पर्व शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न हो सके। जिला प्रशासन आम नागरिकों से अपील करता है कि वे आगामी दुर्गा पूजा को शांति, सौहार्द एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाएं।

# जन्मजात विकृतियों से ग्रसित बच्चों का होगा मुफ्त इलाज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बच्चों को स्वस्थ एवं बेहतर भविष्य प्रदान करने के उद्देश्य से बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत कटे होंठ, कटे तालू एवं अन्य चिह्नित जन्मजात विकृतियों से ग्रसित बच्चों की पहचान कर उनके निःशुल्क उपचार एवं आवश्यक सर्जरी की व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि यदि किसी बच्चे में जन्म से कटे होंठ, तालू में छेद अथवा अन्य जन्मजात शारीरिक विकृति दिखाई दे, तो उसे छिपाने या उपचार में देरी करने के बजाय शीघ्र नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाएं। अभी जिले के दर्जनों बच्चों का उपचार कराया गया है। इस विषय में जानकारी देते हुए जिला कार्यक्रम प्रबंधक मो. अनवर आलम ने बताया कि जन्मजात विकृतियों की समय पर पहचान जरूरी है। कटे होंठ एवं कटे तालू ऐसी जन्मजात स्थितियां हैं, जिनका उचित चिकित्सकीय परामर्श और आवश्यक सर्जरी के माध्यम से उपचार संभव है। इन स्थितियों के कारण कुछ बच्चों को दूध पीने, भोजन करने, बोलने तथा सामान्य विकास में परेशानी हो सकती है। समय पर पहचान और उपचार से बच्चों के स्वास्थ्य, विकास एवं जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाया जा सकता है। 14 नवंबर तक राज्य में विशेष अभियान चलाकर अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज, गया में जिले के पीड़ित बच्चों के उपचार के लिए व्यवस्था की गई है। विदित हो कि ऊपरी होंठ में जन्म से कटाव या फांक, तालू में छेद या फांक, जन्म से मौजूद अन्य शारीरिक विकृतियां आदि के अलावा दूध पीने, भोजन करने या बोलने में परेशानी, विशेषकर कटे तालू से प्रभावित बच्चों के अभिभावकों को सलाह दी जाती है कि ऐसे लक्षण दिखाई देने पर बच्चे की जांच स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक से अवश्य जांच कराएं। औरंगाबाद जिले के अभिभावक अपने नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), रेफरल अस्पताल अथवा सदर अस्पताल में संपर्क कर सकते हैं।

# कार–बाइक की टक्कर में युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बारून थाना क्षेत्र के सनथुआ मोड़ के समीप तेज रफ्तार व अनियंत्रित नेक्सन कार की सीधी टक्कर से बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। मृतक की पहचान रोहतास जिले के नोखा थाना क्षेत्र के भिसरीडीह गांव निवासी 28 वर्षीय सरोज राठौर के रूप में की गयी। जानकारी के अनुसार सरोज राठौर बाइक से जा रहे थे। वे जैसे ही उस जगह पहुंचे तभी सामने से आ रही तेज गति से आ रही कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक दूर जा गिरी जिससे उसके परखच्चे उड़ गये। बाइक सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी होकर सड़क पर गिर पड़ा और अत्यधिक रक्तस्राव होने के कारण उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही राहगीरों व ग्रामीणों की भीड़ लग गयी। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना बारून पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचा और स्थिति को संभाला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। इस घटना के बाद से मृतक के परिजनों में शोक व्याप्त है। परिजनों ने जिला प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत की सूचना मिली है। दुर्घटना में शामिल नेक्सन कार को जब्त कर लिया है। पोस्टमार्टम के उपरांत शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# डाक टिकट संग्रह पर सेमिनार एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय डाक सप्ताह के अवसर पर औरंगाबाद डाक प्रमंडल द्वारा बच्चों में डाक विभाग के प्रति रुचि जागृत करने तथा डाक टिकटों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, इतिहास एवं विरासत की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से 12 अक्टूबर को फिलेटली (डाक टिकट संग्रह) विषय पर सेमिनार एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम औरंगाबाद स्थित लॉर्ड बुद्धा फाउंडेशन स्कूल एवं अंबिका पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ। दोनों विद्यालयों में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। क्विज प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने डाक विभाग, डाक टिकटों, भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्नों का उत्तर देकर अपनी प्रतिभा एवं ज्ञान का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के उपरांत दोनों विद्यालयों के सर्वश्रेष्ठ तीन समूहों को औरंगाबाद डाक प्रमंडल के डाक अधीक्षक प्रिय रंजन द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। लॉर्ड बुद्धा फाउंडेशन स्कूल के निदेशक सर्वेश कुमार ने विद्यार्थियों को डाक विभाग की उपयोगिता एवं समाज में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका से अवगत कराया तथा क्विज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बच्चों को बधाई दी। वहीं, अंबिका पब्लिक स्कूल के प्राचार्य उज्ज्वल रतन सिन्हा ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें इस प्रकार की ज्ञानवर्धक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डाक निरीक्षक रमन राज के नेतृत्व में कुंदन कुमार, श्रीराम प्रजापति, शैयद शफकत इजहार एवं बलराज सिंह द्वारा किया गया। दोनों विद्यालयों के शिक्षकों ने कार्यक्रम के आयोजन में भरपूर सहयोग प्रदान किया। इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को डाक टिकट संग्रह की उपयोगिता, भारतीय संस्कृति एवं ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण तथा डाक विभाग की सेवाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। बच्चों ने इस कार्यक्रम को ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताया। औरंगाबाद डाक प्रमंडल द्वारा आयोजित इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, ज्ञानार्जन एवं फिलेटली के प्रति रुचि विकसित करना तथा नई पीढ़ी को डाक विभाग की समृद्ध विरासत से जोड़ना है।

# ट्रक से 50 लाख का विदेशी शराब जब्त, चालक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** बिहार में शराबबंदी के बावजूद अंतरराज्यीय शराब तस्करी का बड़ा मामला सामने आया है। मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग की टीम ने सोमवार सुबह 8:15 बजे एनएच-139 स्थित एरका चेकपोस्ट पर कार्रवाई करते हुए 12 चक्का ट्रक से 14,880 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। शराब 1,380 कार्टूनों में छिपाकर लाई जा रही थी। मामले में ट्रक चालक को गिरफ्तार किया गया है। चालक की पहचान उड़ीसा के जगतसिंहपुर निवासी पप्पू मल्लिक के रूप में हुई है। विभाग के अनुसार जब्त शराब की कीमत लगभग 50 लाख रुपये आंकी जा रही है। उत्पाद अधीक्षक मनोज राय के निर्देश पर एसआई प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में चेकपोस्ट पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान झारखंड की ओर से आ रहे एक संदिग्ध ट्रक को रोककर तलाशी ली गई। जांच में ट्रक से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद हुई। इसके बाद ट्रक को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया गया। उत्पाद अधीक्षक मनोज राय ने बताया कि गिरफ्तार चालक मूल रूप से ओड़िशा का निवासी है। पूछताछ में उसने खुलासा किया कि वह मध्य प्रदेश के इंदौर से शराब की खेप लेकर चला था। योजना के अनुसार बिहार सीमा में प्रवेश करने के बाद फोन के माध्यम से संपर्क कर शराब की डिलीवरी स्थानीय कारोबारियों को देनी थी। हालांकि उत्पाद विभाग की सतर्कता से तस्करी की इस खेप को पकड़ लिया गया।

# जयप्रकाश सांस्कृतिक भवन में जयंती पर याद किए गए जेपी

## ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस ने जेपी के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** लोकनायक जयप्रकाश नारायण की 124वीं जयंती के अवसर पर शहर के कर्मा रोड स्थित जय प्रकाश सांस्कृतिक भवन में उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया। इस अवसर पर ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस के पदाधिकारियों ने लोकनायक के व्यक्तित्व, कृतित्व और देश के सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता कमल किशोर, महासचिव अजय कुमार वर्मा, अजय कुमार श्रीवास्तव, राजू रंजन सिन्हा, राजेश कुमार सिन्हा, दीपक सिन्हा, गणेश प्रसाद लाल और संजय सिन्हा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता कमल किशोर ने कहा कि लोकनायक जय प्रकाश नारायण भारतीय राजनीति और सामाजिक आंदोलनों के प्रमुख व्यक्तित्वों में शामिल रहे। उनके विचारों ने देश के युवाओं को सामाजिक एवं राजनीतिक बदलाव के लिए प्रेरित किया। वे सत्ता से अधिक जनहित को महत्व देने और समाज में नैतिकता एवं पारदर्शिता स्थापित करने के पक्षधर थे।

# हत्या सहित अन्य मामलों में 31 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक उपेंद्र कुमार वर्मा के निर्देश पर रविवार की देर रात जिले में विधि-व्यवस्था सुदृढ़ करने और अपराध नियंत्रण को लेकर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अवैध हथियार, मादक पदार्थ और अन्य अवैध सामग्रियों की तस्करी पर रोक लगाने के साथ संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों पर विशेष नजर रखी गई। साथ ही विभिन्न थाना क्षेत्रों से 31 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 16 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जानकारी के अनुसार, हत्या के शीर्ष में एक, हत्या प्रयास में दो, मद्य निषेध अधिनियम के तहत छह तथा अन्य मामलों में 22 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 30 लीटर देसी शराब, 1680 लीटर स्पिरिट, तीन बाइक एवं एक कार बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1465 वाहनों की जांच की गई जिसमें 100500 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अपराध नियंत्रण और जनसुरक्षा के लिए पुलिस की सक्रियता के साथ विभिन्न इकाइयों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

# दो किशोरों का सामुदायिक सेवा का आदेश

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** किशोर न्याय परिषद, औरंगाबाद के प्रधान दंडाधिकारी सह एसीजेएम सुशील प्रसाद सिंह ने अलग-अलग कांडों में सुनवाई करते हुए दो विधि विरूद्ध किशोर को एक-एक माह सामुदायिक सेवा करने का आदेश जारी किया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि ओबरा थाना के एक कांड में आरोपित विधि विरूद्ध किशोर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ओबरा में सामुदायिक सेवा करने का आदेश जारी किया है। इसके अलावा उत्पाद थाना में दर्ज कांड में विधि विरूद्ध किशोर को एक माह दाउदनगर के सामुदायिक सेवा अनुमंडलीय अस्पताल में सेवा का आदेश जारी किया है।




# बाल विवाह का विरोध करने वाली पांच छात्राएं सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर समाहरणालय सभाकक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा संवाद कार्यक्रम तथा बाल विवाह के विरुद्ध आवाज उठाने वाली पांच छात्राएं सम्मानित की गई। कार्यक्रम में बालिकाओं के अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता एवं नेतृत्व क्षमता का विकास पर जोर दिया गया। संवाद कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने बालिकाओं से सीधे संवाद करते हुए उनके स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, सुरक्षा तथा भविष्य की आकांक्षाओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उन्होंने बाल विवाह एवं दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा शिक्षा के माध्यम से अपने भविष्य को सशक्त बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बालिकाओं को समान अवसर, सुरक्षित वातावरण एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण मदनपुर प्रखंड की पांच बालिकाओं का सम्मान रहा। इन बालिकाओं ने बाल विवाह के विरुद्ध साहसपूर्वक आवाज उठाई तथा सामाजिक दबावों का सामना करते हुए अपनी शादी रुकवाने में सफलता प्राप्त की। उन्होंने विवाह के बजाय आगे की पढ़ाई जारी रखने की इच्छा व्यक्त की। उनके इस साहसिक कदम, शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता एवं बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के विरुद्ध दृढ़ता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उन्हें कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दीप ज्योति के कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। इससे पूर्व 11 अक्टूबर को महिला एवं बाल विकास निगम तथा जिला प्रशासन, औरंगाबाद के सौजन्य से अंबेडकर आवासीय विद्यालय, कुशी में विद्यालय की बालिकाओं के लिए विभिन्न रचनात्मक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी तथा महिला एवं बाल विकास निगम के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर आयोजित इन कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में बालिकाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने, उनके अधिकारों के संरक्षण, बाल विवाह एवं दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों के उन्मूलन तथा बालिकाओं को शिक्षित, आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने का संदेश दिया गया। जिला प्रशासन बालिकाओं के सर्वांगीण विकास, सुरक्षित भविष्य एवं समान अवसर सुनिश्चित करने की दिशा में प्रतिबद्ध है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक – कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269